नौर्स देशों की दंत कथाऐं

चयन और अनुवाद
सुषमा गुप्ता

2022

Cover Title : Norse Deshon Ki Dant Kathayen (Norse Myths)
Cover Page picture: Loki
Published Under the Auspices of Akhil Bhartiya Sahityalok

E-Mail: hindifolktales@gmail.com
Website: www.sushmajee.com/folktales/index-folktales.htm

Map of Norse Countries

विंडसर, कैनेडा

2022

Contents

देश विदेश की लोक कथाऐं

लोक कथाऐं किसी भी समाज की संस्कृति का एक अटूट हिस्सा होती हैं। ये संसार को उस समाज के बारे में बताती हैं जिसकी वे लोक कथाऐं हैं। आज से बहुत साल पहले, करीब **100** साल पहले, ये लोक कथाऐं केवल ज़बानी ही कही जातीं थीं और कह सुन कर ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को दी जाती थीं इसलिये किसी भी लोक कथा का मूल रूप क्या रहा होगा यह कहना मुश्किल है।

आज हम ऐसी ही कुछ अंग्रेजी और कुछ दूसरी भाषा बोलने वाले देशों की लोक कथाऐं अपने हिन्दी भाषा बोलने वाले समाज तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से बहुत सारी लोक कथाऐं हमने अंग्रेजी की किताबों से, कुछ विश्वविद्यालयों में दी गयी थीसेज़ से, और कुछ पत्रिकाओं से ली हैं और कुछ लोगों से सुन कर भी लिखी हैं। अब तक **2500** से अधिक लोक कथाऐं हिन्दी में लिखी जा चुकी हैं। इनमें से **550** से भी अधिक लोक कथाऐं तो केवल अफ्रीका के देशों की ही हैं।

इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये सब लोक कथाऐं हर वह आदमी पढ़ सके जो थोड़ी सी भी हिन्दी पढ़ना जानता हो और उसे समझता हो। ये कथाऐं यहाँ तो सरल भाषा में लिखी गयी है पर इनको हिन्दी में लिखने में कई समस्याऐं आयी है जिनमें से दो समस्याऐं मुख्य हैं।

एक तो यह कि करीब करीब **95** प्रतिशत विदेशी नामों को हिन्दी में लिखना बहुत मुश्किल है चाहे वे आदमियों के हों या फिर जगहों के। दूसरे उनका उच्चारण भी बहुत ही अलग तरीके का होता है। कोई कुछ बोलता है तो कोई कुछ। इसको साफ करने के लिये इस सीरीज़ की सब किताबों में फुटनोट्स में उनको अंग्रेजी में लिख दिया गया हैं ताकि कोई भी उनको अंग्रेजी के शब्दों की सहायता से कहीं भी खोज सके। इसके अलावा और भी बहुत सारे शब्द जो हमारे भारत के लोगों के लिये नये हैं उनको भी फुटनोट्स और चित्रों द्वारा समझाया गया है।

ये सब कथाऐं "देश विदेश की लोक कथाऐं" और "लोक कथाओं की क्लासिक पुस्तकें" नाम की सीरीज के अन्तर्गत छापी जा रही हैं। ये लोक कथाऐं आप सबका मनोरंजन तो करेंगी ही साथ में दूसरे देशों की संस्कृति के बारे में भी जानकारी देंगी। आशा है कि हिन्दी साहित्य जगत में इनका भव्य स्वागत होगा।

सुषमा गुप्ता
2022

नौर्स देशों की दंत कथाऐं

बच्चो, तुम लोगों ने फिल्म थोर तो देखी होगी, शायद ऐवैन्जर्स भी देखी होगी। हो सकता है कि तुममें से कुछ ने स्माइट खेल भी खेला हो।[1] उनमें तुमने लोकी को देखा होगा। वह हमेशा ही कुछ न कुछ शरारत करता रहता है। लोकी नौर्स या नौरडिक या स्कैन्डिनैवियन देशों की दंत कथाओं का एक मुख्य देवता है।

नौर्स या नौरडिक या स्कैन्डिनैवियन देश यूरोप के सुदूर उत्तरी भाग में स्थित देशों में आते हैं। इनमें पॉच देश शामिल हैं – डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नौर्वे और स्वीडन।[2] इस तरह यह कोई एक देश नहीं है बल्कि यह एक अपना अलग ही भौगोलिक और सांस्कृतिक क्षेत्र है। यह यूरोप के शेष देशों से संस्कृति में भी बहुत अलग है।

नौर्स देशों में से डेनमार्क नौर्वे और स्वीडन की कुछ लोक कथाऐं हम पहले ही प्रकाशित कर चुके हैं। इन सब देशों की लोक कथाऐं अलग हैं दन्त कथाऐं अलग हैं। इस पुस्तक में हम नौर्स देशों की कुछ दंत कथाऐं दे रहे हैं। सामान्यतया ये सब कथाऐं लोकी, फ्रेया, ओडिन, थोर, बलडूर आदि से सम्बन्धित हैं। यह पुस्तक तीन भागों में बॅटी हुई है। इसके पहले भाग में लोकी के बारे में कुछ बताया गया है फिर उसकी कई कथाऐं दी गयी हैं। यह इनकी दंत कथाओं का मुख्य चरित्र है। इसके दूसरे भाग में फ्रेया और ओडिन की कुछ कथाऐं दी गयी हैं। इसके तीसरे भाग में पहले दो भागों की कहानियों से सम्बन्धित वस्तुओं के बारे में कुछ सूचना दी गयी है। हालॉकि इन सब चरित्रों के बारे में और भी कई दंत कथाऐं हैं पर यहॉ उनकी कुछ मुख्य कथाऐं ही दी जा रही हैं।

नौर्स देशों की ऐसी दंत कथाऐं दो पुस्तकों में मिलती हैं — Prose Edda, और Poetic Edda. ये दोनों पुस्तकें तेरहवीं शताब्दी में लिखी गयी थीं और ये ही इनका ठीक स्रोत भी हैं। नौर्स देशों की दंत कथाओं में आये हुए बहुत सारे शब्द तो उसी पृष्ठ पर नीचे फुटनोट्स में समझाये गये हैं फिर भी अगर उनके बारे में और ज़्यादा विस्तार में पढ़ना चाहो तो नीचे लिखी वेबसाइट पर जा कर पढ़े जा सकते हैं —
http://sushmajee.com/folktales/characters/scandinavian.htm

तुम लोगों को ये कथाऐं कुछ नयी सी तो लगेंगी पर हमें आशा ही नहीं विश्वास है कि तुम लोगों को ये कथाऐं पसन्द भी बहुत आयेंगीं और नौर्स देशों के दंत साहित्य के बारे में कुछ बतायेंगी। नौर्स देवताओं के बारे में कुछ फिल्में भी बनी हैं। इनके नाम भी इस पुस्तक के अन्त में दिये गये हैं।

इससे पहले हमने जो "नौर्स देशों की लोक कथाऐं" के तीन संकलन[3] प्रकाशित किये हैं – डेनमार्क की लोक कथाऐं, नौर्वे की लोक कथाऐं और स्वीडन की लोक कथाऐं जिनमें वहॉ की कई लोक कथाऐं दी गयी हैं आप सबने वे भी पढ़ी होंगी और आपको पसन्द आयी होंगी। उसी तरह से यह पुस्तक भी आपको पसन्द आयेगी। दंत कथाओं की हमने दो पुस्तकें और प्रकाशित की हैं – "चीन की दंत कथाऐं" और "अमेरिका की हायडा जाति के विश्वास"।

---

[1] Thor, Avengers movies and Smite game

[2] Nordic or Norse or Scandinavian countries are a geographical area in the far North of Europe. It consists of five countries – Denmark, Finland, Iceland, Norway and Sweden.

[3] "Denmark Ki Lok Kathayen", "Norway Ki Lok Kathayen" and "Sweden Ki Lok Kathayen" – all written by Sushma Gupta in Hindi language.

नौर्स देशों की दंत कथाऐं–पहला भाग

लोकी 1–11

Loki

1 लोकी कौन है?[4]

लोकी नौर्स देशों के लोगों का एक बहुत ही मुख्य देवता और शैतान[5] दोनों ही है। शुरू शुरू में लोकी आग और भट्टी का स्वरूप था पर बाद में वह एक शैतान बन गया।

कुछ और लोगों का कहना है कि वह पहले से ही शैतान था क्योंकि इसके माता पिता दोनों ही बड़े साइज़ के लोग[6] थे। यह फ़ारबौटी और लौफी[7] का बेटा है और हैलब्लिन्डर और बाइलिस्टर[8] का भाई है।

इसके दो बेटे हैं जो बहुत डरावने[9] हैं – इसका एक बेटा तो फ़ैनरिर[10] भेड़िया है जो बाद में ओडिन[11] को निगल लेगा और इसका दूसरा बेटा डरावना जोरमन्गैन्डर[12] सॉप है जो रैगनारौक[13] के समय

[4] Who is Loki – introduction to the Trickster of Norse Myths – much of this material is adapted from several Web Sites. http://mythology.wikia.com/wiki/Loki

[5] Demon or Jotunn

[6] Translated for the word "Giants"

[7] Farbauti and Laufey are the parents of Loki.

[8] Helblinder and Bylister are the brothers of Loki

[9] Translated for the word "Monsters"

[10] Fenrir wolf – son of Loki

[11] Odin – the Great Norse god, Thor's father

[12] Monster Jormangandr serpent is another son of Loki.

[13] Ragnarok - the doom of the gods. According to the prophecy the end of the world would follow a severe ice age, in which human civilization would be destroyed. Then the gods of Asgard, led by Odin, would clash with the devastating forces of evil and chaos, led by Loki and the giants. After a fierce battle the universe itself would be destroyed by fire and a new golden age would appear, ruled by the surviving gods, including Baldur (son of Odin and Freya).

थोर[14] को जहर में डुबो देगा। इसकी एक बेटी भी है – डरावनी हीला[15] जो निफ्लहीम[16] में मरे हुए लोगों के घर पर राज करती है। यह अपने मेहमानों का स्वागत उनको पेशाब भरे सींग दे कर करती है।

लोकी देखने में बहुत खुशमिजाज और सुन्दर है पर स्वभाव और व्यवहार में बहुत नीच है। किसी भी काम को करने के लिये वह कोई भी चालाकी करने से बाज़ नहीं आता।

यह ओडिन[17] का सौतेला भाई है। यह चालाक है, अपनी शक्ल बदल सकता है, जैसे सैमौन और सील मछली में, घोड़ी में, मक्खी में, बुढ़िया में आदि आदि। झूठ बोलने और धोखा देने में यह बहुत होशियार है।

यह बलडूर को मारने के बाद ऐसिर के घर से जाते समय सैमौन मछली का रूप रख लेता है।[18] जब इसको आसगार्ड[19] की दीवार बनाने को रोकना था तब यह घोड़ी का रूप रख कर उस राज[20] के घोड़े को मोहित कर के राज से दूर ले गया था ताकि वह समय पर दीवार पूरी न कर सके।

---

[14] Thor – Odin's son

[15] Monster Hel (Hela) – pronounced as Heelaa

[16] Niflheim – is the place where dead people go after their death.

[17] Odin – a good Norse god, half brother of Loki

[18] Baldur is the son of Odin and Freya thus he is Loki's half brother's son and Aejir (pronounced as Asir) is the god of Sea.

[19] Asgard – pronounced as Aasgaard – the world where gods live

[20] Translated for the word "Mason" who builds buildings.

जब दोनों बौने भाई ब्रौक और ईट्री[21] लोकी के लिये सूअर, ॲगूठी और हथौड़ा बना रहे थे तब इसने मक्खी का रूप रख कर ब्रौक को काटा था। इसके अलावा जब यह फ्रेया[22] का हार चुराने जाता है तब भी यह मक्खी का ही रूप रख कर उसको काटता है।

जब इसको बलडूर को मारना था तब यह एक बुढ़िया का रूप रख कर बलडूर की मॉ फ्रेया से उसके बारे में मालूम करने के लिये गया था।

लोकी क्योंकि ओडिन का सौतेला भाई है इसलिये ऐसिर देवताओं[23] की कहानियों का एक मुख्य चरित्र है और यह इन देवताओं में अपने किस्म का एक अकेला ही देवता है। हर कहानी में यह अपना चरित्र बदल लेता है।

कभी यह धोखा देने वाला होता है और इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता पर बहुत सारे मौकों पर यह सहायता भी करता है जैसे आसगार्ड की दीवारें दोबारा बनाने की कहानी में।

और भी इसकी ऐसी कई कहानियॉ हैं जिनमें यह देवताओं की सहायता करता है।

कभी कभी यह चालाक देवता[24] भी कहलाता है। अपने झूठ बोलने और भेद खोलने की आदत की वजह से यह देवताओं में

[21] Brokk and Eitri – two dwarf brothers

[22] Freya or Freyja is the wife of Odin. Odin is the half brother of Loki.

[23] There are two types of Devtaa – Aejir (pronounced as Asir) and Vanir

[24] Trickster god

हमेशा लड़ाई कराता रहता है जैसे कि फ़्रेया के गले के हार वाली कहानी में। बाद में फिर यह ठीक हो जाता है जैसे कि जब यह सिफ़[25] के सुनहरी बाल काटता है।

क्योंकि यह देवताओं को बहुत तंग करता है तो जब भी कभी इसको कोई सजा मिलती है तो देवता लोग बहुत खुश होते हैं। शायद इसी लिये यह देवताओं को फिर और तंग करता है।

आखीर में लोकी अपने सौतेले भाई ओडिन के बेटे बलडूर को मारता है जो देवताओं में बहुत अक्लमन्द है। बलडूर को मारने के बाद से इसका देवताओं के साथ सम्बन्ध खत्म हो जाता है।

उसी को मारने की सजा भुगतने के लिये वह एक गुफा में बन्द कर दिया जाता है। वहाँ वह अपने भेड़िये[26] बेटे की आँतों से एक चट्टान से बाँध दिया जाता है। जैसे ही उसको उस भेड़िये की आँतों से बाँधा जाता है वे आँतें लोहे की जंजीरों में बदल जाती हैं और वहाँ वह उस चट्टान से कस कर बँध जाता है।

बाद में उसके ऊपर एक जहरीला साँप लटका दिया गया जिससे उसके चेहरे पर बूँद बूँद कर के जहर टपक रहा है। लोकी की वफादार पत्नी सिगु[27] उस गिरते हुए जहर को एक कटोरे में इकट्ठा कर रही

[25] Sif – the wife of Odin. Her hair is golden.

[26] He has two sons – Fenrir the wolf and Jormungander the serpent. Later they both became wolves and died fighting with each other.

[27] Sigou – wife of Loki

है ताकि वह जहर लोकी को कोई नुकसान न पहुँचा सके। जब जहर का वह कटोरा भर जाता है तो वह उसको वहीं पहाड़ की घाटी में खाली कर आती है।

जब वह जहर का कटोरा खाली करने जाती है उस बीच में लोकी को देखने वाला कोई नहीं होता सो उस साँप का जहर लोकी के चेहरे पर छपाक छपाक कर के गिरता रहता है।

उन पलों में कभी वह अपने कन्धे उचका कर और कभी कुछ सिकुड़ कर अपने आपको उस जहर से बचाता रहता है। उसके इस कन्धे उचकाने और सिकोड़ने से पृथ्वी हिल जाती है और भूचाल आ जाता है ऐसा नौर्स देशों के लोगों का मानना है।

उस गुफा में वह तब तक बँधा रहेगा जब तक कि रैग्नारोक[28] का समय नहीं आता। तब वह बहुत बड़े बड़े और भयानक लोगों[29] को ले कर देवताओं से लड़ने जायेगा।

[28] Ragnarok - The doom of the gods. According to the Norse prophecy the end of the world would follow a severe ice age, in which human civilization would be destroyed. Then the gods of Asgard, led by Odin, would clash with the devastating forces of evil and chaos, led by Loki and the giants. After a fierce battle the universe itself would be destroyed by fire and a new golden age would appear, ruled by the surviving gods, including Baldur.

[29] Giants and Monsters

2 लोकी और आसगार्ड की दीवार[30]

यह तब की बात है जब देवता आसगार्ड में बसने के लिये आये ही आये थे। उस समय उनको अपने शहर को सुरक्षित रखने के लिये शहर के चारों तरफ एक दीवार बनवानी थी।

ऐसा कहा जाता है कि जब एक बड़े साइज़ के राज[31] को आसगार्ड की दीवार बनाने के लिये बुलाया गया तो उसने उस काम की बहुत बड़ी कीमत माँगी। उसने सूरज माँगा, चाँद माँगा और फ्रेया[32] को अपनी पत्नी बनाने के लिये माँगा।

लोकी को यह सब कुछ सुन कर बहुत बुरा लगा तो उसने उस राज[33] से दूसरे तरीके से सौदा किया। उसने उसको यह दीवार बनाने के लिये केवल तीन मौसम का समय दिया और उससे कहा कि यदि तुम तीन मौसमों में बिना किसी दूसरे आदमी की सहायता के यह दीवार नहीं बना पाये तो तुमको कुछ नहीं मिलेगा।

सब देवता यह सोच कर इस बात पर राजी हो गये कि वह वह दीवार तीन मौसमों में कभी नहीं बना पायेगा और इसी लिये उनको लोकी का यह विचार कभी फेल होने वाला भी नहीं लगा।

[30] Asgard's Wall – Adapted from the Web Site : http://mythology.wikia.com/wiki/Loki
[31] Giant mason – mason builds buildings
[32] Freya was the wife of Odin. Odin is the half brother of Loki.
[33] Translated for the word "Mason" – who builds buildings

पर फ्रेया इस बात पर राजी नहीं थी क्योंकि इस सौदे में तो उसका अपना सौदा भी शामिल था।

पर वह राज भी बहुत चतुर था। उसने लोकी को इस बात पर राजी कर लिया कि ठीक है वह किसी आदमी की सहायता तो नहीं लेगा पर वह अपने एक वफादार घोड़े स्वाडिलफ़ारी[34] की सहायता तो ले ही सकता था।

लोकी को उस राज के घोड़े के बारे में कुछ पता नहीं था कि उसकी क्या खासियत है सो वह उसकी इस बात पर राजी हो गया।

इस राज का यह स्वाडिलफ़ारी घोड़ा बहुत अच्छा था। वह राज के लिये उस राज के मुकाबले में दोगुनी तेज़ी से काम करता था और बहुत बड़े बड़े पत्थर बात की बात में ले आता था।

इससे देवताओं को लगा कि वह बड़े साइज़ का आदमी[35] राज और उसका वह होशियार घोड़ा तो निश्चित समय से पहले ही और बल्कि बहुत जल्दी ही वह दीवार बना लेंगे।

और ऐसा ही हुआ। उस राज ने तीन मौसमों के खत्म होने के तीन दिन पहले ही वह दीवार बना कर करीब करीब खत्म कर दी। यह देख कर सारे देवता मिल कर लोकी के पास गये।

उन्होंने लोकी से कहा कि वह राज तो आसगार्ड की दीवार तीन मौसमों से तीन दिन पहले ही बना लेने वाला है और अगर उस राज

---

[34] Svadilfari – the name of the horse of the mason. He helped the mason in buiding Asgard's wall by bringing huge rocks in moments.

[35] Translated for the word "Giant"

ने वह दीवार तीन मौसमों से पहले बना ली तो वह लोकी को मार देंगे।

लोकी को लगा कि अपनी जान बचाने के लिये उसको इस दीवार को बनने से रोकने की कोई न कोई तरकीब निकालनी ही पड़ेगी। क्योंकि अगर उसने नियत समय से पहले उस दीवार को पूरा न होने की कोई तरकीब नहीं निकाली तो उसकी तो अपनी मौत ही निश्चित है।

यह सोच कर लोकी ने एक बहुत ही सुन्दर घोड़ी का रूप रखा और राज के घोड़े के रास्ते में जा कर खड़ा हो गया। सो उस रात जब वह राज अपने घोड़े के साथ पत्थर लाने के लिये गया तो उसके घोड़े को रास्ते में खड़ी एक सुन्दर सी घोड़ी दिखायी दे गयी।

यह घोड़ी लोकी थी। उसने अपने आपको बचाने के लिये ही इस जवान घोड़ी का रूप रखा था सो वह राज के स्वाडिलफ़ारी घोड़े को आकर्षित कर के उसको उसके मालिक से हटा कर दूर ले गया।

सारी रात बड़े साइज़ के राज का वह घोड़ा उस घोड़ी के पीछे पीछे भागता रहा और इस तरह दीवार बनाने का काम बीच में ही रुक गया। वह राज अपना काम निश्चित समय में पूरा नहीं कर सका और लोकी की जान बच गयी।

जब ऐसिर देवताओं[36] को यह पता चला कि वह राज एक बड़े साइज़ का आदमी है तो उन्होंने उससे अपना पुराना सौदा तोड़ दिया

[36] There are two types of Devtaa – Aejir (pronounced as Asir) and Vanir

और थोर के पास गये। थोर ने वहॉ आ कर उसको अपने जौलनिर हथौड़े[37] से मार दिया।

उधर स्वाडिलफ़ारी घोड़े और घोड़ी का रूप रखे लोकी से जो बच्चा पैदा हुआ वह एक आठ टॉग वाला घोड़ा था जो ओडिन[38] ने ले लिया। उसका नाम था स्लीपनिर[39]। यह घोड़ा देवताओं और आदमियों के पास जितने भी घोड़े थे उन सबमें अच्छा था।

[37] Mjolnir hammer is the special weapon of Thor – the God of Thunder

[38] Odin – a good Norse god

[39] Sleipnir – an 8-legged horse owned by Odin, the good god. He was born from Swadilfari horse of the giant mason and the mare Loki.

3 लोकी, थोर और स्काइमीर

एक बार थोर[40] और लोकी थोर के रथ में जिसको दो बकरे खींचते थे कहीं जा रहे थे कि रात को रुकने के लिये वे एक किसान के घर में रुके।

वहाँ थोर ने अपने रथ के बकरे मारे, उनको खाने के लिये तैयार किया और एक बर्तन में रख लिया और थोर और लोकी दोनों खाना खाने बैठे।[41]

थोर ने उस किसान परिवार को भी अपने साथ खाना खाने के लिये बुला लिया सो वे लोग भी उनके साथ खाना के लिये बैठ गये। थोर ने उनको चेतावनी दी कि वह उस खाने में से उनकी हड्डियाँ न तोड़ें।

लोकी को शरारत सूझी सो लोकी ने उस किसान के बेटे थाल्फ़ी[42] से कहा कि वह एक बकरे की हड्डी का रस चूस ले। उसने ऐसा ही किया।

सो अगले दिन सवेरे जब थोर अपने बकरों को फिर से ज़िन्दा करने लगा तो उसका एक बकरा लंगड़ा निकला।

---

[40] Thor is the God of Thunder. It was a routine in gods' land that Thor used to kill animals for his food in the evening and bring them to life next day morning.

[41] As Thor used to kill his animals for food and next day he would bring them alive, for this he needed their bones unhurt.

[42] Thalfi – the son the farmer

किसान परिवार यह देख कर डर गया और इस डर की वजह से उसने अपना बेटा थाल्फ़ी और बेटी रोस्क्वा[43] थोर को दे दिये। थोर ने वे बकरे वहीं छोड़ दिये और उस किसान के उन दोनों बच्चों को अपना नौकर बना कर वहाँ से चल दिया।

थोर, लोकी और दोनों बच्चे चलते चलते जोटुनहीमर[44] के एक जंगल में आ गये। वहाँ वे रात गये तक चलते रहे।

पर जब रात हो गयी तो रात को उनको ठहरने के लिये कोई जगह चाहिये थी तो उनको एक बहुत बड़ा मकान दिखायी दे गया। उसमें वे एक तरफ के एक कमरे में ठहर गये पर रात को उनको अक्सर भूचाल सा आता लगता रहा।

वह भूचाल सिवाय थोर के सबको परेशान करता रहा। थोर ने अपनी रक्षा के लिये अपना हथौड़ा निकाल लिया।

बाद में पता चला कि वह मकान तो स्क्राइमीर[45] का एक दस्ताना था और वह स्क्राइमीर वहाँ सारी रात खर्राटे मारता रहा। और उन लोगों को ऐसा लगता रहा जैसे वहाँ भूचाल आ रहे हों।

चारों फिर स्क्राइमीर के डर से एक ओक के पेड़ के नीचे जा कर सो गये। पर थोर फिर बीच रात में जाग गया और उसने सोते

[43] The farmer had two children – one boy Thalfi and one girl Roskva.

[44] Jotunheimer is the place where giants lived – below the Earth.

[45] Skrymir was a giant.

हुए स्क्राइमीर को अपने हथौड़े[46] से तीन बार मारने की कोशिश की।

पर स्क्राइमीर तीनों बार जाग गया और बोला कि उसको लगा कि या तो उसके सिर पर ओक के पेड़ का कोई फल[47] गिर गया है या फिर पेड़ की शाख के टुकड़े ही उसके ऊपर गिर गये हैं।

जब स्क्राइमीर तीसरी बार जागा तो उसने उनको सलाह दी कि अगर वे उट्गार्डर[48] जा रहे हों तो वे वहाँ न जायें क्योंकि उट्गार्डर लोकी[49] के आदमी उनको वहाँ रहने नहीं देंगे। यह कह कर वह अचानक ही जंगल में चला गया।

अगले दिन चारों फिर दोपहर तक चलते रहे तो अबकी बार ठहरने के लिये उनको अपने सामने एक बहुत बड़ा किला मिल गया। वह किला इतना ऊँचा था कि उसके ऊपर की तरफ देखने के लिये ही उनको अपना सिर बहुत पीछे करना पड़ रहा था।

उस किले में घुसने का दरवाजा बन्द था। थोर ने देखा कि वह तो उस दरवाजे को खोल ही नहीं सकता था। सो वे चारों बड़ी मुश्किल से उस दरवाजे में लगी लोहे की सलाखों से बने छेदों में से हो कर किसी तरह उस किले के अन्दर घुस पाये।

---

[46] Thor has a special hammer. See its picture above.

[47] Fruit of the Oak tree is called Acorn. See the picture of Acorn above.

[48] Utgarder was the place where the giant named Utgarder-Loki lived.

[49] Utgarder-Loki – a giant

अन्दर पहुँच कर वे सब एक बड़े कमरे में पहुँचे। वहाँ दो बैन्चें पड़ी हुई थीं। उन बैन्चों पर वहाँ के बड़े साइज़ के लोग[50] बैठते थे। वहीं उस किले का राजा उट्गार्डर लोकी भी बैठा हुआ था।

उट्गार्डर लोकी उनको देख कर बोला — "यहाँ पर किसी मेहमान को ठहरने की इजाज़त नहीं होती जब तक कि वह कोई खास काम कर के न दिखाये।"

इस पर लोकी सबसे पहले बोला — "मैं यहाँ बैठे लोगों में सबसे ज़्यादा जल्दी खा सकता हूँ।"

उट्गार्डर लोकी बोला — "यह तो वाकई में कमाल का काम है। चलो देखते हैं।"

फिर उसने बैन्च से लोगी[51] को पुकारा। वह एक बड़ी सी प्लेट में बहुत सारा माँस ले कर आ गया और उसको फर्श पर रख दिया।

लोकी और लोगी दोनों आमने सामने बैठ गये और दोनों ने उसे जल्दी जल्दी खाना शुरू कर दिया ताकि दोनों ही उस प्लेट के बीच की जगह तक एक दूसरे से पहले पहुँच सकें।

लोकी ने अपनी तरफ की सारी हड्डियों का सारा माँस खा लिया था जबकि लोगी ने अपनी तरफ का न केवल माँस ही खाया था बल्कि उसने तो हड्डियाँ और प्लेट भी खा कर खत्म कर ली थी। इससे यह साफ जाहिर था कि लोकी हार गया था।

---

[50] Translated for the word "Giants"

[51] Logi – the Jungle fire

अब थाल्फ़ी बोला कि वह सबसे तेज़ भाग सकता था सो उसको एक आदमी के साथ दौड़ लगाने के लिये कहा गया। उट्गार्डर लोकी ने उसको हूगी[52] के साथ दौड़ लगाने के लिये कहा। थाल्फ़ी ने उसके साथ तीन बार दौड़ लगायी और तीनों बार हार गया।

इसके बाद थोर ने कहा कि वह पीने का मुकाबला करेगा। वह एक सींग से केवल तीन बड़े बड़े घूँट ही पी पाया और वह भी हार गया।

उसके बाद उसने एक बड़े बिल्ले को उठाने की बात की तो उसने देखा कि वह कुछ भी करे वह बिल्ला अपनी कमर को बीच में से कमान की तरह से ऊपर उठा लेता है। इस वजह से वह उसका केवल एक ही पंजा उठा सका बाकी के तीन पंजे उसके जमीन पर ही रहे।

उसके बाद थोर बोला कि वह कमरे में बैठे किसी भी आदमी से लड़ लेगा पर वहॉ बैठा कोई भी आदमी उसके साथ लड़ने के लिये राजी ही नहीं हुआ। उन्होंने सबने यही कहा कि वे उससे लड़ना बेकार समझते थे क्योंकि वह कमजोर था।

इस पर उट्गार्डर लोकी ने थोर से लड़ने के लिये अपनी बुढ़िया आया ऐली[53] को बुलाया। थोर उससे जितनी ज़्यादा ताकत से

---

[52] Hugi – Hugi was the personification of Thoughts

[53] Nurse Elli

लड़ता था उतना ही उसको उस बुढ़िया को जीतना मुश्किल लगता था। आखिर थोर उससे भी हार गया।

सबके हारने के बावजूद उट्गार्ड लोकी ने रात को सबको कमरे दे कर अपने किले में ठहरा लिया और उनको ठीक से रखा।

अगली सुबह चारों उठ कर तैयार हो कर जाने के लिये तैयार हुए कि तभी उट्गार्डर लोकी वहाँ आया। उसने अपने नौकरों से मेज सजवायी और सबने मिल कर खाया पिया।

खा पी कर जब वे जाने लगे तो उट्गार्डर लोकी ने थोर से पूछा कि वह कल शाम के मुकाबलों के बारे में क्या सोचता था। थोर बोला कि उन मुकाबलों में वह ठीक से काम नहीं कर सका।

असल में यह उसने यह यह सोच कर कहा था कि शायद उट्गार्डर लोकी मुकाबलों में उसके हार जाने की वजह से उसका अपमान करेगा और यह उसको अच्छा नहीं लगता।

उट्गार्डर लोकी बोला — "तुम लोगों ने अब मेरा यह घर छोड़ दिया है और मैं आशा करता हूँ कि अब तुम लोग यहाँ कभी नहीं आओगे।

मुझे मालूम था कि मुझे तुम लोगों से किस तरीके से बर्तना है इसी लिये मैंने तुम लोगों को यहाँ आने दिया। जो कुछ तुम सबने देखा वह सब कुछ वैसा ही नहीं था जैसा तुम लोगों ने देखा।"

उट्गार्डर लोकी आगे बोला — "मैं असल में स्काइमीर हूँ और अगर थोर मुझे अपने हथौड़े से तीन वार में मारना चाहता तो मैं तो

उसके पहले ही वार में मर जाता। क्योंकि देखा जाये तो थोर के वे वार इतने ज़्यादा ज़ोर के थे कि वे तो अपने तीन वार से तीन वर्गाकार घाटियाँ[54] बना सकते थे।

इसके अलावा ये मुकाबले भी एक धोखा था। लोकी ने जिसके साथ खाना खाया वह तो खुद जंगली आग[55] ही थी। वह जंगली आग से मुकाबला कैसे कर सकता था?

थाल्फ़ी ने हूगी के साथ दौड़ लगायी। वह हूगी[56] विचार थे। विचारों से तेज़ तो कोई दौड़ ही नहीं सकता।

थोर का सींग जिससे वह शराब पी रहा था वह तो समुद्र से जुड़ा हुआ था। कोई समुद्र को खाली कैसे कर सकता है?

फिर भी थोर के लिये यह बड़ी तारीफ की बात है कि उसने समुद्र में से केवल तीन बड़े घूँट शराब पी कर उस समुद्र का पानी तीन इंच कम कर दिया जिससे समुद्र में भाटा आ गया।

जिस बिल्ले को थोर ने उठाने की कोशिश की वह बिल्ला समुद्र का साँप जोरमन्गैन्डर[57] था। उस साँप को उठाने की ताकत किसमें थी? और तब तो सभी लोग डर गये जब थोर ने उस बिल्ले का एक

---

[54] Thor could make square shaped valleys because his hammer was in square form – see its picture above.

[55] Logi means Forest Fire in Norse language.

[56] Hugi means thought in Norse language.

[57] Jormungander was Loki's son in the form of serpent. Thor himself threw him in the sea so that he could grow there as much as he could.

पंजा उठा लिया क्योंकि उस समय वह उस समुद्री साँप जोरमन्गैन्डर को आसमान में उठाये हुए था।

और वह बुढ़िया ऐली[58] जिससे थोर लड़ना चाह रहा था वह कोई मामूली बुढ़िया नहीं थी बल्कि वह तो खुद बुढ़ापा थी। और सभी जानते हैं कि बुढ़ापे को कोई नहीं हरा सकता।"

उट्गार्डर लोकी फिर थोर से बोला कि यह उन दोनों के लिये ही अच्छा होगा अगर वे भविष्य में आपस में न मिलें तो।

यह सुन कर थोर ने अपना हथौड़ा उठाया और उसे उट्गार्डर लोकी को मारने के लिये हवा में घुमाया पर तब तक तो वहाँ से वह यह जा और वह जा।

जैसे ही वह वहाँ से गायब हो गया वैसे ही वहाँ से उसका किला भी गायब हो गया और रह गया वहाँ पर एक बहुत बड़ा खुला मैदान। और उसमें खड़े वे चारों लोग – थोर, लोकी और किसान के दो बच्चे।

[58] Elli means old age in Norse language

4 लोकी के बच्चे[59]

कुछ समय बाद जब आसगार्ड की दीवार बन गयी तो लोकी अपनी वफादार पत्नी सिगु[60] से नाराज हो गया और जोटुनहीमर[61] चला गया। वहाँ एक बड़े साइज़ की स्त्री ऐंगरबोडा[62] रहती थी।

वहाँ वह काफी समय तक उसके साथ रहा। इस बीच उसने लोकी को अपने जैसे तीन भयानक बच्चे दिये।

उनका पहला बच्चा था एक लड़का – फ़ैनरिर भेड़िया[63]। उसका तो मुँह ही इतना बड़ा था कि खोलने पर वह स्वर्ग से ले कर धरती तक आता था।

उनका दूसरा बच्चा भी एक लड़का था – वह था जोरमन्गेन्डर साँप[64]। यह पूरी धरती को घेर सकता था। और उनका तीसरा बच्चा एक लड़की थी – देवी हीला जो निफ़्लहीम[65] स्थान की मालकिन थी जहाँ मरे हुए लोग आ कर रहते थे।

जब ओडिन ने इन बच्चों के जन्म की और उनके बारे में भविष्यवाणी की खबर सुनी तो उसने उनको अपने पास बुलाया।

---

[59] Children of Loki

[60] Sygin or Sigu – wife of Loki

[61] Jotunheimer – there lived a giantess Angerboda

[62] Angerboda giantess

[63] Loki had three children from giantess Angerboda, two sons and a daughter – Fenrir the wolf, Jormungander the serpent and Hel the mistress of Nielfheim

[64] Jormungander was Loki's son in the form of the serpent. Thor himself threw him in the sea so that he could grow there at his pace.

[65] Niflheim was the place where the dead people lived after their death.

जब वे उसके पास आये तो फ़ैनरिर भेड़िये को तो उसने अपने पास रख लिया, जोरमन्गौन्डर सॉप को उसने बढ़ने के लिये समुद्र में फिंकवा दिया और हीला को निफ्लहीम की रानी बना दिया।

"लोकी को सजा"[66] की कहानी में लोकी का बड़ा बेटा फ़ैनरिर और लोकी की वह बड़े साइज़ की पत्नी ऐंगरबोडा दोनों भेड़िये के रूप में थे जिन्होंने जब टीयर[67] लोकी को चट्टान से बॉध रहा था तो उन्होंने टीयर का हाथ काट लिया था। इसी लिये टीयर का केवल एक ही हाथ है।

लोकी के दो बेटे और हैं जो उसकी पत्नी सिगु से हैं – नरफ़ी और वाली।

जब लोकी बलडूर को मारने के जुर्म में पकड़ा गया तो देवताओं ने वाली को एक भेड़िये के रूप में बदल दिया। फिर वाली ने नरफ़ी की ऑतें निकाल लीं और देवताओं ने उन्हीं ऑतों को लोकी को बॉधने के लिये इस्तेमाल किया।

[66] Punishment to Loki – a mythological tale of Norse countries, Europe. Story No 11 in this Book.

[67] Tyre – Pronounced as Tear in English. He is the son of Odin and Freya. He tied Loki with a rock. Tyre has only one hand because he was bitten by Loki's elder son Fenrir at the time of tying Loki.

5 लोकी और बौने[68]

इवैल्डी[69] के बच्चे जो बौने कहलाते थे उन्होंने देवताओं के लिये तीन चीज़ें बनायी थीं – एक तो फ्रे का स्किडब्लैनिर जहाज़[70], दूसरे ओडिन का गंगनिर भाला[71] और तीसरे सिफ़ के सुनहरी बाल[72]।

लोकी को शैतानी सूझी। उसने दो दूसरे बौने भाइयों – ब्रौक और ईट्री[73] को इवैल्डी के बौने बच्चों से लड़ाने के लिये उनके साथ चाल खेली। वह चाहता था कि दोनों बौने देवताओं के लिये एक दूसरे के मुकाबले में हथियार और सवारियॉ बनायें।

इस बारे में उसने अपना सिर दॉव पर लगाया और ब्रौक और ईट्री को चुनौती दी कि वे इवैल्डी के बौने बच्चों से अच्छी भेंटें नहीं बना सकते थे, जैसे स्किडब्लैडनिर जहाज़, गंगनिर भाला और सिफ़ के सुनहरी बाल।

लोकी ने शरारत करने के लिये सिफ़ के सुनहरी बाल भी चोरी कर लिये थे इसलिये उसको उसके बाल लौटाने के लिये नकली बाल भी तो चाहिये ही थे न।

---

68 Loki and Dwarves – a mythological tale of Norse countries, Europe.

69 Ivaldi's sons used to be called Dwarves

70 Skidbladnir ship of Frey

71 Gungnir spear of Odin

72 Skidbladnir is the ship for Frey; Gungnir is spear of the god Odin; Sif, the wife of Odin, had beautiful golden hair

73 Brokk and Eitri – two dwarves

ब्रौक और ईट्री दोनों भाइयों ने उसकी यह चुनौती स्वीकार कर ली और दोनों भाई अपने काम पर लग गये।

ईट्री ने अपनी वर्कशाप की भट्टी में एक सूअर की खाल ला कर रखी और अपने भाई ब्रौक से कहा कि वह अपनी धौंकनी चलाना रोके नहीं, लगातार उसको चलाता ही रहे जब तक कि वह खुद आ कर उसमें से उस खाल को न निकाल ले।

जब ब्रौक अपनी धौंकनी चला रहा था तो उसका काम बिगाड़ने के लिये लोकी एक मक्खी का रूप रख कर आया और ब्रौक की बॉह पर काट लिया।

ब्रौक ने उसको महसूस तो किया पर फिर भी ब्रौक रुका नहीं और अपनी धौंकनी लगातार चलाता ही रहा। जब ईट्री का वह सूअर की खाल को भट्टी में रखने का समय खत्म हो गया तो उसने आ कर फ्रे का चमकीले बालों वाला सूअर गुलिनबर्सटी[74] निकाला।

उसके बाद ईट्री ने उस भट्टी में कुछ सोना रखा और ब्रौक को वही करने के लिये कहा कि वह अपना काम रोके नहीं और वह तब तक धौंकनी चलाता रहे जब तक वह खुद आ कर उस सोने को वहॉ से न निकाल ले।

पर इस बार भी लोकी एक मक्खी बन कर वहॉ आया और ईट्री की गर्दन में उसने उसकी बॉह के मुकाबले में दोगुनी ज़ोर से दो बार काटा।

---

[74] Mjolnir named hammer and Gullinbursti named boar for Frey. Frey is the brother of Freya.

इस बार ब्रोक को बहुत दर्द हुआ पर ब्रोक उस दर्द को सहते हुए भी अपनी धौंकनी चलाता ही रहा।

जब समय हो गया तो ईट्री ने आ कर उसमें से ओडिन के लिये बनायी हुई ड्रौपनीर[75] नाम की ॲगूठी निकाली। यह ॲगूठी हर नवीं रात[76] को अपनी तरह की आठ ॲगूठियॉ बनाती है।

सबसे आखीर में ईट्री ने अपनी भट्टी में लोहा रखा और फिर ब्रौक से वही बोला कि वह अपनी धौंकनी चलाना बन्द न करे जब तक वह खुद वहॉ आ कर उसमें से अपना लोहा न निकाल ले।

पर लोकी तीसरी बार फिर से मक्खी के रूप में आया और ईट्री की पलक पर इतनी ज़ोर से काटा कि उसके खून निकल आया। इससे ब्रौक बस इतनी ही देर के लिये अपनी धौंकनी रोकने पर मजबूर हो गया जितनी देर में वह अपना बहता हुआ खून पोंछे।

इस बार ईट्री जब भट्टी में से अपना सामान निकालने के लिये लौटा तो उस भट्टी में से उसने जौलनिर नाम का हथौड़ा[77] निकाला।

उसने देखा कि उसका हैन्डिल जितना लम्बा उसने बनाने का सोचा था उससे तो वह बहुत छोटा है। इस छोटे हैन्डिल की वजह

---

[75] Draupnir named ring for Odin

[76] Ninth night - The numbers 3 and 9 are significant numbers in Norse mythology and paganism. Both numbers (and their multiples) appear throughout surviving attestations of Norse paganism, in both mythology and cultic practice. While the number 3 appears significant in many other cultures, Norse mythology appears to put special emphasis on the number 9.

[77] Mjollnir hammer for Thor

से अब उसको केवल एक ही हाथ से इस्तेमाल किया जा सकता था।

हथौड़े की इस कमी के बावजूद दोनों बौने भाइयों, ब्रौक और ईट्री, ने लोकी से शर्त जीत ली और लोकी अपनी शर्त हार गया सो वे अपनी शर्त के अनुसार लोकी का सिर लेने के लिये पहुँच गये।

अब लोकी की अपने सिर को बचाने की बारी थी। सो जब वे उसका सिर लेने के लिये उसके पास आये तो वह बोला — "तुम लोगों को मेरा सिर लेने के लिये मेरी गर्दन काटनी पड़ेगी। और मेरी गर्दन काटना तो शर्त में शामिल नहीं था।

और क्योंकि मेरा सिर काटने से मेरी गर्दन को भारी नुकसान पहुँच सकता है इसलिये भी तुम लोगों को मेरा सिर काटने से पहले यह सब अच्छी तरह से सोच लेना चाहिये।"

यह सुन कर लोकी का सिर काटने की बजाय ब्रौक ने उसको सजा देने के लिये कुछ समय के लिये उसके होठ सिल दिये थे। इस तरह से एक छोटी सी बात ने लोकी की जान बचायी।[78]

[78] This story is very similar to the story "The Merchant of Venice" written by Shakespeare. Read this story in Hindi "Nyaya Ki Kahaniyan" book written by Sushma Gupta in Hindi language. It is available from : hindifolktales@gmail.com

6 लोकी और इडूना[79]

लोकी देवी इडूना[80] और उसके सेबों दोनों की चोरी के लिये भी जिम्मेदार है। लोकी थोर के साथ कई बार बाहर घूमने जोटुनहीमर जाया करता था।

वह थोर की बहुत सारी शर्मनाक बातों में भी उसका साथ देता था जैसे कि जब थोर फ्रेया का रूप रखता है उस समय लोकी उसकी आया बन कर जाता है।

यह बहुत पुरानी बात है जब नौर्वे देश[81] के देवता लोग आसगार्ड[82] की जमीन पर रहते थे। हवा उनके शानदार महलों के कमरों से हो कर बहती थी और उनकी कहानी सुना करती थी।

हवा उस समय गर्मी की ठंडी हवा की तरह जवान थी और वह जंगली बागीचों से हो कर उन हरी हरी घाटियों में बहती थी जहॉ केवल देवता ही घूमा करते थे।

हालॉकि ऐसे समय को बीते बहुत दिन बीत गये पर हवा को उन देवताओं की कहानियॉ अभी भी याद हैं। अगर तुम कभी ध्यान

[79] Iduna and the Magic Apples – a mythological tale from Norway, Europe. Adapted from the book : "Iduna and the Magic Apples". by Marianna Meyer. 1-story picture book.

[80] One of the goddesses is Iduna in Norse mythology. Iduna is an apple-bearing goddess who owns a garden of apples which keep a person always young and immortal. It is believed that Odin became immortal only by eating her apples. Her husband is the Skaldic god Bragi or Braggi.

[81] Norway – a far northern country of Europe continent and one of the five Norse countries.

[82] Asgard – pronounced as Aasgaard, a place of gods' palaces connected to the earth with a rainbow bridge named Bifrost which links Heaven with Underworld.

से सुनो तो तुम भी इडूना[83] और उसके जादू के सेबों की कहानी उस हवा से फुसफुसाते हुए सुन सकते हो।

वह हवा तुमको बतायेगी कि किस तरह इडूना के जादू के सेबों के खजाने ने ओडिन देवता[84] और उसके भाई लोकी[85] को और दूसरे देवताओं को भी बूढ़ा होने से रोके रखा।

पर नीच राक्षस थियासी[86] इन देवताओं से बहुत जलता था सो एक बार उसने इन देवताओं को मारने की सोची। एक बार ...

आसगार्ड के सारे बागीचों में से कोई भी बागीचा इडूना के बागीचे से ज़्यादा सुन्दर नहीं था। बड़ा देवता ओडिन और दूसरे देवता उसको "सदाबहार बागीचे"[87] के नाम से पुकारते थे।

क्योंकि जिस समय से इडूना उस बागीचे में घुसी थी उसकी कोई भी चीज़ कभी मुरझायी नहीं थी और उसकी कोई भी चीज़ कभी मरी भी नहीं थी।

नीले, जामुनी, गुलाबी, पीले, पीले गुलाबी, और बहुत सफेद सभी रंगों के फूल वहाँ बहुतायत से होते थे और चमक में एक दूसरे से होड़ करते रहते थे।

---

[83] Iduna – a goddess of apples and forever youth

[84] Odin is the god

[85] Gods – Odin and his half-brother Loki – otherwise Loki is the trickster of Norse myths

[86] Thiassi – a demon. A Frost-giant. God of storms. Son of Kari. Brother of Beli and Thrym. Father of Skadi.

[87] Evergreen garden

पेड़ों की एक ही शाख पर सारे साल चमकीले फूल और मीठे रसीले फल दोनों एक साथ ही लगते थे। वहाँ की घास भी बहुत चमकीली, कोमल और हरी थी।

हवा उस बागीचे में बहुत ही धीमी बहती थी और ताजा नये नये फूलों से फुसफुसाती सी चलती थी –

जब मैं बहती हूँ तो नाचो अपना सिर इधर उधर करो
तुम कभी नहीं थकोगे क्योंकि इडूना तुम्हारी देखभाल करती है

हवा का यह गाना सुन कर चिड़ियें भी उस गाने को गाने लगतीं और उसे गाते हुए सारे बागीचे में घूमती रहतीं।

इस शानदार बागीचे के लिये इडूना एक बहुत अच्छी रानी थी। उसके मीठे स्वभाव और सुन्दरता की वजह से जंगली हंस उसकी गोद में अपना सिर रखने पर मजबूर हो जाते। चिड़ियें भी उसके लिये हमेशा अपना सबसे मीठा गाना गातीं। असल में सारे जंगली जानवर ही उसको बहुत प्यार करते।

यहाँ तक कि जब वह झील के किनारे घूमती तो उसके पानी में पड़ी हुई मछलियाँ भी उसी की हो जातीं। वे किनारे पर आ जातीं और उसके चेहरे को प्यार से देखती रहतीं।

इडूना सारा समय बागीचे में ही रहती थी। वह कभी भी बागीचे से बाहर नहीं जाती थी। वही उसका घर था। जब तक वह उस बागीचे की दीवारों के अन्दर रहती तो कोई उसको खुद को या

जिसको भी वह प्यार करती थी उसको भी कोई नुकसान नहीं पहुँच सकता था।

पर अगर उसको वह बागीचा छोड़ना पड़ता तो क्या होता? शायद वहाँ बहुत सारी चीज़ें बदल जातीं।

यह छोटा सा स्वर्ग बहुत ही खुशी की जगह थी। ओडिन और दूसरे देवता यहाँ अक्सर आते रहते थे। वे इडूना की दया और उसके हँस कर बात करने के तरीके से बहुत खुश थे।

लेकिन उनके वहाँ आने की एक और वजह भी थी। इडूना के पास एक ऐसा खास खजाना था जो उनको वहाँ बार बार ले आता था – और वह खजाना था उसके जादू के सेबों से भरी हुई एक सोने की सन्दूकची।

उस सन्दूकची के सेब को अगर कोई खा लेता था तो वह हमेशा के लिये जवान रहता था।

वह सचमुच में ही बहुत ही कीमती फल था जो देवताओं को अमर और जवान रखता था। ओडिन इन सेबों की कीमत को जानता था इसलिये वह जब भी किसी सफर पर जाता तो वह वहाँ से बिना कुछ सेब अपने साथ लिये आगे नहीं बढ़ता था।

आज भी वह अपने सौतेले भाई लोकी के साथ इडूना से मिलने आया था। आज वे लोग एक साधारण किसान का रूप रख कर पैदल ही दुनियाँ को देखने के लिये जा रहे थे ताकि उनको कोई पहचान न सके।

इडूना ने जितने भी जादू के सेब उसके पास थे वे सारे उनको दे दिये थे। पर जैसे ही उसने अपनी वह सन्दूकची खाली की वह खाली सन्दूकची अपने आप ही फिर से अमर रखने वाले सेबों से भर गयी थी।

शाम को इडूना ने अपने दोस्तों को विदा कहा और नदी किनारे की तरफ चली गयी। वहाँ जा कर वह बैठ गयी और नदी के पानी में पड़ती आसमान की परछाँई देखती रही। डूबते सूरज के समय में पानी में बादलों की परछाँई गुलाबी से लाल होती जा रही थी।

तभी अचानक एक साया पानी के ऊपर पड़ा। वह साया बहुत बड़ा और काला था जिसके पंख चारों तरफ को फैले हुए थे।

इडूना ने ऊपर देखा तो डर गयी। एक बहुत बड़ा चिड़ा जिसका बड़ा नीच से आदमी का चेहरा था उसके ऊपर मॅडरा रहा था।

उसने उसकी तरफ से अपनी नजर हटानी चाही और वहाँ से भागने की कोशिश की पर उस चिड़े की चुभती हुई नजरें बहुत तेज़ थीं। इडूना तो वहाँ से हिल भी न सकी।

पर तभी अचानक वह चिड़ा ऊपर को उड़ा और अपने तेज़ पंजों को सिकोड़ता हुआ और ऊपर उड़ गया। इडूना के बागीचे ने इडूना को बचा लिया था।

वह बड़ा चिड़ा उसको पकड़ना चाहता था पर वह वहॉ उसको पकड़ नहीं पाया था सो अब उसको इडूना को पकड़ने का कोई दूसरा रास्ता निकालना था। जल्दी ही वह बड़ा चिड़ा लाल बादलों में एक बिन्दु के बराबर दिखायी देने लगा।

पर जैसे ही वह चिड़ा वहॉ से गायब हुआ उसके कुछ काले पंख नीचे पानी में गिर गये और तैरने लगे और फिर वे पंख काले कीड़ों में बदल गये। उन कीड़ों के पंख नुकीले थे और उनके आगे के बाल जहरीले थे।

अचानक उन कीड़ों ने इडूना को चारों तरफ से घेर लिया। उसने उनको हटाने की कोशिश भी की पर उनमें से एक उसकी पोशाक की तह में घुस गया और उसने उसको काट लिया।

उन कीड़ों के झुंड को पता चल गया कि एक कीड़ा अपना काम करने में कामयाब हो गया है सो वे सन्तुष्ट हो कर वहॉ से चले गये।

उस कीड़े के काटने से जो जहर इडूना के शरीर में फैला तो उस जहर से वह बहुत कमजोरी महसूस करने लगी। और बस उसी समय से सब कुछ बिगड़ने लगा।

इडूना के खतरे से बेखबर ओडिन और लोकी अपने सफर पर निकल चुके थे। इन दोनों यात्रियों का यह जोड़ा भी एक अजीब जोड़ा था। हालॉकि वे सौतेले भाई थे पर वे एक दूसरे से कुछ ज़रा ज़्यादा ही अलग थे।

ओडिन एक बहुत ही ताकतवर राजा था और अपनी ताकत को ठीक से और दया से इस्तेमाल करता था जबकि लोकी बहुत ही मतलबी और शरारती था।

वह अपनी शक्ल इतनी आसानी से बदल सकता था जितनी आसानी से कोई अपनी वफादारी बदलता है। जब भी ओडिन नहीं होता तो वह हमेशा ही कोई न कोई शरारत करने में कामयाब हो जाता।

इस बार उसके पीछे लोकी कोई परेशानी न खड़ी कर दे इसी लिये ओडिन लोकी को अपने साथ ही ले आया था। पर यह बड़ी बदकिस्मती की बात है कि कोई कितनी भी होशियारी से कोई प्लान बनाये पर जो होना होता है उसको तो होने से कोई रोक नहीं सकता।

उस शाम को बहुत दूर का सफर करने के बाद ओडिन और लोकी दोनों साथियों को जंगल में एक ऐसी जगह मिल गयी जहॉ वे रात को आराम कर सकते थे।

वे भूखे थे सो शाम को खाने के लिये उन्होंने कुछ मॉस भूनने के लिये आग जलायी। जब आग काफी तेज़ जलने लगी तो ओडिन ने मॉस को जल्दी से भूनने के लिये जलते हुए कोयलों से उसे ढक दिया।

उसी समय एक वैसा ही चिड़ा जैसा कि इडूना के पास आया था और जिसने उसके शरीर में जहर फैलाया था वहाँ आया और एक ऊँचे से पेड़ के ऊपर आ कर बैठ गया।

वहाँ वह उस पेड़ की पत्तियों में छिप कर सब कुछ देखता रहा और कोई बुरी चाल सोच सोच कर अपने होठ ऐंठता रहा।

आखिर लोकी बोला — "मुझे तो बहुत भूख लगी है ओडिन। घंटों हो गये हैं इस माँस को आग में रखे। अब तक यह पका क्यों नहीं इसको तो अब तक पक जाना चाहिये था।"

ओडिन बोला — "हाँ काफी देर हो गयी है इसको रखे हुए। अब तक तो इसको पक ही जाना चाहिये। देखो तो ज़रा कि यह खाने लायक हो गया कि नहीं।"

पर जब उन्होंने उसको देखा तो माँस तो तभी भी कच्चा ही पड़ा था। लोकी परेशान सा पीछे को बैठ कर फिर उसके पकने का इन्तजार करने लगा।

और समय बीत गया। उन्होंने उसको फिर से देखा पर वह तो तभी भी पहले जैसा ही था। और यह माँस इतना कच्चा था कि खाया नहीं जा सकता था।

ओडिन ने आँख उठा कर लोकी की तरफ देखा और गुस्से में बोला — "मुझे लगता है कि हम कितनी भी देर क्यों न इन्तजार कर लें पर यह माँस नहीं पकने वाला। ऐसा लगता है कि आज की रात जरूर ही कोई काला जादू काम कर रहा है।"

जैसे ही वह यह बोला तो पेड़ों के सायों में से बड़े ज़ोर की हॅसी की आवाज़ सुनायी दी। वह हॅसी उस बड़े चिड़े की थी।

वह बड़ा चिड़ा वहीं से बोला — "जब तक तुम अपना यह मॉस मुझे भी नहीं दोगे तब तक मैं यकीन के साथ कह सकता हूँ कि तुम भी भूखे ही रहोगे।"

ओडिन तुरन्त ही पहचान गया कि यह कोई असली चिड़ा नहीं था। उसको शक हुआ कि वह थियासी[88] था। क्योंकि वही नीच राक्षस अक्सर शिकारी चिड़े का रूप रख लेता था।

पर ओडिन को अपनी इस बात पर पूरा यकीन नहीं था। इसलिये इस मुसीबत को टालने के लिये वह उस चिड़े की मॉग मानने के लिये राजी हो गया।

जैसे ही वह राजी हुआ वैसे ही वह मॉस भी भुन गया। ओडिन ने उस बड़े चिड़े को इशारा किया कि वह आ कर अपना हिस्सा ले ले।

वह चिड़ा उड़ कर नीचे आया और उसने उस मॉस का सबसे अच्छा हिस्सा ले लिया। अब ओडिन और लोकी के खाने के लिये उस मॉस में से कुछ भी नहीं बचा था।

गुस्से में भर कर लोकी ने एक डंडी उठायी और उससे उस चिड़े को मारा। पर उस डंडी का दूसरा सिरा उस चिड़े ने पकड़ लिया

[88] Thiassi – a demon. A Frost-giant. God of storms. Son of Kari. Brother of Beli and Thrym. Father of Skadi. He took away Loki to get Iduna and her apples.

और वह उस डंडी को अपने पंजों में ले कर तुरन्त ही ऊपर की ओर उड़ गया।

लोकी देखता ही रह गया पर उसके हाथों ने उस डंडी के दूसरे सिरे को कस कर पकड़ रखा था। उसने कितनी भी कोशिश की कि वह उस डंडी छोड़ दे पर वह डंडी उसके हाथ से छूट ही नहीं पा रही थी।

असल में वह चिड़ा वाकई में थियासी ही था। उसने अपने बुरे जादू से लोकी को उस डंडी से बॉधे रखा। थियासी नीचे नीचे उड़ता रहा और लोकी डंडी पकड़े पकड़े जमीन पर जंगलों में होता हुआ घिसटता रहा।

पेड़ों और झाड़ियों के बीच से गुजरने की वजह से उसके शरीर पर काफी सारे घाव हो गये और खून भी बह निकला।

लोकी ने उससे दया की भीख मॉगी कि वह उसको छोड़ दे पर थियासी तो आसगार्ड में रहने वाले सब देवताओं का दुश्मन था। वह इडूना को नहीं पकड़ पाया था इसलिये वह लोकी को पकड़ने से बहुत खुश था। क्योंकि इसको पकड़ने में उसका अपना एक प्लान था।

वह बड़ा चिड़ा जब एक बहुत ही खतरनाक पहाड़ियों में से हो कर गुजरने वाला था तो वह लोकी से बोला — “मैं तुमको एक शर्त पर छोड़ सकता हूँ।”

लोकी आने वाले खतरे को देख कर चिल्लाया — "कुछ भी, कुछ भी, जो तुम चाहो।"

वह चिड़ा बहुत ज़ोर से हॅसा और बोला — "तुम बड़े ही डरपोक हो लोकी। अगर तुम यह वायदा करो कि तुम इडूना और उसके जादू वाले सेबों का खजाना मुझे दे दोगे तो मैं तुमको आजाद कर दूॅगा।"

लोकी बेचारा क्या करता। उसको तो इस समय अपनी जान की पड़ी थी। वह बिना सोचे समझे कि इसका इडूना पर या देवताओं पर क्या असर पड़ेगा तुरन्त ही इस बात पर राजी हो गया कि वह इडूना और उसका सेबों वाला खजाना उसको दे देगा।

चिड़े ने भी उसको तुरन्त ही छोड़ दिया और इस तरह लोकी की जान बच गयी।

लोकी पहला मौका पाते ही इडूना के उस सदाबहार बागीचे में जा पहुॅचा। वहॉ उसको इडूना अपने सेबों के पेड़ों के पास अकेली बैठी मिल गयी।

वहॉ बैठी वह कुछ सोच रही थी। वह सोचने में इतनी मग्न थी कि उसने लोकी को देखा ही नहीं जब तक कि वह उसके बिल्कुल ही पास आ कर नहीं बैठ गया।

उसने इडूना को करीब से देखते हुए कहा — "इडूना, ज़रा सोचो तो मैं कहॉ गया था। पर पहले मुझे अपना यह बढ़िया वाला सेब तो दो फिर मैं बताता हॅू कि मैं कहॉ गया था।"

इडूना ने अपनी सोने की सन्दूकची निकाली और उसमें से एक चमकता हुआ सेब निकाल कर लोकी को दे दिया। पर लोकी ने उसमें से एक कौर भी नहीं खाया बल्कि उसको अपने एक हाथ से दूसरे हाथ में उछालता रहा।

तिरछी नजरों से इडूना को देखते हुए वह कुछ गुस्से से में बोला — "असल में मैं यही सोच रहा था कि तुम्हारे ये सेब उन सेबों के सामने कुछ भी नहीं हैं जो मैंने अभी अभी देखे हैं।"

इडूना यह सुन कर चौंक उठी पर मुस्कुराते हुए बोली — "मुझे यकीन है कि तुमसे जरूर ही कहीं कोई गलती हुई है लोकी। ओडिन जिसने दुनियाँ भर की यात्रा की है वह तो हमेशा यही कहता है कि इन सेबों के जैसा दूसरा कोई सेब ही नहीं है।"

लोकी चालाकी से हँसा तो उसकी हँसी की आवाज से इडूना घबरा गयी।

लोकी बोला — "लगता है कि ओडिन को कहीं गलती लग गयी है। मैं तुमको यकीन दिलाता हूँ कि अगर वह भी वह वाले सेब देख लेगा जो मैं अभी अभी देख कर आया हूँ तो वह भी जल्दी ही अपने राय बदल लेगा।"

लोकी के इन कठोर शब्दों ने इडूना को बहुत तकलीफ पहुँचायी। वह तुरन्त ही उठ कर खड़ी हो गयी। पर जैसे ही वह खड़ी हुई उसके दिल में बहुत ज़ोर का दर्द उठा।

उसने अपने दिल को अपने हाथ से दबाया और लोकी से बोली — "अच्छा हो अगर हम इस बारे में बात न करें।" और वहाँ से जाने लगी।

लोकी को अपने शब्दों की ताकत मालूम थी। वह बोलता हुआ जल्दी जल्दी उसके पीछे पीछे चला — "ठीक है ठीक है, तुम मत सुनो मेरी। पर बाद में तुम जरूर पछताओगी जब लोग तुम्हारे इस बागीचे को भूल जायेंगे और सेब लेने के लिये दूसरे नये बागीचे में जाने लगेंगे। मुझे अफसोस है कि तब तक तुमको बहुत देर हो चुकी होगी।"

इडूना ने एक गहरी साँस ली। शायद उस कीड़े के जहर ने अपना काम करना शुरू कर दिया था। वह इन व्यंग्य भरे शब्दों के बोझ को भी अपने ऊपर से हटाने में बहुत कमजोरी महसूस कर रही थी।

जैसे जैसे उसकी कमजोरी बढ़ती जा रही थी उसका दिमाग भी ठीक से काम नहीं कर पा रहा था।

लोकी साँप की सी तेज़ी से बोला — "मुझे एक बार तो तुमको इस नये बागीचे में ले कर जाना ही चाहिये इडूना। यह बागीचा पास में ही है और वहाँ जा कर तुम अपने आप ही देख लोगी कि मैं जो कह रहा हूँ वह सच है या नहीं।

यह जरूरी नहीं है कि तुम मुझ पर अभी ही यकीन करो। हम दोनों एक साथ वहाँ जायेंगे और वहाँ के सारे सेब इकट्ठा कर लेंगे।

तब तुम बताना कि वे सेब तुम्हारे सेबों से ज़्यादा अच्छे हैं कि नहीं। और अगर तुमको वे सेब अच्छे लगें तो फिर मैं उन सेबों के बीज तुम्हारे बागीचे में बोने में तुम्हारी सहायता करूँगा।

यह बात हम दोनों के बीच में ही रहेगी और मैं कसम खाता हूँ कि कम से कम मैं तो यह बात किसी से भी नहीं कहूँगा।"

और यह कहते कहते लोकी उसके और करीब आ गया और यह कहते हुए उसका हाथ अपने हाथ में ले लिया — "ओह इडूना, इससे पहले कि हमको देर हो जाये तुमको वे सेब लेने के लिये मेरे साथ अभी वहाँ चलना चाहिये।"

इडूना ने लोकी की आँखों में देखते हुए पूछा — "क्या वह बागीचा पास ही है लोकी? असल में मैं अपना बागीचा छोड़ना नहीं चाहती पर अगर तुम वायदा करो कि तुम जल्दी ही लौट आओगे... तो शायद मैं तुम्हारे साथ जा सकूँ।"

लोकी हँस कर बोला — "बहुत जल्दी इडूना बहुत जल्दी। हम लोग बहुत जल्दी ही वापस आ जायेंगे। अब तुम यह मत कहना कि तुम इस बागीचे को कुछ पलों के लिये भी नहीं छोड़ सकतीं।

मैं तो तुम्हारी भलाई के लिये ही कह रहा हूँ और मुझे यकीन है कि तुम मुझे मना नहीं करोगी।"

हारते हुए इडूना ने अपनी सोने की सन्दूकची उठायी और बोली — "ठीक है पर हमको जल्दी करनी चाहिये। मैं अपने बागीचे से बाहर ज़्यादा देर नहीं ठहर सकती।"

इडूना का हाथ कस कर पकड़े हुए लोकी ने बागीचे की सड़क पर दरवाजे की तरफ भागना शुरू किया। उसको इस बात की भी चिन्ता नहीं थी कि उसके पीछे इडूना ठीक से चल भी पा रही थी या नहीं। इडूना की साँस बार बार फूल रही थी।

उस बेचारी के पास तो यह सोचने का समय ही नहीं था कि वह क्या कर रही थी। वह तो बस लोकी के पीछे पीछे चलती जा रही थी। उधर लोकी भी कहीं नहीं रुका जब तक कि वह इडूना के बागीचे के दरवाजे के पास तक नहीं पहुँच गया।

इडूना के बागीचे का दरवाजा सारी दुनियाँ के लिये बन्द रहता था। दरवाजे से बाहर निकलने से पहले इडूना थोड़ा हिचकिचायी और उसने एक बार पीछे हटने की कोशिश भी की पर लोकी उसको बुरी तरह से खींचता हुआ पहले उसके बागीचे के दरवाजे के और फिर उस बागीचे के बाहर की ओर ले गया।

जैसे ही वह बागीचे से बाहर निकली तो उसने सुना कि उसके बागीचे के सब पेड़ पौधे रो रो कर उससे कह रहे थे — "इडूना, तुम कहाँ जा रही हो। हमको छोड़ कर मत जाओ। वापस आ जाओ इडूना, तुम वापस आ जाओ।"

पर अब तो बहुत देर हो चुकी थी। उसके बाहर निकलते ही दरवाजा एक ज़ोर की आवाज़ के साथ बन्द हो गया और जिन सबको वह प्यार करती थी उन सबसे अलग वह केवल लोकी के साथ अकेली खड़ी रह गयी।

सूरज डूबने वाला था। आगे के रास्ते पर बहुत घास उगी हुई थी और उसके ऊपर साये मँडरा रहे थे। रात की बर्फीली हवा इडूना के बालों में से हो कर बह रही थी, उसके गालों पर चुभ रही थी और उससे उसको कँपकँपी आ रही थी।

इडूना फुसफुसायी — "लोकी हमको जल्दी चलना चाहिये क्योंकि मुझे वापस भी आना है।"

पर लोकी ने इस बात का कोई जवाब नहीं दिया। इस पर उसने लोकी की तरफ देखा तो लोकी ने अपना चेहरा काले आसमान की तरफ कर लिया।

इडूना की निगाह भी लोकी की निगाह के पीछे पीछे ऊपर की तरफ गयी तो वहाँ उसने जो कुछ देखा तो उसको देख कर तो वह डर के मारे चीख ही पड़ी।

उसके ऊपर तो नीच थियासी का चेहरा घूम रहा था। उसके पंख चारों तरफ को खुले हुए थे। जैसे जैसे वह नीचे आता जा रहा था उसका साया इडूना के ऊपर भी फैलता जा रहा था।

इससे पहले कि वह चिल्लाने के लिये साँस भी ले पाती कि थियासी के काले पंजों ने उसे उठा लिया और उसको आसमान में ऊँचा और और ऊँचा ले गया।

लोकी उनको तब तक जाते हुए चुपचाप देखता रहा जब तक वे दोनों उसकी आँखों से ओझल नहीं हो गये।

फिर उसने अपने कन्धे उचकाये और बोला — "मुझे इससे क्या फर्क पड़ता है अगर थियासी इडूना को बन्दी बना कर रख ले तो। मेरे ऊपर तो किसी को शक भी नहीं होगा।" पर फिर भी अन्दर उसको कहीं कुछ खटकता रहा।

जब वह वहाँ से चला तो वह जमीन पर देखता जा रहा था। उसने इडूना को अपने दिमाग से निकालने की बहुत कोशिश की पर वह उसको निकाल नहीं सका।

आखिर में वह रुक गया और अपने आपसे पूछने लगा — "क्या हो अगर ओडिन ठीक ही कहता हो कि वे इडूना के सेब ही हों जिनकी वजह से हम सब इतने ताकतवर और जवान हों?

बिना इडूना के सेबों के हमको दुख सहने पड़ें और हम लोग बूढ़े हो जायें। हालाँकि यह मुमकिन तो नहीं लगता पर... ।" यह सोच कर वह डर के मारे काँप गया।

तभी लोकी ने एक आवाज सुनी तो उसने ऊपर अपनी बेटी और मौत की देवी हीला[89] को देखा।

पर फिर वह वहाँ से चला गया। हीला भी एक पल के लिये रुकी और फिर लोकी की तरफ देखा। उसकी नजर उसके पिता के दिल में डर पैदा करने के लिये कभी फेल नहीं हुई थी।

---

[89] Hela – pronounced as Heelaa. The daughter of Loki and she is the goddess of Death. She rules over the kingdom of dead.

उसका एक तरफ का चेहरा तो बहुत सुन्दर था पर उस पर मौत का पीलापन छाया हुआ था जबकि उसका दूसरी तरफ का चेहरा केवल हड्डी का था जो बिल्कुल मौत जैसा ही लगता था। लोकी उसको देख कर सचमुच में ही डर गया था।

देवताओं को बहुत जल्दी ही पता चल गया कि इडूना गायब हो गयी है क्योंकि वह सदाबहार बागीचा तुरन्त ही मुरझाने लगा, उसके फूलों की पत्तियाँ नीचे गिरने लगीं, उसके पेड़ों की पत्तियाँ पीली पड़ने लगीं और बागीचे में उत्तरी ठंडी हवा बह बह कर उनको शाखों से तोड़ तोड़ कर नीचे गिरा रही थी।

ऊपर काले काले बादल छाने लगे और उनसे सूरज भी छिप गया। यह तेज़ हवा बारिश भी ले आयी जो बहुत जल्दी बर्फ में बदल गयी। हर चीज़ बर्फ की सफेद पर्त में ढक गयी।

लोकी जिधर भी जाता सब तरफ चिन्ता भरी नजरें उसे देखतीं और उससे पूछतीं — "इडूना कहाँ जा सकती है लोकी? और यह कैसे हो सकता है कि इडूना हममें से किसी से कुछ भी कहे बिना अपना यह बागीचा छोड़ कर इस तरह चली गयी? क्या हममें से कोई ऐसा नहीं है जो उसे हमसे ज़्यादा जानता हो?"

धीरे धीरे दिन ब दिन इडूना की कमी का सारे लोगों पर असर पड़ने लगा। चिन्ता की लकीरें झुर्रियों में बदलने लगी थीं।

उन लोगों के बालों की चमक चली गयी थी और जल्दी ही वे सफेद भी होने लगे थे। वे देवता जो हमेशा जवान दिखायी देते थे अब बूढ़े होने लगे थे।

ऐसे समय में लोकी की बेटी हीला ओडिन के महल वल्हला[90] में प्रगट हुई तो ओडिन ने उसको वहाँ से जाने को कहा।

पर हीला हँसी और बोली — "मैं जल्दी ही तुम सबको खा जाने वाली हूँ। बिना इडूना के सेबों के तुम लोग जवान नहीं रह सकते और इसी लिये तुम लोग अब मौत से भी सुरक्षित नहीं हो।

तुम्हारा समय अब खत्म हो रहा है ओडिन। मैं चली तो जाऊँगी पर मैं तुम लोगों के मरने के बाद अपनी जमीन पर तुम्हारे लिये जगह बनाने के लिये ही जाऊँगी।" यह कह कर वह वहाँ से चली गयी।

उसके जाने के बाद ओडिन का बेटा ब्रैगी[91] बोला — "अगर हम इडूना का पता नहीं लगा सके तो इसके लिये तो हमको अपने आपको ही जिम्मेदार ठहराना चाहिये।

अब तो कई महीने बीत गये है और हममें से कोई भी उसको ढूँढने के लिये नहीं गया है। आप सब बताऐं क्या हम लोग इतने कमजोर हैं कि हम उसको ढूँढने के लिये अपनी ज़िन्दगी दाँव पर नहीं लगा सकते? कम से कम मैं तो इतना कमजोर नहीं हूँ।"

[90] Valhalla – the name of the palace of Odin
[91] Bragi – the son of Odin. Iduna was his wife.

ओडिन तुरन्त बोला — "ब्रैगी ठीक कह रहा है। वह और मैं दोनों अभी "किस्मत की तीन बहिनों"[92] के पास जाते हैं। वे हमको बतायेंगी कि हम इडूना को कहाँ ढूँढें।"

ये "किस्मत की तीन बहिनें" भूत, वर्तमान और भविष्य सबके बारे में सब कुछ बता सकती थीं पर वे पहेलियों में जवाब देती थीं जिनको केवल ओडिन ही सुलझा सकता था।

सो वे दोनों उन बहिनों के पास गये। वहाँ जा कर उनको पता चला कि इडूना को चुराने में लोकी का हाथ था और उसने उसको चुराने में थियासी की सहायता की थी और अब लोकी ही उसको बचा कर ला सकता था।

यह अच्छा काम कर के अपनी उस बुराई को वह अच्छाई में बदल सकता था क्योंकि उसने ही वह बुराई की थी।

इसके अलावा उन बहिनों ने उनको यह भी बताया कि उस राक्षस के बर्फ के महल तक पहुँचने के लिये लोकी को फाख्ता के पंख लगा कर उड़ना पड़ेगा।

वहाँ से लौट कर वे लोग लोकी के पास गये और उससे इडूना को वापस लाने के लिये कहा पर लोकी ने उस राक्षस का फिर से सामना करने से मना कर दिया क्योंकि वह उससे बहुत डरता था।

[92] Three Sisters of Fortune – there were three Sisters of Fortune who knew everything about past, present and future.

इस पर देवताओं ने उसको जान से मारने की धमकी दी तब कहीं जा कर वह माना।

बड़े बेमन से उसने उन लोगों को अपने कन्धे पर फाख्ता के पंख[93] बॉधने दिये। पंख बॉधते ही वह एक फाख्ता बन गया और आसमान में उड़ कर थियासी के महल की तरफ चल दिया।

जैसे जैसे लोकी उस महल के पास पहुॅच रहा था आसमान काला और और काला होता जा रहा था और हवा भी बहुत ठंडी होती जा रही थी।

आखिर उसको बर्फीले पहाड़ दिखायी देने लगे जो थियासी के राज्य को चारों तरफ से घेरे खड़े थे। थियासी का राज्य वाकई केवल बर्फ का था। उसमें कोई चमक नहीं थी क्योंकि वहॉ सूरज ही नहीं चमकता था।

लोकी ने ऐसी जगह पहले कभी नहीं देखी थी। थियासी का सारा महल बर्फ के पहाड़ में से कटा हुआ था। यहीं उसने इडूना को भी कैद कर रखा था।

इस डर से कि एक दिन देवता लोग इडूना को ढूॅढ ही लेंगे थियासी ने उसको एक ऐसे कमरे में बन्द कर रखा था जिसमें न तो रोशनी आती थी और न ही ताजा हवा। इडूना वहॉ अकेली रहती

[93] These dove feathers belonged to Freya. With these feathers on one could transform oneself in dove bird.

थी और थियासी के अलावा वह और किसी से मिल जुल भी नहीं सकती थी।

थियासी रोज उससे एक बार बस यही सवाल पूछता — "तुम मुझे वह कब दोगी इडूना जो मैं तुमसे माँगूँगा। मुझे वे जादू के सेब चाहिये और तुम मुझे मेरी दुलहिन के रूप में चाहिये। मेरे शब्द याद रखना। जल्दी या देर से तुमको मेरी बात माननी तो पड़ेगी ही।"

इडूना यह सुन कर काँप जाती पर उसकी धमकियों के बावजूद हिम्मत से उसको "नहीं" में ही जवाब देती।

इडूना जानती थी कि थियासी को जादू के सेब देना बहुत खतरनाक है क्योंकि उन सेबों की अच्छी ताकत थियासी के हाथों में पहुँचते ही बुरी ताकत में बदल जायेगी।

वह उन सेबों को जबरदस्ती भी ले सकता था पर जब भी वह उसकी वह सोने की सन्दूकची में से उनको निकालने की कोशिश करता तो उसके हाथ में पहुँचते ही वे सेब छोटे छोटे बीजों में सिकुड़ जाते और फिर वे बीज उसके हाथ से उसी सन्दूकची में ही फिसल कर गिर जाते।

उस सन्दूकची में गिर कर वे उसके कोनों में छिप जाते और वहाँ तब तक छिपे रहते जब तक कि इडूना खुद उनको अपना हाथ डाल कर नहीं निकालती। उसके निकालने पर वे फिर से पके हुए सेब बन जाते।

एक दिन वह राक्षस समुद्र के उस पार गया तो इडूना उसके पहरे से थोड़ी देर के लिये आजाद हुई। वह एक छोटी सी खुली दरार के पास गयी जहाँ अगर वह कान लगा कर सुनती तो वह दूर के समुद्र की आवाज भी सुन सकती थी।

उसने सोचा कि काश वह अपने बागीचे में वापस जा सकती। तभी उसने किसी को अपना नाम पुकारते सुना। उसने उस दरार से झाँक कर देखा तो वहाँ तो लोकी था। वह एक फाख्ता के रूप में था और तेज़ हवा से बचने के लिये उसने अपने पंख फैला रखे थे।

वह चिल्लाया — "जल्दी से अपनी सोने की सन्दूकची उठा लो इडूना।"

इडूना बोली — "वह तो मेरे पास ही है।"

फिर लोकी ने जादू के कुछ शब्द बोले तो इडूना तो एक छोटी सी भूरी चिड़िया में बदल गयी और उसकी सन्दूकची एक छोटे से लौकेट में बदल गयी जो उस चिड़िया के पंखों के नीचे छिप गया।

इडूना उस दरार में से तीर की तरह से बाहर आयी। तेज़ हवा उसके नाजुक पंखों को तोड़े डाल रही थी पर वह उस तेज़ हवा से बराबर बचने की कोशिश कर रही थी।

लोकी बोला — "आओ मेरे पीछे पीछे आ जाओ वरना हम दोनों हमेशा के लिये खो जायेंगे। आसगार्ड देश को यह वाला रास्ता जाता है। चलो इधर से चलेंगे।"

अपने घर और अपने प्यारे बागीचे के बारे में सोच कर इडूना में एक नयी ताकत आ गयी थी। वह फुसफुसायी — "अब थियासी नहीं जीत पायेगा।" और उसने तेज़ी से उड़ना शुरू कर दिया।

पर वे अभी बहुत दूर नहीं जा पाये थे कि उन्होंने गुस्से में भरी चिल्लाहटें सुनी। ये चिल्लाहटें थियासी राक्षस की थीं जो घूम कर वापस आ गया था और उसको पता लग गया था कि इडूना उसके महल से बच कर भाग निकली है।

थियासी एक बहुत बड़ी चिड़िया बन गया और उनके पीछे पीछे उड़ने लगा। तीन लम्बे दिन और तीन लम्बी रात तक वह उन दोनों का पीछा करता रहा। हालॉकि उसने उनसे बाद में उड़ना शुरू किया था फिर भी वह उनके काफी पास तक आ गया था।

जबसे लोकी गया था तबसे देवता वल्हला[94] की ऊॅची मीनार पर नजर रखे हुए थे कि कब वहॉ से कोई इशारा आता है।

चौथी रात को ओडिन की तेज़ ऑखों ने एक फाख्ता को और उसके पीछे एक और छोटी सी चिड़िया को वल्हला की ओर उड़ते आते देखा और फिर उनके पीछे एक बड़ी सी चिड़िया को आते देखा।

[94] Valhalla is the palace of the dead and Odin. It has 540 huge doors. Its walls are composed of shining spears and the roof of golden shields.

उनके उड़ने की गति को देख कर उसने दुखी हो कर दूसरों से कहा — “वे लोग अब थियासी से नहीं बच सकते। हमारे पास आने से पहले ही थियासी इडूना को पकड़ लेगा।”

सो ओडिन ने सबको आग जलाने के लिये कहा। जब तक आग अच्छी तरह से जली वे चिड़ियें पास आ चुकी थीं। अब सब लोगों को बस यही लग रहा था कि इडूना के वहाँ पहुँचने से पहले ही वह बड़ी चिड़िया इडूना को पकड़ लेगी।

पर अचानक वह फाख्ता आग से बचने के लिये ऊपर उड़ी तो वह छोटी चिड़िया भी उसके पीछे पीछे उड़ ली।

वे दोनों चिड़ियें तो छोटी और हल्की थीं सो वे काफी ऊपर उड़ गयीं पर वह बड़ी चिड़िया ऊपर उड़ने के लिये काफी भारी थी। वह नहीं उड़ सकी सो आग ने उसके पंख जला दिये और वह आग में गिर पड़ी।

इडूना ने अपनी आखिरी कोशिश की और वह आग से ऊपर उठ कर उड़ती हुई ओडिन के पैरों पर गिर पड़ी। ओडिन ने उसे अपने हाथों में उठा लिया। ओडिन के हाथों में आते ही इडूना अपने असली रूप में आ गयी।

उस दिन इडूना के आने का बहुत बड़ा उत्सव मनाया गया। इडूना की जीत की खुशी में गीत लिखे गये। वल्हला के कमरों में संगीत गूँज उठा।

एक बड़ी सी चमकीली मेज पर बहुत बड़ी दावत का इन्तजाम किया गया। इडूना ने अपनी सोने की सन्दूकची खोली और हर देवता को अपना जादू का सेब दिया।

जैसे ही उन्होंने वह सेब खाया उनके शरीरों में एक नयी ताकत दौड़ गयी और वे फिर से ताकतवर और जवान हो गये।

जब दावत खत्म हुई तो इडूना अपने सदाबहार बागीचे में लौट गयी। जैसे ही वह उसके अन्दर घुसी सूरज और ज़्यादा ज़ोर से चमकने लगा और मौसम और गरम हो गया।

सब जगह वसन्त आ गया और इडूना की गैरहाजिरी में जो कुछ मर सा गया था वह सब फिर से ज़िन्दा हो गया। पेड़ और लम्बे और हरे हो गये। फूलों के झुके हुए सिर उठ गये। हवा धीरे धीरे बहने लगी और चिड़ियें इडूना के लौटने की खुशी में चहचहाने लगीं।

7 जब लोकी और थोर स्त्री बने[95]

एक दिन सुबह जब थोर सो कर उठा तो उसको अपना हथौड़ा कहीं दिखायी नहीं दिया। वह सबसे पहले लोकी के पास गया और उससे जा कर बोला कि उसका जौलनिर हथौड़ा[96] नहीं मिल रहा।

और किसी और को तो तब तक यह तक पता भी नहीं था कि उसका हथौड़ा खो भी गया है।

तब दोनों फ्रेया के घर गये और थोर ने उससे उसका पंखों वाला शाल[97] माँगा ताकि वह अपना हथौड़ा ढूँढ सके।

फ्रेया ने कहा कि अरे इसमें क्या बात है। अगर उसका वह शाल सोने या चाँदी का भी होता तो भी वह उसको दे देती यह तो केवल पंखों का ही शाल है। लोकी उसका पंखों का वह शाल ओढ़ कर उड़ गया।

---

[95] When Loki and Thor Assumed the Form of a Woman" – a mythological tale from Norse countries. Taken from "Wikipedia" - http://en.wikipedia.org/wiki/Loki
[This description is written in Thrimesvida entitled poem given in Poetic Edda, but here we have taken it from Wikipedia.]

[96] Mjollnir Hammer of Thor

[97] Translated for the word "Cloak" which is worn on both shoulders to get warmth. See its picture above. It can be full length also.

जोटुन थ्राइमर[98] अपने जोटुनहीमर[99] में एक टीले पर बैठा हुआ था और अपनी कुतियों के गले में डालने वाले सोने के पट्टे बना रहा था और अपने घोड़ों की गर्दन के बाल काट रहा था।

थ्राइमर ने लोकी को आते देखा तो उससे पूछा कि ऐसिर और ऐल्व्ज़[100] के यहाँ क्या हो गया है जो लोकी जोटुनहीमर अकेला ही आया है।

लोकी बोला — "मैं ऐसिर और ऐल्व्ज़ दोनों के लिये एक बुरी खबर लाया हूँ। थोर का जौलनिर हथौड़ा खो गया है।"

थ्राइमर बोला — "मैंने वह हथौड़ा धरती के आठ लीग[101] नीचे छिपा कर रखा हुआ है। उसको वहीं से निकाला जा सकता है। अगर फ्रेया को उसकी पत्नी बना कर दे दिया जाये तो वह वह हथौड़ा थोर को वापस दे सकता है।"

यह सुन कर लोकी अपना पंखों वाला शाल ओढ़ कर वहाँ से वापस चल दिया और देवताओं के दरबार में आया। थोर ने लोकी से पूछा कि क्या उसको उसके हथौड़े का कुछ पता चला।

98 Jotun means demon, so Jotun Thrymer means demon Thrymer. He lived in Jotunheimer

99 Jotunheimer is the place below the Earth where demons live.

100 Asir gods and Elves – there are two types of gods – Asir and Vanir.

101 A league is a unit of length. It was long common in Europe and Latin America, but it is no longer an official unit in any nation. It was originally meant the distance a person could walk in an hour. On land, the league was most commonly defined as three miles. At sea, a league was three nautical miles (6,076 yards). So it all depends on the era and place.

लोकी बोला — "हॉ कुछ तो पता चल ही गया है। थोड़ी मेहनत तो करनी पड़ी पर मुझे अपने काम में सफलता मिल गयी। मुझे पता चल गया कि तुम्हारा हथौड़ा थ्राइमर के पास है।

पर वह तुम्हारा हथौड़ा तब तक नहीं देगा जब तक फ्रेया उसकी पत्नी नहीं बनेगी।"

दोनों फ्रेया के पास गये और उसको दुलहिन के रूप में सजने को लिये कहा ताकि वे उसको जोटुनहीमर ले जा सकें और थ्राइमर से अपना हथौड़ा ला सकें।

यह सुन कर फ्रेया को बहुत गुस्सा आया। और इतना गुस्सा आया कि ऐसिर के घर कॉप गये और उसका मशहूर ब्रिसिंगमैन हार[102] उसके गले से नीचे गिर पड़ा। फ्रेया ने साफ मना कर दिया कि वह थ्राइमर के पास उसकी पत्नी बन कर नहीं जायेगी।

इसका नतीजा यह हुआ कि देवी देवताओं ने आपस में एक मीटिंग की।

तो हीमडैलर[103] देवता ने जो बाइफ्रौस्ट पुल[104] की रखवाली करता है सलाह दी कि बजाय फ्रेया के थोर को दुलहिन बना कर थ्राइमर के पास ले जाया जाये। इसके लिये उसको घुटनों के नीचे

---

[102] Brisingamen is the name of Freya's necklace made by Brising dwarves and they gave it to her.
[103] Heimdaler – the guard of Bifrost rainbow bridge between the Earth and Asgard.
[104] Bifrost Bridge is the Rainbow bridge which connects gods' world Asgard to human world Midgard.

तक के लड़कियों के कपड़े पहनाये जायें, सारे गहने पहनाये जायें और ब्रिसिंगमैन का हार भी पहना दिया जाये।

थोर ने तुरन्त ही इस प्लान को मना कर दिया कि वह एक स्त्री नहीं बन सकता। पर लोकी बोला कि जौलनिर हथौड़े को वापस लेने का इससे अच्छा कोई और तरीका नहीं है।

क्योंकि जब राक्षसों को यह पता चलेगा कि अब थोर के पास उसका हथौड़ा नहीं है तो वे तो आसगार्ड पर हमला भी कर सकते थे और अगर वे जीत गये तो यहाँ आ कर रहने भी लगेंगे इसलिये वह हथौड़ा उन लोगों से वापस लेना बहुत जरूरी था।

यह सुन कर तो थोर को उनकी बात माननी ही पड़ी। सो देवताओं ने थोर को फ्रेया के रूप में सजाया।

लोकी बोला कि वह थोर के साथ उसकी दासी बन कर खुद जायेगा। इस तरह दोनों जोटुनहीमर साथ साथ ही जायेंगे। थोर को ज़्यादा चिन्ता करने की जरूरत नहीं है वह हमेशा उसके साथ है।

थोर के दो बकरों से खींचे जाने वाले रथ पर सवार हो कर थोर और लोकी दोनों रूप बदल कर जोटुनहीमर पहुँच गये।

जब थ्राइमर ने इन दोनों को देखा तो राक्षसों को अपने कमरे में रखी बैन्च पर भूसा बिछाने का हुक्म दिया क्योंकि आज का दिन तो उसके लिये बहुत बड़ा दिन था। आज फ्रेया उसकी पत्नी बन कर आ रही थी।

थ्राइमर ने अपने जानवर और खजाने को फिर से देखा तो उसको लगा कि केवल फ्रेया ही थी जो उसके पास नहीं थी बाकी तो उसके पास सभी कुछ था। उसको किसी चीज़ की कमी नहीं थी।

शाम होने पर थोर और लोकी थ्राइमर और दूसरे राक्षसों से मिले। वहाँ थोर बहुत ज़्यादा खा पी रहा था। वह एक पूरा का पूरा जानवर खा गया और तीन बैरल[105] शराब पी गया।

थ्राइमर ने सोचा कि जैसा फ्रेया के बारे में उसने सोचा हुआ था उससे तो वह बहुत ही अलग निकली। इसके अलावा उसकी दासी जो असल में लोकी था वह भी बहुत ही अजीब थी।

दासी ने फ्रेया के ऐसे व्यवहार के लिये सफाई दी कि क्योंकि फ्रेया ने यहाँ आने की खुशी में आठ दिन से कुछ खाया पिया नहीं था इसलिये वह इतना सब कुछ खा गयी।

थ्राइमर को यह जवाब कुछ अजीब सा लगा फिर भी वह मान गया। खाने के बाद थ्राइमर ने फ्रेया का मुँह चूमने के लिये थोर के चेहरे पर पड़ा परदा हटाया तो वहाँ तो बड़ी भयानक जलती हुई आँखें उसको घूर रही थीं।

[105] A barrel is a hollow cylindrical container traditionally made of wooden staves bound by wooden or metal hoops. In the UK a barrel of beer refers to a quantity of 36 imperial gallons (160 L; 43 US gal). Wine was shipped in barrels of 119 litres (31 US gal; 26 Imp gal). A small barrel is called a keg.

लोकी ने इसकी सफाई दी कि ऐसा इसलिये है क्योंकि फ्रेया आठ रातों से यहाँ आने की खुशी में सो भी नहीं पायी है इसलिये उसकी आँखें ऐसी हो गयी हैं।

तभी थ्राइमर की बड़ी बहिन भी वहाँ आ गयी और फ्रेया से उसकी शादी की भेंट माँगने लगी।[106]

थ्राइमर लोकी की दलीलें सुन कर सन्तुष्ट हो गया था सो वह समुद्र के नीचे गया और वहाँ से जौलनिर हथौड़ा निकाल लाया और फ्रेया को खुश करने के लिये उसने उसको उसकी गोद में रख दिया।

उसके बाद वार देवी[107] ने उन दोनों की शादी करा दी। थोर ने जब अपना हथौड़ा अपनी गोद में देखा तो मन ही मन हँसा कि अब तो मेरा काम बन गया।

उसने तुरन्त अपना हथौड़ा उठाया और उससे थ्राइमर पर वार किया। उसने उससे दूसरे राक्षसों की भी पिटायी की और थ्राइमर की बड़ी बहिन को मार दिया।

इस तरह से लोकी ने थोर की उसका हथौड़ा लेने में सहायता की।

---

[106] This ceremony is similar to our Western UP families where when the bride comes to her husband's house, her husband's sister opens her sister-in-law's box of clothes, and in return of this the sister-in-law asks her to take one of her choicest dresses for herself.

[107] Var is a goddess

8 लोकी ने ओडिन और होनिर को बचाया[108]

एक बार जब ह्रीडमर का बेटा रैजिन सिगुर्ड को पाल पोस कर बड़ा कर रहा था[109] तो रैजिन ने सिगुर्ड को बताया कि एक बार ओडिन, होनिर और लोकी अंडवार झरने[110] पर गये। उस झरने में बहुत सारी मछलियाँ रहती थीं।

रैजिन बौने के दो भाई थे – एक तो अंडवारी जो वहीं अंडवारा झरने के पास ही रहता था और वहीं से मछली खा कर अपना गुजारा करता था और दूसरा था ओटर[111] जो वहाँ औटर मछली के रूप में जाता था।

जब वे तीनों उस झरने पर थे तो ओटर ने जो एक औटर के रूप में था एक सैमौन मछली पकड़ी और उसको एक नदी के किनारे ले जा कर आँखें बन्द कर के खाने लगा।

उसी समय लोकी ने उसको एक पत्थर मार कर उसकी हत्या कर दी। देवताओं को लगा कि यह तो उसने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने उस औटर मछली की खाल निकाल ली और थैले बनाने के लिये ले गये।

---

[108] Loki Saved Odin and Honir – adapted from Wikipedia http://en.wikipedia.org/wiki/Loki

[109] When Hriedmar's son Regin was fostering the god Sigurd…

[110] Odin, Honir and Loki went to Andvara Fall. Honir is another name of Odin's one of the sons – Ve or Vili.

[111] Oter who went to Andvara Fall assuming the form an otter fish.

उसी रात ये तीनों देवता हीडमर के पास रुके। हीडमर, रेजिन, अंडवारी और ओटर का पिता था और इनमें से ओटर अब मर चुका था।

उन्होंने तीनों ने अपने अपने शिकार उसको दिखाये जिनमें ओटर की खाल भी थी। जैसे ही हीडमर और रैजिन ने ओटर की खाल देखी तो उन्होंने अपने बेटे ओर भाई को पहचान लिया। उन्होंने उन तीनों देवताओं को पकड़ लिया।

उन्होंने उनसे कहा कि वे अब उनको तभी छोड़ेंगे जब वे ओटर की खाल का थैला सोने से भर देंगे और उस थैले को लाल सोने से ढक देंगे और नहीं तो वे उनको मार देंगे।

यह सुन कर इन देवताओं ने लोकी को सोना लाने के लिये भेजा। लोकी देवी रैन[112] के पास गया और उससे उसका मछली पकड़ने वाला जाल मॉगा। देवी रैन ने उसको अपना वह जाल दे दिया। जाल ले कर वह फिर से अंडवारा झरने पर पहुँचा।

वहॉ जा कर लोकी ने अंडवारी के सामने अपना जाल फेंका। तुमको याद होगा कि हीडमर का बेटा अंडवारी वहीं उसी झरने में एक मछली के रूप में रहता था और वहीं उस झरने की मछलियॉ खा कर ज़िन्दा रहता था।

---

[112] Ran is a sea-goddess and a storm-goddess. She is the sister and wife of Aejir, the sea god. She has a net in which she lures the sailors and carries them down to her home in the deep sea. She is especially pleased with those sailors who have lots of gold. By drowning them she takes their gold. Once she lent her net to Loki to catch Andvari.

सो जब लोकी ने अपना जाल उस झरने के पानी में फेंका तो अंडवारी लोकी के उस जाल में फँस गया।

अब लोकी तो बहुत चालाक है। पहले तो उसने अंडवारी का मजाक बनाया और फिर उससे कहा कि वह उसको अब तभी छोड़ेगा जब वह लोकी को यह बता देगा कि उसका सोना कहाँ है।

इस पर अंडवारी ने लोकी को अपने बारे में बताया कि उसको तो "बदकिस्मती की देवी"[113] ने उसके बचपन में ही शाप दे दिया था।

लोकी ने पूछा — "अगर कोई दूसरे को अपने शब्दों से दुखी करे तो मनुष्य के लिये उसकी क्या सजा है?"

अंडवारी बोला — "अगर कोई झूठ बोलता है तो उसकी तो बहुत ही भयानक सजा है। उसको अपना वह पाप नदी में बहाना पड़ेगा और उसके दुख उसको बहुत दिनों तक सहने पड़ेंगे।"

लोकी ने उस सोने की तरफ देखा जो अंडवारी के पास था। इसलिये अंडवारी लोकी से झूठ नहीं बोल सका और उसने लोकी को अपना सारा सोना दे दिया पर उसने एक ॲगूठी रोक ली, अंडवारीनौट[114] ॲगूठी, पर लोकी ने उससे वह ॲगूठी भी ले ली।

उसके बाद अंडवारी अपने बौने के रूप में आ गया और एक पत्थर में चला गया और लोकी से बोला कि यह सोना उसके दोनों

---

[113] Goddess of Misfortune

[114] Andavarinaut – name of the ring of Andvari

भाइयों को मार देगा, आठों राजकुमारों के बीच झगड़ा पैदा करेगा और किसी के भी काम नहीं आयेगा।

लोकी वह सोना ले कर वापस आ गया। उसने औटर की खाल को बिछाया, उसके पैर फैलाये और वह सोना उस सारी खाल पर उसको ढकते हुए रख दिया। और इस तरह तीनों देवताओं ने वह सोना ह्रीडमर को दे दिया।

ह्रीडमर ने देखा कि उस खाल का एक बाल सोने से नहीं ढका था। ह्रीडमर बोला कि उनको उस खाल का वह एक बाल भी सोने से ढकना चाहिये। तब ओडिन ने वह अंडवारीनौट ऍगूठी उस बाल के ऊपर रख दी।

इसके बाद लोकी ने उनको बताया कि वह सोना भी अंडवारी की तरह से शापित था। उसने कहा कि इससे ह्रीडमर और रैजिन दोनों मर जायेंगे।

ह्रीडमर बोला अगर यह बात उसको पहले मालूम होती तो वह यह सोना मॉगता ही नहीं बल्कि उन तीनों देवताओं की जान ही ले लेता।

फिर भी ह्रीडमर को विश्वास था कि जिनके लिये यह शाप था वे लोग तो अभी पैदा भी नहीं हुए है। और वैसे भी उसको लोकी की बातों में विश्वास भी नहीं था।

वह बहुत खुश था कि यह सोना पाने के बाद वह अब इस सोने से अपनी ज़िन्दगी भर के लिये लाल सोना ले लेगा। इसके बाद उसने तीनों देवताओं को छोड़ दिया।

9 लोकी ने बलडूर को कैसे मारा[115]

नौर्स देशों के देवताओं[116] के रहने की जगह यानी आसगार्ड बहुत सुन्दर जगह थी। वहाँ हर समय रोशनी रहती थी और देवता लोग अपनी ज़िन्दगी का सबसे अच्छा हिस्सा वहीं गुजारा करते थे।

वे लोग वहाँ कभी लेट जाते, कभी एक दूसरे की तारीफ करते और कभी अमर करने वाले सेब खा लेते जो वहीं बागीचे में उगते थे।

कभी कभी जब कोई देवता नीचे धरती की तरफ देखता तो उसको लगता कि उसकी दुनियाँ से बाहर भी लोग रहते हैं और बड़े साइज़ के लोग[117] भी रहते हैं पर वे अमर नहीं हैं।

वे जितनी जल्दी पैदा होते थे उतनी ही जल्दी मर भी जाते थे। इसलिये वे देवता उनकी तरफ ज़्यादा ध्यान नहीं दे पाते थे।

पर एक बार एक बड़ी दुख भरी घटना घटी। एक बार बड़े साइज़ के लोगों ने लोकी को स्वर्ग में जहाँ वे लोग रहते थे एक दरार खोलने के लिये कहा गया ताकि वे वहाँ से अमर करने वाले सेब चुरा सकें।

---

[115] How Loki Killed Baldr – Adapted from the Web Sites : http://www.tomthumb.org/426/how-loki-killed-baldr-stories-of-the-norse-gods/ and http://mythology.wikia.com/wiki/Balder

[116] Norse gods

[117] Humans and Giants

अब देवताओं के बूढ़ा होने का और उनके बाल सफेद होने का समय भी आ गया था। सब देवताओं को लोकी पर विश्वास था कि लोकी ऐसा कभी नहीं करेगा कि वह सेबों की चोरी के लिये उन बड़े लोगों के लिये उस बागीचे में दरार खोल दे।

क्योंकि उसने दूसरे देवताओं से ऐसा न करने का वायदा किया था इसलिये वे सब इस दरार खोलने के बारे में उसकी तरफ से बिल्कुल बेफिक्र थे।

बलडूर[118] स्वर्ग का सबसे अच्छा देवता था। वह बहुत सुन्दर था और वहाँ का तारा कहलाता था। वह रोशनी का देवता था। वह अपनी पवित्रता, गुणों और सब अच्छी बातों के लिये मशहूर था। और इस सबकी वजह से उसका चेहरा हमेशा धूप की तरह चमकता रहता था।

बलडूर की पत्नी का नाम नन्ना[119] है। उनका एक बेटा है जिसका नाम फ़ौरसेटी[120] है जो न्याय का देवता है।

बलडूर के पास सबसे बड़ा जहाज़ था जिसका नाम रिंगहौर्न[121] था। यह जाने पहचाने सब जहाज़ों में सबसे बड़ा जहाज़ था।

---

[118] Baldur (or Baldr) – is the son of Odin and Freya (Frigga). He is the brother of Hermod, Hoder and Thor.

[119] Nanna is the wife of Baldur

[120] Forseti is the son of Baldur and his wife Nanna and is the god of Justice

[121] Ringhorn – the ship of Baldur

इसका घर भी बहुत सुन्दर और चमकदार था जहाँ कोई बुराई और गन्दगी नहीं आ सकती थी।

अपनी इज़्ज़त और साहस के अलावा बलडूर केवल अपनी मौत के लिये ही ज़्यादा मशहूर है।

हालाँकि बलडूर सबको बहुत प्यारा था इसलिये किसी के लिये भी यह सोचना बहुत मुश्किल था कि कोई उसका बुरा भी सोच सकता था। पर फिर उसको कुछ ऐसे बुरे सपने आने लगे जिनमें वह अपनी बड़ी हिंसा वाली मौत देखता था।

एक दिन उसने अपनी माँ फ्रिग[122] को इन सपनों के बारे में बताया तो उसकी माँ दुनियाँ भर की यात्रा पर निकल पड़ी।

वह दुनियाँ के हर ज़िन्दा आदमी, जानवर और पौधे से यह वायदा लेना चाहती थी कि वह उसके बेटे बलडूर को किसी तरह का कोई भी नुकसान नहीं पहुँचायेगा।

इसके लिये वह दुनियाँ के सब ज़िन्दा आदमियों, जानवरों और पौधों के पास गयी और उनसे यह प्रार्थना की वे उसके बेटे को किसी तरह से भी नुकसान न पहुँचायें। सबने उससे वायदा किया कि वे कभी उसके बेटे को कोई नुकसान नहीं पहुँचायेंगे।

देवता लोग उसकी इस कोशिश से बहुत प्रभावित हुए। बलडूर के अजेय होने की खुशी में और उसकी इज़्ज़त बढ़ाने के लिये उन्होंने एक खेल निकाला।

[122] Frigg – mother of Baldur, sometimes known as Freya also.

इस खेल में वे उसके ऊपर कोई भी हथियार फेंकते तो वह उसको बिना कोई नुकसान पहुँचाये ही वापस आ जाता। देवता यह खेल खेलते और देख कर खुश और सन्तुष्ट होते कि कोई भी हथियार बलडूर को ज़रा सा भी नुकसान नहीं पहुँचा पा रहा था।

पत्थर की बड़ी बड़ी चट्टानें उसके सिर पर फेंकी जातीं तो वे बजाय उसको कोई नुकसान पहुँचाने के खुद ही सब चकनाचूर हो कर उसके सामने ही गिर पड़तीं।

लोहे के चक्र उस पर चलाये जाते तो वे अपने घेरे से बाहर निकल जाते। और अगर उसके ऊपर तीर चलाये जाते तो वे उसके पैरों में जा गिरते।

और अगर उस देवता को देख कर बलडूर मुस्कुरा देता जो उस पर यह सब हथियार चला रहा था तो वह उसका इनाम होता।

यह सब देख कर लोकी बहुत चिढ़ रहा था। हालाँकि जब भी यह खेल खेला जाता और कोई दूसरा उसको देखता होता तो वह हँस हँस कर खूब ताली बजाता। इससे दूसरे को ऐसा लगता जैसे कि वह खेल उसको बहुत अच्छा लग रहा था पर अन्दर ही अन्दर वह बहुत ही कुढ़ रहा होता।

यह सच था कि लोकी एक देवता था पर वह एक बड़े साइज़ के आदमी का बेटा भी था और उसकी पत्नी भी बड़े साइज़[123] की

---

[123] Translated for the word "Giantess"

स्त्री थी। इसलिये देवताओं से ज़्यादा उसको मालूम था कि किसी भी बात को ज़रा सा भी इधर उधर करने की कितनी कीमत थी।

बस उसको एक विचार आया। उसने सफाई करने वाली एक बुढ़िया का रूप रखा और बलडूर की मॉ फ्रिग से बतियाने चला गया।

"आपका बेटा कितना सुन्दर और ताकतवर है।"

"हॉ, वह तो मेरी ही नहीं बल्कि सबकी जान है।"

"और उसको तो कोई जीत भी नहीं सकता।"

"हॉ, दुनियॉ में चाहे वह धरती पर हो या स्वर्ग में कोई उसको न तो जीत सकता है और न ही कोई नुकसान पहॅुचा सकता है।"

बुढ़िया ने पूछा — "पर यह सब हुआ कैसे?"

फ्रिग शान से बोली — "क्योंकि मैंने हर ज़िन्दा आदमी और पौधे से और यहॉ तक कि हर बेजान चीज़ से भी यह वायदा करा लिया है कि वे मेरे बेटे को किसी भी तरह का कोई भी नुकसान नहीं पहॅुचायेंगे।"

बुढ़िया ने पक्का करने के लिये उससे फिर से पूछा — "क्या आपको पूरा यकीन है कि आपने सबसे यह वायदा ले लिया है?"

अब फ्रिग कुछ सोच में पड़ गयी और बोली — "हॉ ले तो लिया है पर...."

"पर क्या....?"

"पर एक पौधा था, बहुत छोटा सा – मिसिल्टो[124]। शायद यही नाम था उसका। पर वह इतना छोटा था कि मैंने उससे यह वायदा लेना जरूरी नहीं समझा।"

यह सुन कर लोकी की ऑखों में चमक आ गयी। बस वह वहॉ से तुरन्त उठा और धरती की तरफ चल दिया। वहॉ से वह मिसिल्टो का एक छोटा सा टुकड़ा स्वर्ग ले आया।

स्वर्ग में आ कर उसने देखा तो देवता लोग तो बलडूर पर कई तरह के हथियार फेंकते फेंकते ही नहीं थक रहे थे बल्कि उनको उसमें बड़ा आनन्द आ रहा था।

पर वहॉ एक देवता ऐसा भी था, एक अन्धा देवता, जो एक तरफ खड़ा था और बस दूसरों के आनन्द को केवल सुन सुन कर ही आनन्द ले रहा था। वह था बलडूर का अन्धा भाई होडूर[125]।

लोकी उसकी तरफ धीरे धीरे बढ़ा और उसने होडूर से पूछा — "दूसरे देवताओं की तरह से तुम भी बलडूर का आदर क्यों नहीं कर रहे?"

होडूर ने एक लम्बी सॉस ली — "लोकी, तुम तो जानते हो कि मैं अन्धा हूॅ और फिर मेरे पास कोई हथियार भी तो नहीं है।"

---

[124] Mistiltoe, pronounced as "Misilto", is a fungus type plant. These plants attach to and penetrate the branches of a tree or shrub by a structure called the haustorium, through which they absorb water and nutrients from the host plant. That is why it is called parasite. See the picture – the white fungus is Mistiltoe.

[125] Hodur – He was the blind brother of Baldur – Odin and Freya's another son.

“मगर यह तो अफसोस की कोई बात न हुई होडूर। तुम भी दूसरे देवताओं की तरह उसका आदर कर सकते हो।”

“वह कैसे?”

“मैं तुम्हारी सहायता करूँगा होडूर। लो तुम यह छोटा सा पौधा लो और इसको तुम हथियार की जगह इस्तेमाल कर सकते हो।”

यह कह कर लोकी ने होडूर को मिसिल्टो पौधे का वह टुकड़ा दे दिया जो वह धरती से अभी अभी स्वर्ग ले कर आया था।

यह वही पौधा था जिस पौधे से फ्रिग ने बलडूर को छोड़ देने की प्रार्थना नहीं की थी और जिसे वह धरती से केवल इसी लिये ले कर आया था ताकि वह बलडूर को मार सके क्योंकि वही एक पौधा था जो उसको मार सकता था।

बेचारे होडूर को क्या मालूम था कि लोकी के दिये हुए उस टुकड़े से वह अपने भाई की हत्या करने जा रहा है। उसने मिसिल्टो का वह टुकड़ा लोकी से लिया और खुशी से बलडूर को यह सोच कर फेंक कर मारा कि वह भी बलडूर का आदर कर रहा था।

पर यह क्या? वह टुकड़ा तो बलडूर की गर्दन में जा कर लगा और उस टुकड़े ने उसको तुरन्त ही मार दिया।

होडूर को जब पता चला कि उसके हथियार से तो उसका भाई मर गया तो वह तो हक्का बक्का रह गया पर वह क्या कर सकता था। उस बेचारे को तो कुछ पता ही नहीं था।

बलडूर के मरने का सब देवताओं को बड़ा दुख हुआ। ओडिन ने हरमोड[126] को मौत की देवी हीला के पास भेजा कि वह बलडूर की ज़िन्दगी वापस कर दे। तो उसने जवाब दिया कि वह उसको तभी ज़िन्दा कर सकती है जब दुनियाँ के सारे मरे और ज़िन्दा लोग उसके लिये रोयें।

लोकी तब तक जादूगरनी थौक[127] बन चुका था। केवल वही एक था जो बलडूर के लिये नहीं रोया। इसलिये बलडूर हीला के पास ही रहा।

अब देवताओं ने बलडूर के अन्तिम संस्कार की तैयारी की। उन्होंने उसके शरीर को लाल रंग के कपड़े में लपेट कर उसके जहाज रिंगहौर्न में रख दिया जैसे किसी मरे आदमी के शरीर को लोग चिता पर रखते हैं।

उसकी चिता पर उसका घोड़ा और उसका और सामान भी रख दिया। उसके बाद वह जहाज समुद्र में धकेल दिया गया।

उसके पास ही उसकी चिता पर उसकी पत्नी नन्ना थी क्योंकि बलडूर के मरने के बाद में वह भी दिल के दर्द से मर गयी थी।

बलडूर को मरता देख कर लोकी अपनी जीत की ख़ुशी में लोट पोट हो गया पर समय रहते ही वह सँभल गया और वहाँ से भाग

[126] Hermod – another son of Odin and Freya

[127] Thokk

निकला। पर वह भागने नही पाया देवताओं ने उस चालाक धोखेबाज देवता को रास्ते में ही पकड़ लिया।

10 लोकी का देवताओं का अपमान[128]

लोकसेन्ना[129] एक कविता है जो "पद्य ऐडा" का एक हिस्सा है जिसमें यह घटना लिखी हुई है कि लोकी ने सब देवताओं का अपमान कैसे किया। वही घटना आज हम तुमको यहाँ बता रहे हैं।

बलडूर की मौत के बाद समुद्र के देवता ऐसिर[130] ने सब देवताओं को अपने घर बुलाया ताकि वे अपने दुश्मन को भूल पायें। यहाँ आ कर लोकी ने बाँधे जाने से पहले अपना आखिरी जुर्म किया।

यहाँ आ कर उसने इडूना के पति ब्रैगी[131] का अपमान किया। उसने उसको एक कायर, डरपोक और गरीब आदमी कहा। उसके बाद उसने इडूना, गैफजून, ओडिन, फ्रेया, फ्रे, टीयर, सिफ़ और और भी कई देवी देवताओं का अपमान किया।

इस अपमान को न सह सकने के कारण थोर ने उसको वहाँ से भगा दिया। इस सबकी कहानी इस कविता में इस तरह से दी गयी है।

---

[128] Loki Insulted Gods – a mythological story of Norse countries, Europe.
[129] Lokasenna is a poem in "Poetic Edda" in which this incident is described.
[130] Aejir – the god of Sea
[131] Bragi or Braggi is the husband of Iduna and the son of Odin.

बलडूर की हत्या के बाद समुद्र के देवता ऐसिर ने अपने घर में सब देवताओं को एक दावत दी ताकि उन सबके आपस का मन मुटाव खत्म हो जाये।

ऐसिर के घर में देवताओं ने ऐसिर के नौकरों की बड़ी तारीफ की कि वे बहुत ही सधे हुए थे और अपना काम बहुत अच्छे से कर रहे थे तो लोकी उसको सहन नहीं कर सका। उसने ऐसिर के एक नौकर को मार दिया।

इस बात पर गुस्सा हो कर देवताओं ने अपने अपने हथियार निकाल लिये और लोकी को वहाँ से जंगल की तरफ भगा दिया।

लोकी को भगा कर देवता लोग फिर वापस आ गये और उन्होंने फिर से पीना शुरू कर दिया। पर लोकी भी फिर से वापस आ गया और जिस कमरे में देवता बैठे थे उसके बाहर ऐलडिर[132] से आ कर मिला।

उसने ऐलडिर से पूछा कि देवता लोग अन्दर क्या बात कर रहे हैं। ऐलडिर ने बताया कि वे लड़ाई में इस्तेमाल करने वाले हथियारों के बारे में बात कर रहे हैं। और उसके अपने बारे में तो वे कोई अच्छी बात भी नहीं कर रहे हैं।

लोकी ने उससे कहा कि वह उस दावत में अन्दर जायेगा और दावत खत्म होने से पहले देवताओं में लड़ाई करवा देगा और उनकी शराब में कुछ बुरी चीज़ मिला देगा।

[132] Eldir – the gatekeeper of the God of Sea – Ajir

ऐलडिर ने कहा कि अगर वह उनके ऊपर चिल्लायेगा और उनको लड़वायेगा तो उसकी करनी पलट कर उसी के ऊपर आ कर पड़ेगी इसलिये उसको ऐसा नहीं करना चाहिये। पर लोकी अपने प्लान के साथ अन्दर चला गया।

लोकी को वहाँ आया देख कर सारे देवता चुप हो गये। अन्दर जा कर उसने देवताओं से कहा कि वह बहुत प्यासा था सो दूर यात्रा करने से पहले वह उनकी मशहूर शराब पीना चाहता था।

किसी देवता ने कोई जवाब नहीं दिया तो लोकी ने उनसे पूछा "अरे तुम लोग चुप क्यों हो? या तो मुझे दावत में बैठने के लिये कहो और या फिर जाने के लिये कहो। कुछ तो बोलो।"

लोकी की इस बात का सबसे पहले स्काल्डी देवता ब्रैगी[133] ने जवाब दिया कि लोकी को देवताओं की उस दावत में नहीं बैठने दिया जायेगा। देवता जानते हैं कि उनको किसको उस दावत में बुलाना है और किसको नहीं।

लोकी ने ब्रेगी को सीधे तो जवाब नहीं दिया पर उसने ओडिन से कहा — "ओडिन, तुमको याद है जब हम एक साथ बैठा करते थे तब तुम मेरे बिना शराब नहीं पीते थे। तुम कहते थे कि तुम तब तक शराब नहीं पियोगे जब तक वह मेरे लिये भी नहीं लायी जायेगी।"

---

[133] Bragi is the Scaldi god and is the husband of Iduna – read her story No 6 in this book "Loki Aur Iduna"

इस पर ओडिन ने अपने चुप बैठे बेटे विडार[134] को उठने के लिये कहा ताकि लोकी वहाँ बैठ सके। और ताकि वह ऐजिर के घर में देवताओं को कुछ बुरा भला न कह सके।

विडार उठ गया और लोकी के लिये शराब का एक गिलास बना कर ले आया। शराब पीने से पहले लोकी ने ब्रेगी को छोड़ कर सभी देवताओं के लिये टोस्ट उठाया[135]।

ब्रेगी बोला कि वह लोकी को अपनी चीज़ों में से एक घोड़ा, एक तलवार और एक ॲगूठी देगा अगर वह देवताओं से नफरत न करे तो।

लोकी बोला कि ब्रेगी को हमेशा ही इन चीज़ों की कमी रहेगी। वह हमेशा लड़ाई से भागेगा और तीर चलाने से झिझकेगा।

ब्रेगी बोला कि अगर वे दोनों ऐसिर के घर के बाहर होते तो वह यह झूठ बोलने पर लोकी का खून कर देता पर वह क्योंकि वह ऐजिर के घर में था इसलिये उसके घर के अन्दर वह कुछ ऐसा वैसा नहीं करना चाहता था।

लोकी बोला — "ब्रेगी का क्या। वह तो जब तक बैठा रहता है बस तभी तक वह बहादुर है वरना तो वह कुर्सी पर बैठने वाली एक सजावट की चीज़ है। अगर उसके सामने कोई बहादुर आदमी आ जाये तो वह तो वहाँ से भाग ही जायेगा।"

---

[134] Vidarr – the son of Odin and demoness Grior

[135] Toast is a western custom. When people drink liquor they raise their glass to each other wishing them good for health and prosperity by saying "cheers".

यह सब सुन कर ब्रेगी कुछ कहने ही वाला था कि देवी इडूना ने ब्रेगी से कहा कि उसको ऐजिर के घर में लोकी का अपमान नहीं करना चाहिये।

पर ब्रेगी ने इडूना को यह कहते हुए चुप कर दिया कि वह तो सारी देवियों में सबसे ज़्यादा "आदमियों के पीछे पागल" है। उसने तो अपने भाई के कातिल को भी गले लगा लिया था।

इडूना बोली कि वह ऐजिर के घर में इन सब इलजामों का जवाब नहीं देगी लेकिन फिर भी वह ब्रेगी को चुप रहने को ही कहेगी क्योंकि वह यह सब शराब पी कर बोल रहा था और वह नहीं चाहती थी कि ब्रेगी और लोकी आपस में लड़ें।

देवी गैफ़ियोन[136] बोली कि ब्रेगी और लोकी को आपस में लड़ना ही क्यों चाहिये। लोकी को तो मालूम है कि वह मजाक कर रहा है क्योंकि वह जानता है कि सब उसको बहुत प्यार करते हैं।

लोकी ने गैफ़ियोन से कहा कि यह गैफ़ियोन भी कौन सी दूध की धुली है। एक बार एक "सफेद लड़के"[137] ने गैफ़ियोन को केवल एक रत्न दे कर ही आकर्षित कर लिया था और गैफ़ियोन ने उसके ऊपर अपनी जॉघ रख दी थी।

[136] Gafion Goddess
[137] White Boy

ओडिन बोला यह लोकी तो पागल है जो गैफ़ियोन को अपना दुश्मन बना रहा है क्योंकि गैफ़ियोन भी उतनी ही अक्लमन्द है जितना कि मैं।

लोकी बोला कि ओडिन लड़ाई में लगे पुरुष की इज़्ज़त करना नहीं जानता। अक्सर वह कमजोर दिल वालों को जिता देता है।[138]

ओडिन बोला अगर यह सच भी है तो भी लोकी ने एक बार आठ जाड़े जमीन के नीचे गुजारे थे जैसे कोई औरत गाय दुह रही हो और उसी बीच उस गाय ने बच्चों को भी जन्म दिया हो।

ओडिन की पत्नी फ्रेया बोली कि जो कुछ भी ओडिन और लोकी ने पहले किया उसको यहाँ कहने से क्या फायदा। उसको सबके सामने यह सब नहीं कहना चाहिये। ये सब तो दबा कर रखने की बातें है।

लोकी बोला कि फ्रेया तो फ़ियोरजिन[139] की बेटी है उसने तो एक बार ओडिन के भाइयों विली और वे[140] को भी अपनी बाँहों में ले लिया था।

इस पर फ्रेया बोली अगर इस घर में उसके मरे हुए बेटे बलडूर के बराबर का कोई लड़का होता तो आज लोकी देवताओं के गुस्से से बच नहीं पाता।

---

[138] Loki said this because Odin favored Gafion, not Loki.

[139] Fiorgyn is the personification of Earth and Freya was her daughter, Njord was Freya's father

[140] Vili and Ve – brothers of Odin

लोकी ने उसको एक बार फिर याद दिलाया कि उसी ने तो अपने बेटे को मारा है।

फ्रेया बोली कि मैं सबकी किस्मत जानती हूँ जो मैं किसी को बताती नहीं पर यह लोकी तो पागल हो गया है।

लोकी फिर बोला कि यहाँ जो कोई भी बैठा है किसी न किसी समय फ्रेया का प्रेमी रहा है।

फ्रेया बोली यह सब झूठ है और लोकी यह सब इसलिये कह रहा है क्योंकि इस समय सारे देवी देवता उससे नाराज हैं।

लोकी ने जवाब में फ्रेया को कमीनी जादूगरनी कहा और कहा कि एक बार तो उसने अपने भाई फ्रे[141] को भी फुसलाने की कोशिश की थी।

फ्रेया के पिता ऐनजोर्ड[142] ने कुछ कहने की कोशिश की तो लोकी ने उसका भी अपमान किया।

टीयर[143] ने फ्रे का पक्ष लिया तो लोकी ने उसको यह कह कर चुप कर दिया कि उसको तो लोगों से बात ही करनी नहीं आती। और उसके बेटे ने तो उसका हाथ ही काट लिया था।

टीयर चिल्लाया — "अरे मैंने तो केवल अपना हाथ ही खोया है पर तुमने तो अपना बेटा खो दिया। परेशानी तो दोनों को है।

---

[141] Frey – Freya's brother

[142] Njaroor or Njord – Freya's father

[143] Tyre – pronounced as Tear in English. A god who tied Loki with the rock after his punishment was announced, and Loki's son Fenrir wolf bit his hand that is why he is only one handed.

इसके अलावा अब फ़ैनरिर[144] को भी तो बॅधे रह कर रैगनारौक के शुरू होने तक इन्तजार करना पड़ेगा।"

इस पर लोकी ने उसको भी चुप रहने को बोला और कहा कि तुम्हारी पत्नी के तो मुझसे एक बेटा भी है। तुम्हारे इस अपमान के बदले में तुमको तो कुछ मिला ही नहीं।

फ्रे[145] बोला कि उसको एक भेड़िया नदी के सामने दिखायी दे रहा है और अगर लोकी तुरन्त चुप नहीं हुआ तो उस भेड़िये की तरह लोकी को भी रैगनारौक के समय तक के लिये बॉध दिया जायेगा।

इस पर लोकी बोला कि फ्रे ने तो अपनी पत्नी जिरूर[146] को सोना दे कर खरीदा था और वह सोना उसने अपनी तलवार दे कर खरीदा था इसलिये अब रैगनारौक के समय उसके पास वह तलवार तो होगी नहीं।

फ्रे का नौकर बिगवीर[147] बोला कि अगर मैं कुलीन घर का हूॅ और एक इज़्ज़तदार पद पर बैठना चाहता हूॅ तो मैं लोकी को कुचल कर रख दूॅगा और उसके सारे जोड़ तोड़ दूॅगा।

लोकी ने बिगवीर को कुत्ता बोला और चुप रहने को बोला और कहा कि उसको तो यह भी नहीं आता कि खाना कैसे परोसा

---

[144] Fenrir is the son of Loki in the form of a wolf
[145] Frey – the brother of Freya
[146] Geroor – wife of Frey
[147] Servant of Frey Bigvir

जाता है। और वह तो इतना डरपोक है कि जब लोग लड़ाई पर जाते हैं तो वह तो भूसे में दुबक जाता है।

हीमडैलर[148] बोला कि लोकी ने बहुत पी रखी है इसलिये वह बोले ही चला जा रहा है। फिर वह लोकी से बोला कि वह चुप क्यों नहीं हो जाता।

लोकी हीमडैलर को भी चुप रहने को कहता है। और कहता है कि उसकी ज़िन्दगी तो बेकार की ज़िन्दगी है वह तो हमेशा ही देवताओं का चौकीदार ही रहेगा।

थोर की पत्नी सिफ़ ने लोकी के लिये एक क्रिस्टल के गिलास में शराब ढाली और उसको वह गिलास उठाने के लिये बुलाया और कहा कि एसिर के बच्चों में केवल मैं ही यहॉ पर बिलकुल साफ सुथरी हूॅ।

लोकी ने अपना शराब का गिलास उठाया और अपनी शराब पी। वह फिर बोला कि अगर यह ठीक है कि सिफ़ बिल्कुल साफ सुथरी है तो सिफ़ का प्रेमी तो थोर के पास बैठा है, यानी कि लोकी खुद ही तो उसका प्रेमी है।

इसी समय फ्रे की नौकरानी बैला[149] बोली कि पहाड़ हिल रहे हैं इसलिये थोर को अब अपने घर जाना चाहिये। और फिर जब थोर

[148] Heimdaller is the caretaker of the Rainbow Bridge which joins the god’s world to Earth
[149] Beyla – maidservant of Frey

वापस आयेगा तब वह यहाँ जो लोग लड़ रहे हैं उन लोगों को शान्त करेगा। यह सुन कर थोर चला गया।

लोकी ने बैला को भी चुप रहने के लिये बोला और सिफ़ से कहा कि "तुम तो बहुत बुरी हो और तुमसे बुरा तो और कोई ऐसिर के बच्चों में कभी रहा ही नहीं।"

इतने में थोर वापस आ गया और उसने लोकी को नीच कहते हुए फिर चुप रहने को कहा। साथ में उसको यह धमकी भी दी कि अगर वह चुप नहीं हुआ तो वह अपना जौलनिर हथौड़ा उसके सिर पर मार कर उसको चुप कर देगा।

थोर को वहाँ आया देख कर लोकी ने उससे पूछा कि वह इतना गुस्सा क्यों था। फिर बोला — "तुम तो उस समय भी इतनी हिम्मत से नहीं लड़ सकते जब रैगनारोक के समय भेड़िया ओडिन को खायेगा।"

थोर ने फिर लोकी को चुप रहने को कहा और अपने हथौड़े की धमकी दी और साथ में यह भी कहा कि अगर वह चुप नहीं हुआ तो वह उसको पूर्व की सड़कों पर उठा कर फेंक देगा और फिर लोकी का कहीं पता भी नहीं चलेगा।

लोकी बोला — "थोर, तुमको तो पूर्व की तरफ जाना ही नहीं चाहिये। इसके अलावा तुम मुझे कितना भी धमका लो पर मुझे तो तुम्हारी धमकियों के बावजूद बहुत दिन तक जीना है।"

फिर उसने थोर का उस समय का मजाक बनाना शुरू किया जब वह स्क्राइमीर[150] से मिला था तो थोर ने उसको अबकी बार नागरिन्ड[151] यानी मरे हुए लोगों की जगह के दरवाजे से नीचे फेंकने की धमकी दी।

इसके बाद लोकी ऐजिर का घर छोड़ कर चला गया। वह वहाँ से भाग कर सैमोन मछली का रूप रख कर एक झरने में छिप गया जहाँ से ऐसिर देवता उसको पकड़ लाये।

इस कविता में यह कहानी फिर इस तरह आगे बढ़ती है कि लोकी को पकड़ने के बाद वे उसके बेटे वाली[152] को भेड़िया बना देते हैं जो अपने भाई नारफ़ी[153] की आँतें निकाल लेता है और वे उन आतों से लोकी को बाँध देते हैं।

स्काडी[154] लोकी के चेहरे के ऊपर एक जहरीला साँप लटका देती है जिसके मुँह से जहर टपकता रहता है। लोकी की पत्नी सिगु उसके पास ही उस साँप का ज़हर इकट्ठा करने के लिये एक कटोरा लिये खड़ी रहती है ताकि वह ज़हर लोकी को कोई नुकसान न पहुँचा सके।

---

[150] Read the story, Story No 3, in Part I of this book “Loki, Thor and Skrymir”.
[151] Nagrind
[152] Vali – Loki’s son
[153] Narfi – Loki’s son
[154] Skadi is the goddess

फिर भी जब वह कटोरा भर जाता है तो उसको वह कटोरा खाली करने के लिये वहाँ से जाना पड़ता है। इस बीच वह जहर लोकी के मुँह पर ही गिरता है।

इस जहर से बचने के लिये वह अपने आपको इतनी ज़ोर से हिलाता है कि उस ज़ोर से सारी धरती काँप जाती है जिसको लोग धरती पर भूचाल के नाम से पुकारते हैं। यह कहानी इसी पुस्तक में आगे दी गयी है।

11 लोकी को सजा[155]

जब लोकी बहुत सारे देवता और देवियों का अपमान कर चुका तो थोर ने लोकी को भगा दिया तो लोकी को फिर से ढूँढा गया और उसको वापस ला कर जंजीरों से बॉध दिया गया।

उसको देवताओं के लायक ही सजा भी दी गयी। देवताओं ने लोकी के एक बेटे वाली[156] को भेड़िये में बदल दिया जिसने अपने भाई नारफी[157] की ऑत निकाल ली और उसी ऑत से देवताओं ने लोकी को एक तहखाने में तीन चट्टानों से बॉध दिया गया।

जैसे ही नारफ़ी की ऑतों से लोकी को बॉधा गया उसकी वे ऑतें जंजीरों में बदल गयीं।

फिर उन्होंने उसके सिर के ऊपर एक कोबरा सॉप टॉग दिया जिसके मुँह से लोकी के मुँह के ऊपर हमेशा जलता हुआ जहर टपकता रहेगा।

लोकी की किस्मत अच्छी थी कि उसकी पत्नी सिगु[158] उसके लिये बहुत ही वफादार थी। उसने कहा कि उसकी जगह तो उसके पति के पास ही थी और वह अपने पति के पास ही रहेगी।

---

[155] Punishment to Loki – a mythological tale of Norse countries, Europe.

[156] Vali is the one son of Loki, his other son is Narfi.

[157] Narfi – one son of Loki. His other son is Vali. Devtaa changed Vali into a wolf who took out the intestine of Narfi and Devtaa used it to tie Loki, but as they tied him with that it changed into iron chains Loki was tightly tied with it.

[158] Sigu – wife of Loki

देवता लोग उसकी बात मान गये और उसको वहीं छोड़ कर वहाँ से चले गये। उन्होंने उसको वहाँ खड़े रह कर उस जहर को एक कटोरे में इकट्ठा करने की इजाज़त भी दे दी।

थोड़ी थोड़ी देर के बाद जब वह कटोरा भर जाता है तो वह उसको पहाड़ की घाटी में फेंक कर खाली कर देती है।

जब वह वहाँ से कटोरा खाली करने जाती है तो उस समय लोकी के पास कोई नहीं होता। उस समय लोकी को उस जहर से बहुत तकलीफ होती है। वह अपने कन्धे उचका उचका कर ही उन जहर की बूँदों से बच पाता ।

जब वह ऐसा करता है तो नौर्स देशों में रहने वाले पुराने लोग इसी को भूचाल का नाम देते हैं।

लोकी की कहानी तो लम्बी है और यहीं खत्म नहीं हो जाती। यह सब जानते हैं कि जब दुनियाँ खत्म होगी तो लोकी अपने आप को वहाँ से छुड़ा लेगा और देवताओं से बदला लेने के लिये मरे हुए लोगों के नाखूनों से बने एक जहाज़ पर सवार हो कर स्वर्ग लौटेगा।

नौर्स देशों की दंत कथाऐं–दूसरा भाग

फ्रेया, ओडिन और थोर — **12–22**

Freya

12 फ्रेया

फ्रेया वनिर देवता जिरूर की बेटी और फ्रे की बहिन है[159]। जब असिर और वनिर देवताओं की लड़ाई खत्म हो गयी तब यह अपने पिता और भाई के साथ आसगार्ड आ गयी।

आसगार्ड में फ्रेया फ़ौकवैन्गार में सैस्रमनीर[160] घर में रहती थी। उसकी शादी ओडिन से हुई है।

एक बार ओडिन गायब हो गया तो फ्रेया रोती हुई उसको धरती पर ढूँढने निकली। इससे उसके जो ऑसू बहे वे सब सोने के ऑसू बन गये।

ओडिन और फ्रेया की एक बेटी थी जिसका नाम था नौसा[161]। फ्रेया बहुत सुन्दर थी इसलिये बहुत सारे लोग उसके प्यार में पागल थे – बड़े साइज के लोग[162], बौने, इन्सान आदि सभी लोग।

वनिर देवताओं की तरह से फ्रेया को भी जादू टोना आता था। ऐसा कहा जाता है कि जब वह आसगार्ड आयी थी तब उसने देवताओं को भी जादू टोना सिखा दिया था।

फ्रेया को लड़ाई भी बहुत पसन्द थी और वह ओडिन के लड़ाई पसन्द करने को अच्छा समझती थी। यह भी कहा जाता है कि वह

[159] Daughter of Njaroor and the sister of Frey

[160] Sassrumnir Hall in Folkvanger area

[161] Hnossa

[162] Translated for the word “Giants”

और ओडिन दोनों लड़ाई में मरे हुए लोगों को आपस में बॉट लेते थे। कुछ ओडिन के घर वल्हला[163] चले जाते थे और कुछ फ्रेया के घर सैस्रमनीर चले जाते थे।

फ्रेया का सूअर हिल्डीस्विनी[164] भी लड़ाई का निशान था। उसके सुनहरे बाल हैं। यह सूअर उसको लोकी की चुनौती पर ब्रौक और ईट्री बौने जुड़वॉ भाइयों[165] ने बना कर दिया था।

इनके अलावा उसके पास दो रथ हैं जिनमें से एक को यह सूअर खींचता है और दूसरे को दो काले बिल्ले खींचते हैं।

पर उसकी सबसे कीमती चीज़ है उसका ब्रिसिंगमैन सोने का हार। एक बार जब उसका पति ओडिन गायब हो गया था और वह रोती हुई उसको सारी दुनियॉ में ढॅूढती रही। उस समय उसके जो ऑसू बहे वे सोने में बदल गये। यह हार उसी सोने का बना हुआ है।

---

[163] Valhalla – residence of Odin in Asgard. It has 540 huge doors. Its walls are composed of shining spears and its roof of golden shields

[164] Hildisvini Boar

[165] Brokk and Eitri dwarf twins

13 फ्रेया, ओटर और बड़े शरीर वाली हिंडला[166]

फ्रेया प्यार और बच्चों की देवी है। उसको बहुत से लोग प्यार करते हैं। उनमें से एक इन्सान ओटर[167] भी था। कहते हैं कि फ्रेया ने ओटर को हिल्डीस्विनी सूअर[168] के रूप में बदल दिया था।

एक दिन फ्रेया एक बड़े साइज की स्त्री हिंडला की गुफा में उससे मिलने के लिये गयी। हिंडला बहुत ही अच्छा भूत और भविष्य देखती थी। सो फ्रेया ने हिंडला से ओटर के पूर्वजों के बारे में पूछा ताकि वह एक और इन्सान को अपने काबू में कर सके।

उन दिनों किसी के वंश के बारे में जानना बहुत जरूरी होता था। इससे वे लोग जमीन जायदाद के झगड़े आसानी से सिलटा सकते थे। अब ओटर का एक पूर्वज सिगुर्ड[169] निकला तो ओटर वह शर्त जीत गया।

जब हिंडला ने ओटर के पूर्वजों के नाम बता दिये तो वह चाहती थी कि अब फ्रेया और वह सूअर वहाँ से चले जायें। पर फ्रेया ने अपने जादू से हिंडला को ओटर के लिये "याद की बीयर[170]" बनाने पर मजबूर किया ताकि ओटर को वह सब याद रहे जो हिंडला ने उसके बारे में कहा था।

---

[166] Freya, Otar and the Giantess Hyndla
[167] Oter is the son of Hreidmer and brother of Regin. Once Loki had killed him.
[168] Hildisvini Boar
[169] Sigurd
[170] Memory Beer

फ्रेया ने धमकी के तौर पर हिंडला के चारों तरफ आग जला दी सो अब तो उसको ओटर को वह याद की बीयर पिलानी ही पड़ी। और वह तब तक वहाँ इन्तजार करती रही जब तक उसने ओटर को वह याद की बीयर पिला नहीं दी।

14 लोकी और फ्रेया का हार[171]

फ्रेया सोने के ही नहीं बल्कि सब तरह के गहनों की बहुत लालची थी। एक बार वह काले बौनों अफ्रिग, बर्लिंग, ड्वालिन और ग्रर्र[172] की गुफा में गयी। ये लोग गले के हार बहुत अच्छे बनाते थे।

फ्रेया ने सोच लिया था कि वह किसी दिन इनसे अपने लिये एक हार बनवायेगी जिसको ये बौने ब्रिसिंगमैन कहते थे।

जा कर उसने उन बौनों को सोना और चाँदी दी पर ड्वालिन बोला कि उसके पास हार बनाने के लिये वे सारी चीज़ें थीं जिनकी उनको जरूरत थीं। इस पर फ्रेया ने सोने के आँसू से रोना शुरू कर दिया।

आखिर ड्वालिन बोला — “अगर तुम एक दिन एक रात हम चारों के साथ गुजारो तो हम तुम्हारे लिये वह हार बना देंगे।”

फ्रेया गहनों की इतनी लालची थी कि वह उन चारों के साथ एक दिन और एक रात गुजारने के लिये तैयार हो गयी। सो चार दिन और चार रात उन बदसूरत बौनों के साथ गुजारने के बाद जब वह अपने घर फ़ौकवैन्गार गयी तो वह ब्रिसिंगमैन हार पहने हुए थी।

---

[171] Loki and Freya's Necklace – this story is taken from the Web Site : http://www.goddessfreya.info/myths/freya.htm
The author says that this story is from the 10th century Skaldic poem "Husdrapa and the Soria Thatter" found in the 14th century manuscript "Flateyjarbok" (Book of the Flat Island).

[172] Afrigg, Berling, Dvalin and Grerr

धोखे का देवता लोकी[173] उन बौनों के घर तक फ्रेया का पीछा कर रहा था। उसने जो कुछ भी वहाँ हुआ वह सब देखा तो वह यह सब ओडिन से कहने के लिये भागा।

यह सब कहानी सुन कर ओडिन बहुत नाराज हुआ। उसने लोकी से कहा कि वह फ्रेया से उसका हार ला कर उसको दे दे। लोकी को फ्रेया के सोने वाले कमरे में जाने में बहुत मुश्किल हुई क्योंकि उसके खिड़की और दरवाजे सब बहुत कस कर बन्द थे।

इस शक्ल बदलने वाले लोकी ने तब अपने आपको एक छोटी सी मक्खी में बदला और एक कमरे के एक सुई के छेद के बराबर का छेद देख कर उसमें से फ्रेया के कमरे में घुस गया।

लोकी ने देखा कि फ्रेया अपने गले में वह हार पहने हुई थी पर उस हार को खोलने वाला कुंडा उसकी गर्दन के नीचे था जिसकी वजह से वह वह हार उसके गले में से नहीं निकाल सकता था।

सो उसने अपने आपको फिर एक बहुत छोटे मच्छर में बदला और फ्रेया के गले पर काट लिया। काटने से फ्रेया ने करवट बदली और अब वह उसके हार का कुंडा देख सकता था।

बस तुरन्त ही वह अपनी पुरानी शक्ल में आया और उसके गले में से हार निकाल कर दरवाजा खोल कर बाहर निकल आया।

जब फ्रेया को अपने हार खोने का पता चला तो वह बहुत ज़ोर ज़ोर से रोती हुई यह कहानी ओडिन को बताने गयी।

---

[173] God of Mischiefs - Loki

फ्रेया के लालच और उसके बौनों के साथ रहने पर बहुत नाराज होते हुए ओडिन ने कहा कि वह उसका वह हार वापस ला देगा अगर वह धरती पर रहने वाले दो सरदारों में लड़ाई छिड़वा दे।

ओडिन ने उससे यह भी कहा कि वह उन सरदारों को मरवाना चाहता है और खून बहाना चाहता है। उनको मारने के बाद फ्रेया उनको फिर से ज़िन्दा कर देगी।

फ्रेया तुरन्त ही तैयार हो गयी क्योंकि ओडिन की तरह से उस के पास भी जादू टोने की कला थी और लड़ाई की इच्छा थी।

उसके बाद ओडिन ने इन्द्रधनुषी पुल के चौकीदार हीमडैलर[174] को बुलाया और उसको लोकी के पास से फ्रेया का हार लाने के लिये कहा।

लोकी ने एक सील मछली का रूप रख लिया और वह सिंगस्टीन[175] के पास एक चट्टान पर चढ़ गया। हीमडैलर भी तुरन्त ही एक सील मछली बन गया और फिर दोनों में बहुत ही भयानक लड़ाई हुई।

आखीर में हीमडैलर ने लोकी से वह हार ले लिया और उसको पानी से बाहर निकाल कर उस हार को ओडिन के पास ले कर चला आया।

---

[174] Heimdaller, the guard of Rainbow Bridge – the bridge between Asgard and the Earth

[175] Singastine – name of a sea

15 फ्रेया का रथ[176]

इससे पहले वाली कहानी "फ्रेया"[177] में हमने बताया था कि फ्रेया के पास दो रथ हैं। उसका एक रथ तो हिल्डीस्विनी नाम का सूअर खींचता है और उसका दूसरा रथ दो बिल्ले खींचते हैं।

नौर्स देशों की यह दंत कथा यह बताती है कि फ्रेया के रथ के ये दो बिल्ले कहाँ से आये।

प्रेम और सुन्दरता की देवी फ्रेया[178] उस दिन सुबह जल्दी उठ गयी क्योंकि किसी गड़गड़ाहट की आवाज ने उसे जगा दिया था। फ्रेया ने सोचा कि उसका भाई फ्रेयर[179] तो बन्दी बन चुका है और आसगार्ड[180] में रह रहा था और उसने खुद ने एक बड़े ताकतवर देवता ओडिन[181] से शादी कर ली थी तो फिर यह और कौन हो सकता था जो उसको इतनी जल्दी जगा देता।

लगता है कि यह बिजली का देवता थोर[182] कहीं सुबह सुबह जल्दी जा रहा होगा नहीं तो देवताओं की नगरी में वहाँ के देवता नागरिकों को कौन जगा सकता है?"

---

[176] The Tale of Cat Bayun or Goddess Freya's Chariot : a Russian folktale – a folktale from Russia, Asia. Adapted from the Web Site : http://www.goddessfreya.info/stories/storyb4.htm

[177] Read No 12 story "Freya"

[178] Freya – the goddess of love and beauty in Norse mythology

[179] Freyer – or Frey, brother of Freya

[180] Asgard pronounced as Aasgaard is the place of Nordic gods where they live.

[181] Odin is the most powerful Norse god – husband of Freya

[182] Thor is the Norse god of Thunder – son of Odin; brother of Baldur, Hodur and Hermod. Some say he is the father of Thor.

कहते कहते वह अपने महल के छज्जे पर आ कर खड़ी हो गयी। उसने देखा कि वह तो सचमुच ही थोर था। वह अपने बहुत बड़े दो लम्बे बालों वाले बकरों से खींचे गये रथ पर सवार हो कर कहीं जा रहा था।

शाम को उन दो बकरों में से एक बकरा काटा जाने वाला था और खाया जाने वाला था सो वह बकरा बहुत धीरे धीरे चल रहा था और बहुत ही उदास दिखायी दे रहा था।

हालाँकि देवताओं के उस शहर में जितने भी जानवर मारे जाते थे वे बाद में सब ज़िन्दा कर लिये जाते थे पर फिर भी जानवरों को यह खेल पसन्द नहीं था।

फ्रेया ने थोर से पूछा — "तुम कहाँ जा रहे हो?"

थोर बोला — "मैं मछली पकड़ने जा रहा हूँ। मैं आज मिडगार्ड[183] ड्रैगन पकड़ना चाहता हूँ।"

यह कहता हुआ थोर तुरन्त ही इन्द्रधनुषी पुल[184] की तरफ चला गया। कुछ देर बाद ही वह बूयान टापू[185] पर बैठा हुआ था। उसने अपना जाल समुद्र में फेंक दिया था और बड़े धीरज से अपने शिकार का इन्तजार कर रहा था।

---

[183] Asgard pronounced as Aasgaard is the land of Norse gods and Midgard is Earth

[184] Bifrost or Rainbow Bridge which joins Devta's city Asgard to Midgard (Earth).

[185] Buyan Island - In Slavic mythology, Buyan Island is described as a mysterious island in the ocean with the ability to appear and disappear using tides. Three brothers – Northern Wind, Western Wind, and Eastern Wind live there. This island figures prominently in many famous myths, especially in Norse countries myths. Koschei the Deathless, villain and companion of Russian Baba Yaga, keeps his soul hidden there.

अचानक उसने एक बड़ी भयंकर आवाज सुनी जो जल्दी ही लोरी में बदल गयी। वह अजनबी गाने वाला इतनी होशियारी से वह लोरी गा रहा था कि थोर को नींद आने लगी।

अचानक फिर से वह भयानक आवाज हुई तो थोर की ऑख खुल गयी। इससे थोर बहुत ही नाराज हो गया। किसने थोर को सुलाने की हिम्मत की? और फिर किसने उसको जगाने की हिम्मत की। कौन था जो इतनी भयानक आवाज निकाल रहा था।

उसने सोचा कि इस आवाज करने वाले को ढूँढा जाये सो वह जंगल की तरफ चल दिया जिधर से वह आवाज आ रही थी।

काफी देर तक घना जंगल पार करने के बाद थोर एक साफ जगह पर आ गया। वहॉ बीच में एक बहुत बड़ा ओक का पेड़ खड़ा हुआ था।

उस पेड़ की एक बहुत मोटी और मजबूत शाख पर एक बड़ा खूब घने बालों वाला और धारी वाला बिल्ला बैठा हुआ था। उसके नीचे दो नीले बिल्ली के बच्चे गेंद बने सो रहे थे।

वह बिल्ला बहुत धीरे धीरे म्याऊॅ म्याऊॅ कर के अपने बच्चों को सुलाने के लिये लोरी गा रहा था। वह जादुई बिल्ला जो उस शाख पर बैठा था वह बायॅू[186] था।

थोर उस पर गुर्राया — “तुम क्या समझते हो कि तुम्हारे बच्चे बहुत सुन्दर हैं?”

[186] Bayun – the magic cat

बायूँ बिल्ले ने हॉ में सिर हिलाया और मुस्कुराया पर उसने गाना बन्द नहीं किया। फिर उसने अपना रंग बदल लिया और अपने बच्चों जैसा नीला हो गया।

थोर उसको धमकी देते हुए बोला — "क्या वह तुम ही थे जिसने मुझे सुलाने की कोशिश की?"

वह बिल्ला उसे अपने तेज़ पंजे दिखाते हुए बोला — "हॉ, वह मैं ही था।"

थोर ने अपनी "ताकत की पेटी" कसी और बिल्ले की तरफ बड़े विश्वास के साथ देखा कि इतने में ही वे बिल्ले के बच्चे जाग गये और खाना मॉगने लगे।

बिल्ला बोला — "तुम देख नहीं रहे कि मैं इनको अकेला ही देखने वाला हूँ पिछले वसन्त में मैं एक सुन्दर बिल्ली से मिला था उसी से मेरे ये बच्चे हुए हैं।

उसके बाद इनकी मॉ मुझे छोड़ कर चली गयी। अब मुझ अकेले को ही इनकी देखभाल करनी पड़ती है। क्या तुम जानते हो कि अकेले बच्चों को पालना कितना मुश्किल है? क्या तुम मेरे बच्चों की कुछ किस्मत बना सकते हो?"

थोर कुछ सोचते हुए बोला — "शायद।" उसको फ्रेया याद आ गयी। उसने सोचा कि कितना अच्छा रहेगा अगर वह इन प्यारे से नीले बिल्ली के बच्चों को उसको दे दे तो।

अचानक उनकी बात रुक गयी क्योंकि वे बच्चे चिल्ला पड़े थे। बायॅू बिल्ला प्यार से बोला — "सो जाओ मेरे बच्चों सो जाओ। पर ओ ताकतवर थोर, याद रखना। मेरे ये छोटे छोटे बच्चे कोई साधारण गली वाले बिल्ली के बच्चे नहीं हैं।

ये मेरे बच्चे हैं। अगर इनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो... बस फिर देख लेना, हॉ।"

थोर बोला — "तुम मुझे ऐसी धमकी कैसे दे सकते हो? बर्फ वाले बड़े साइज को लोग[187] भी जब मेरा नाम सुनते हैं तो डर के मारे कॉप जाते हैं।"

थोर उस बिल्ले को पकड़ने ही वाला था पर वह उसको पकड़ नही सका। बायॅू बिल्ला जमीन पर कूद गया था और एक जादुई चिड़े गमायॅू में बदल कर उड़ गया।

थोर ने मजबूर हो कर पैर पटका, उन दोनों बच्चों को उठाया और अपने रथ की तरफ चल दिया।

[187] Translated for the word "Giant"

16 फ्रेया के ऑसू[188]

नौर्स देशों की यह दंत कथा यह बताती है कि फ्रेया के ऑसू सोने के मोती कैसे बने।

एक दिन ओडिन को बाहर जाना था तो वह तैयार हो रहा था। फ्रेया ने ओडिन की तरफ देखा तो अपनी कोमल आवाज में बोली — "ओडिन, क्या तुम्हारा जाना जरूरी है?"

फ्रेया भालू की एक खाल पर अपने घुटनों को मोड़ कर बैठी हुई थी। वह रात को उसी खाल पर सोयी थी।

वैसे तो वह अपने सुनहरे बालों की चोटी बना कर रखती थी पर आज वे अभी खुले हुए थे। उसके गुलाबी गाल पीले पड़े हुए थे और उसकी नीली ऑखें ऑसुओं से भरी हुई थीं।

ओडिन अपने पाजामे के नाड़े की गॉठ बॉधता हुआ बहुत ही नम्र आवाज में बोला — "प्रिय फ्रेया, नौ दिन और नौ रात हो चुकी हैं और ये हर दिन और हर रात मेरे लिये बहुत कीमती थे।

यह उन नौ दिन रातों से भी बहुत अलग थीं जो मैंने अक्षरों को जानने के लिये पेड़ पर गुजारी थीं। वहॉ तो ठंडी हवा, बारिश, भूख और अकेलेपन के अलावा और कुछ था ही नहीं। पर आखीर में मुझे वह मिल गया जो मैं ढूँढने निकला था।

[188] Freya's Tears – a mythological tale from Norse countries, Europe. Adapted from the Web Site : http://www.goddessfreya.info/stories/storyd1.htm (written by Douglas "Dag" Rossman)

पर यहाँ तो इन नौ दिन और नौ रातों में तुम्हारे साथ के आनन्द के अलावा और कुछ भी नहीं था फिर भी यहाँ मुझे काफी ज्ञान मिला, हालाँकि यह ज्ञान मुझे बिन माँगे ही मिल गया।

तुम्हारी आँखों में उससे ज़्यादा गहरायी है और उससे भी ज़्यादा आश्चर्यजनक भेद छिपे हैं जो मेरी खोयी हुई आँख ने मिमिर[189] के कुँए में देखे थे।"

फ्रेया उठी और उसने ओडिन की उस बन्द आँख को चूमा जिसे मिमिर कुँए के रखवाले मिमिर ने एक बार में ही उस अक्लमन्दी के कुँए के केवल एक घूँट पानी के लिये माँग लिया था।

ओडिन ने फ्रेया को गले से लगाया और बोला — "अगर मेरा वश चलता तो हम एक दिन के लिये भी अलग नहीं होते।

मैंने अब तक बहुत लड़कियों से प्यार किया है और सबसे सच्चा प्यार किया है, यहाँ तक कि उस गरीब गनलोड[190] से भी मैंने बहुत प्यार किया।

हालाँकि पहले मैं उसको छलना चाहता था ताकि मैं उसके सुटुंगर पहाड़ के नीचे रखा रस पी सकूँ जिसकी वह हमेशा

---

[189] Mimir was the most intelligent person of the world. He owned the Well of the Wisdom. Once Odin asked a single draught of water from that well and Mimir asked one eye from him as its price. He gave it and got wisdom. Since then he was one-eyed and most intelligent god.

[190] Gunnlod – daughter of the giant Suttung. She guarded the Suttunger Mountain under which there was a Mead of Poetry – a mythical drink by drinking which one becomes scholar and can solve all kinds of puzzles. Braggi was the son of Odin and Gunnlod. Braggi's wife is Iduna.

चौकीदारी करती रहती है पर फिर उसका अकेलापन मेरे दिल को छू गया।"

ओडिन फिर एक लम्बी सॉस ले कर बोला — "पर मैंने ऐसा प्यार किसी से नहीं किया जैसा मैंने तुमसे किया।

इसके अलावा तुमने मुझे एक चीज़ और पाने में भी सहायता की है जो उन अक्षरों में मुझे नहीं मिली, जो मुझे मिमिर के कुँए के पानी में नहीं मिली और जो मुझे उन कविताओं में भी नहीं मिली।

तुमने मुझे मेरा आप दिखाया है। जब भी मैं तुम्हारी ऑखों में देखता हूॅ मैं भूल जाता हू कि मैं ओडिन सबका पिता हू। देवताओं का राजा हूॅ। मैं नौ लोकों के ऊपर राज करता हू। मुझे तो बस अपने आपमें तुम्हारा प्रेमी नजर आता है जिसे फ्रेया प्यार करती है।

मेरी तो यही समझ में नहीं आता कि तुम जैसी सुन्दर स्त्री मुझमें क्या देखती है जो न तो मेरी ताकत से डरती है और न ही मुझसे कुछ मॉगती है।"

फ्रेया हॅसी और बोली — "अक्लमन्द होते हुए भी कुछ बातें तुम्हारी समझ में नहीं आ सकतीं ओडिन। जैसे तुम मेरे अन्दर मेरी बाहरी सुन्दरता से कुछ ज़्यादा देखते हो वैसा ही कुछ तुम मेरे लिये भी सोच लो।

जितने तुम ज़्यादा अक्लमन्द हो उतना ही छोटा तुम्हारे अन्दर एक बच्चा बैठा है। जितनी तुम्हारे अन्दर ताकत है उतनी ही तुम्हारे

अन्दर दया है और कुछ कारण मेरे तुमको प्यार करने के ऐसे भी हैं जिनको मैं खुद भी नहीं जानती।

ठीक है अगर तुमको मेरा प्यार इतना ज़्यादा कीमती लगता है तो फिर तुम मुझे यहाँ अकेला छोड़ कर जा कर हम दोनों को दुखी क्यों कर रहे हो?"

ओडिन ने अपनी यात्रा वाली नीली चादर ओढ़ी और उसको एक ड्रैगन के ब्रूच[191] से कस कर बाँध कर बोला — "वह इसलिये प्रिय फ्रेया कि मैं तुमको बहुत प्यार करता हूँ। इसी लिये मैं जाता हूँ।

बात यह है कि तुम्हारी बाँहों में आ कर मैं दुनियाँ के प्रति अपनी सब जिम्मेदारियाँ भूल जाता हूँ। और यह मैं बहुत दिनों तक नही कर सकता नहीं तो ये नौओं लोक बहुत दुखी होंगे – यहाँ तक कि हमारा आसगार्ड भी।

मुझे हमेशा ही यह डर लगा रहता है कि अगर मैंने उनके ऊपर से अपना ध्यान हटा लिया तो लोकी[192] या बड़े साइज के लोग[193] कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर करेंगे।

बड़े साइज के लोग मुझसे डरते हैं इसलिये समय समय पर मुझे उनके बीच में प्रगट हो कर उनके दिल में अपना डर बनाये रखना

[191] A brooch in the form of Dragon – a brooch is used to fasten two ends or to decorate the dress. See its picture above.
[192] Loki – read his stories in Part I of this book
[193] Translated for the word Giants

पड़ता है ताकि उनको यह न लगे कि मैं उनको भूल गया हूँ और वे कोई गड़बड़ करने लगें।

अगर उनको यह भी महसूस होता रहा कि मैं उनके बीच वेश बदल कर घूम रहा हूँ तो कम से कम इस बात का ख्याल ही उनको गड़बड़ करने से रोकता रहेगा।"

ओडिन फिर बोला — "इसके अलावा मुझे मिडगार्ड[194] के लड़ने वालों पर भी ध्यान रखना चाहिये कि उनमें से कौन ऐसे है जो वल्हला[195] के ईनहर्जर[196] लोगों में शामिल किये जा सकते हैं।

जब रैगनारोक[197] का समय आयेगा और जब नियम और अनियमितता आपस में लड़ेंगे तब हमारे पास सबसे अच्छी फौज होनी चाहिये।"

फ्रेया ने उसके तर्कों के आगे अपना सिर झुका दिया। ओडिन फिर बोला — "प्रिये, अब तुम्हारी समझ में आया कि मैं यहाँ क्यों नहीं रुक सकता। पर यह जान लो कि जैसे ही मुझे मौका मिलेगा मैं तुरन्त ही तुम्हारे पास वापस आ जाऊँगा।

अब मैं तुमको इस वरदान के साथ यहाँ छोड़े जा रहा हूँ कि जब भी तुम मेरे लिये रोओगी तो तुम्हारे आँसू सोने की बूँदें बन जायेंगे।

---

[194] Midgard means Earth

[195] Valhalla is the residence place of Odin

[196] Einherjer

[197] Ragnarok is the final battle in which the evil will win the Devtaa.

और जब वे काफी सारे गिर जायें तो तुम उनको उन बौनों के पास ले जाना जिनको लोग ब्रिसिंग[198] कहते हैं। वे तुम्हारे लिये उस सोने का एक गले का हार बना देंगे।

जब भी तुम उस हार को पहनोगी तुम मुझको याद करोगी और तुम देखोगी कि हम दोनों का एक एक हिस्सा एक दूसरे से कहीं अलग नहीं हुआ है।"

फिर ओडिन ने फ्रेया का चेहरा अपने हाथों में लिया, अपनी पहली उँगली से उसकी दोनों पलकें बन्द कीं और एक कविता पढ़ी

हालाँकि जगह और समय की वजह से हम एक दूसरे को छू नहीं पायेंगे
पर फिर भी तुम मेरे दिल में मेरे पास ही रहोगी
और जब मैं तुमसे दूर घूमता रहूँगा तो भी मैं तुम्हारी तरफ ही चलता रहूँगा

उसके बाद ओडिन गायब हो गया। उसके जाने के बाद कोई आवाज भी नहीं हुई, बस केवल फ्रेया ही चुपचाप सुबकती रही। उसके आँसू जो उसके जाने के बाद नीचे कालीन पर गिरे वे सब सोना बन गये।

[198] Brising – means dwarves

17 फ्रेया का हार[199]

पिछली दंत कथा में तुम लोगों ने पढ़ा कि ओडिन के विरह में फ्रेया के जो ऑसू नीचे गिरे ओडिन के वरदान से वे सब सोना बन गये।

उसने फ्रेया से यह भी कहा था कि जब वे ऑसू काफी हो जायें तो उनको वह ब्रिसिंग नाम के बौनों के पास ले जाये तो वे उसके लिये उस सोने का हार बना देंगे।

यह कहानी भी कुछ उसी विषय की है पर दूसरे तरीके से कही गयी है। यह कहानी भी यही बताती है कि फ्रेया के ऑसू सोना कैसे बन गये।

फ्रेया अपने पति ओडिन से बोली — "मैं आज की दावत में कुछ फूल जरूर लगाऊँगी।"

फ्रेया प्रेम और सुन्दरता की देवी थी और ऐसिर[200] देवताओं में सबसे सुन्दर थी। हर देवता उसके सुन्दर चेहरे की तरफ देखता रहता और उसकी मीठी बोली सुनने का इच्छुक रहता।

ओडिन बोला — "मेरे विचार से तो तुम जैसी हो, यानी बिना फूलों के, वैसे ही बहुत सुन्दर लग रही हो।" पर फ्रेया अपने उस रूप से सन्तुष्ट नहीं थी।

---

[199] Freyja's Necklace – a mythological tale from Norse countries, Europe.
Adapted from the Web Site : http://www.goddessfreya.info/stories/storye1.htm
(written by Mary H Foster and Mabel H Cummings)

[200] There are two types of Devta – Aejir and Vanir. Odin and Freya were from Aejir gods.

उसने सोचा कि वह अपने भाई फ्रे[201] को ढूँढेगी जो गर्मी के मौसम का देवता है। वही उसको फूलों का एक हार ला कर देगा।

सो वह आसगार्ड से अपने भाई के चमकीले घर की तरफ चल दी जो अल्फ़हीम[202] में था। वह वहाँ अपने छोटे बौनों के साथ रहता था जो वहाँ खुशी खुशी रहते थे

जब वह अपने भाई के घर जा रही थी तो वह उस दावत के बारे में सोचती जा रही जो अभी आसगार्ड में उस शाम को दी जाने वाली थी।

वह सोच रही थी कि क्योंकि उस दावत में सारे देवता और देवियाँ आयेंगीं तो उनमें उसको सबसे सुन्दर दिखायी देना चाहिये।

वह चलती जा रही थी। अपने विचारों में वह इतनी खोयी हुई था कि उसको पता ही नहीं चला कि वह अपने घर से कितनी दूर आ गयी। शहर की रोशनी भी धीरे धीरे धुँधली पड़ने लगी।

जब फ्रेया को होश आया तो उसने अपने आपको एक अनजानी जगह पाया। सूरज की रोशनी तो चली गयी थी पर वहाँ लैम्पों की धुँधली रोशनी हो रही थी। ये लैम्प छोटे छोटे बौनों के हाथ में थे जो अपना काम कर रहे थे।

उनमें से कुछ बौने तो सोना और जवाहरात खोद रहे थे और दूसरे उनके ऊपर लगी उनकी मिट्टी साफ कर के उनको चमकाने के

---

[201] Frey – the brother of Freya – god of Summer. He lived in Alfheim – a place between the Heaven and the Earth.

[202] Alfheim

लिये उनके ऊपर पौलिश कर रहे थे। चार बौने एक कोने में बैठे उन जवाहरातों से एक बहुत सुन्दर गले का हार बना रहे थे।

फ्रेया ने सोचा "यह सुन्दर सी चीज़ क्या हो सकती है? काश यह चीज़ मुझे मिल सकती तो आज की रात मैं इसी को पहन कर दावत में जाती और सब लोगों से बहुत ज़्यादा सुन्दर लगती।

इस बारे में वह जितना ज़्यादा सोचती उसकी उस चीज़ को लेने की इच्छा उतनी ही ज़्यादा बढ़ती जाती। मुझको यह चाहिये – यह सोच कर वह उन चारों बौनों की तरफ बढ़ी। उसने उनसे पूछा — "आप यह हार मुझे कितने में देंगे?"

बौनों ने अपने काम से अपना सिर ऊपर उठाया और जब फ्रेया का प्यारा चेहरा देखा और उसकी मीठी आवाज सुनी तो वे बोले — "अगर तुम हमारी तरफ प्यार से देख लोगी और हमारी दोस्त बन जाओगी तो तुम इसको हमसे मुफ़्त में ही ले सकती हो।"

और फिर वहाँ उन बौनों की बहुत ज़ोर की हँसी गूँज गयी जैसे कह रही हो — "तुम कितनी बेवकूफ हो जो इन चमकीले हीरों की इच्छा कर रही हो। ये तुमको खुश नहीं कर पायेंगे।"

पर फ्रेया ने वह हार उन बौनों के हाथ से छीना और उसको ले कर वहाँ से चल दी।

उनकी मजाक बनाती हुई वह हँसी उसको बिल्कुल अच्छी नहीं लग रही थी इसलिये वह वहाँ से जितनी जल्दी हो सकता था उतनी

जल्दी भाग जाना चाहती थी। चलते चलते आखिर वह उस जगह से दूर आ गयी।

दूर आ कर वह खुश होना चाहती थी पर उसको ऐसा लग रहा था जैसे उसके साथ कुछ बुरा होने वाला है। वह चलती जा रही थी कि वह एक शान्त पानी के तालाब पर आ पहुँची।

वहाँ आ कर उसने वह हार पहना और फिर झुक कर पानी में अपनी शक्ल देखने लगी। वे हीरे कितने सुन्दर थे। और वे धूप में कितने चमक रहे थे। अब वह जल्दी ही घर जा कर अपना वह हार ओडिन को दिखायेगी।

वह सुन्दर देवी जल्दी ही आसगार्ड पहुँच गयी। वहाँ जा कर वह अपने पति को देखने के लिये महल की तरफ बढ़ी तो देखा कि उसका पति तो घर पर ही नहीं था।

उसने महल के सारे कमरे ढूँढ लिये पर वह उसको कहीं दिखायी नहीं दिया। वह जा चुका था। हालाँकि फ्रेया के गले में उसका हीरे का हार पड़ा था पर बिना अपने पति के वह हार उसको बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था।

जल्दी ही दावत में जाने का समय हो गया पर फ्रेया ओडिन के बिना उस दावत में नहीं जा रही थी। वह वहीं बैठ गयी और ज़ोर ज़ोर से रोने लगी।

अब उसको हार पाने की न तो कोई खुशी थी और न ही कोई गम था क्योंकि अब वह ऐसिर देवताओं के साथ दावत में खाना भी नहीं खा सकती थी।

काश अगर ओडिन वापस आ जाता तो सब कुछ ठीक हो जाता। आखिर फ्रेया ने सोचा कि वह ओडिन को ढूँढने के लिये दुनियाँ के आखिरी कोने तक जायेगी। और वह ओडिन को ढूँढने के लिये जाने के लिये तैयार हो गयी।

उसका दो बिल्लों से खींचा जाने वाला रथ तैयार था पर जाने से पहले वह ओडिन के पिता की इजाज़त ले लेना चाहती थी।

वह ओडिन के पिता के पास गयी और बोली — "ओ सबके पिता, मैं ओडुर[203] को दुनियाँ में सब जगह ढूँढने की इजाज़त चाहती हूँ।"

पिता ने कहा — "जाओ, ओ सुन्दरी फ्रेया जाओ। मेरी इच्छा है कि जो तुम ढूँढने जा रही हो वह तुमको मिल जाये।" इजाज़त मिलने के बाद वह वहाँ से चल दी।

पहले वह मिडगार्ड[204] गयी पर वहाँ किसी ने ओडुर को नहीं देखा था। धरती के नीचे नीफ्लहीम[205] है वह वहाँ भी नहीं था।

[203] Odur – anotherr name of Odin

[204] Midgard is Earth – there is a rainbow bridge between gods' residence Asgard and humans' residence Earth.

[205] Niflheim is the world of dead – Loki's daughter Hela is its ruler.

वहॉ से फिर वह उट्लगार्ड[206] भी गयी। यहॉ बड़े साइज के लोग[207] रहते हैं। वह वहॉ भी नहीं था।

वहॉ भी वह घूम घूम कर सबसे पूछती रही पर ओडुर को वहॉ भी किसी ने नहीं देखा था। बेचारी फ्रेया रो पड़ी और उसके ऑसू जमीन पर गिर पड़े। जहॉ जहॉ वे ऑसू गिरे वे जमीन में जा कर सूख गये और चमकते हुए सोने की बूॅदों में बदल गये।

बहुत ढूॅढने पर भी जब ओडुर कहीं नहीं मिला तो फ्रेया घर वापस आ गयी। अभी भी वह अपना बहुत सुन्दर हार पहने थी जिसका नाम ब्रिसिंगमैन[208] था।

एक रात को जब थोड़ी देर हो चुकी थी और सारे ऐसिर देवता सो गये थे। केवल हीमडैलर[209] जाग रहा था क्योंकि वह तो बाइफ्रौस्ट पुल का चौकीदार था और उसको तो उस पुल की चौकीदारी करनी ही थी।

उसने फ्रेया के महल के पास किसी के बिल्ली के पैरों की जैसी धीमी सी आहट सुनी। उसने सोचा लगता है कि इस समय जरूर यहॉ कोई गड़बड़ कर रहा है। मैं चल कर देखता हूॅ।

---

[206] Utlgard – below Niflheim there is Utlgard. Here live Giants.

[207] Translated for the word "Giants"

[208] Brisingamen was the name of the necklace which Freya was wearing

[209] Heimdaller is the guard of Asgard and guards the Bifrost Bridge between Asgard and Midgard (Earth).

जब हीमडैलर महल के पास पहुँचा तो उसने देखा कि लोकी अपना वेश बदल कर वहाँ घूम रहा है। हीमडैलर उसको चुपचाप देखता रहा।

उसने देखा कि लोकी फ्रेया के सोने के कमरे में चला गया जहाँ फ्रेया अपना हार पहने सो रही थी। लोकी असल में उसका हार चुराने ही आया था।

लोकी ने देखा कि फ्रेया के हार को बन्द करने वाला कुन्डा उसके सिर के नीचे था। इसका मतलब यह था कि वह फ्रेया को जगाये बिना उसका हार नहीं ले सकता था।

सो उसने एक कीड़े का रूप रखा और उसके तकिये पर रेंग गया। उसके पास पहुँच कर उसने फ्रेया की गर्दन में बस इतनी ही ज़ोर से काटा कि वह करवट बदल ले।

जैसे ही फ्रेया ने करवट बदली लोकी ने उसके हार का कुन्डा खोल कर उसके गले में से हार निकाल लिया और जितनी तेज़ी से वहाँ से भाग सकता था भाग लिया पर हीमडैलर भी चोर को छोड़ने वाला नहीं था। वह लोकी के पीछे भाग लिया।

जैसे ही लोकी ने महसूस किया कि कोई उसका पीछा कर रहा है उसने अपना वेश फिर से बदल लिया। अब वह आग की एक लपट बन गया।

हीमडैलर ने भी अपना रूप बदल लिया। वह बारिश बन गया और उसने आग बुझा दी। लोकी पहले से ही सावधान था वह एक

भालू बन गया और फिर उन दोनों के बीच एक भयानक लड़ाई शुरू हो गयी।

अन्त में बारिश का देवता हीमडैलर जीत गया और उसने नीच लोकी को फ्रेया का हार उसको वापस करने के लिये मजबूर कर दिया।

सारा आसगार्ड बेचारी अकेली फ्रेया के लिये दुखी था। पेड़ों से पत्तियाँ गिर पड़ीं, चमकीले फूल भद्दे पड़ गये, गाने वाली चिड़ियें चली गयीं।

एक बार फिर फ्रेया ओडुर को ढूँढने के लिये आसगार्ड से बाहर चली। अबकी बार वह बहुत दूर दक्षिण में चली गयी जहाँ मिरटिल[210] और सन्तरे के पेड़ उगते थे।

इस बार उसको अपना खोया हुआ पति मिल गया। दोनों वहाँ से उत्तर की तरफ चले। वे लोग आपस में मिल कर इतने खुश थे कि चारों तरफ खुशियाँ बाँटते चले आ रहे थे।

[210] Myrtle tree is of many kinds. See the pictures of various kinds of Myrtle trees here above.

18 थोर की शादी[211]

या जब थोर फ्रेया बना।

लोकी ने सिल्क की पोशाक का एक टुकड़ा मोड़ते हुए और उसमें पिन लगाते हुए थोर से कहा — "थोर, ज़रा रुको मैं तुम्हारी पोशाक की यह ट्रेन[212] तो ठीक कर दूँ।"

बड़े बड़े लाल बालों वाले गरज के देवता थोर ने जब अपने बड़े भारी शरीर को एक पतले रेशमी कपड़े की शादी की पोशाक में लिपटे शीशे में देखा तो कुछ उदास सा बोला — "इसमें तो मैं जोकर सा लग रहा हूँ लोकी। लोग मुझे देख कर हँसेंगे।" और फिर वह गुस्से में कुछ कुछ बड़बड़ाने लगा।

लोकी ने भी अपने होठ बन्द कर लिये ताकि वह गुस्से में कुछ बड़बड़ा न दे। फिर उसने देखा कि थोर तो उसके सिर पर मारने वाला था सो उस वार को बचाने के लिये वह तुरन्त ही शान्त हो कर बोला — "ओह थोर, तुम चिन्ता न करो। तुम बहुत सुन्दर लग रहे हो। दुलहिन के लिये इस समय पर कुछ घबराना तो स्वाभाविक ही है।"

---

211 Thor's Wedding – Taken from the Web Site : http://americanfolklore.net/folklore/2014/01/thors_wedding.html
Retold by SE Schossler

212 Train – the back portion of a Christian wedding dress holding which a girl follows her is called Train – see its picture above. A girl is following the bride holding her dress train.

थोर गुस्से से बोला — "अभी अगर मेरे पास मेरा हथौड़ा होता न, तो मैं उससे तुम्हारा सिर कुचल देता ताकि वह जमीन पर जा गिरता।"

लोकी हँसा और बोला — "पर तुम्हारे पास तुम्हारा हथौड़ा ही तो नहीं है। वह तो फ्रौस्ट जायन्ट्स के राजा थ्राइमर[213] के पास है। और वही तो हम उससे लेने जा रहे हैं। अगर हमको अपना आसगार्ड बचाना है तो हमको थ्राइमर को एक दुलहिन तो देनी ही होगी।

थोर बोला — "पर मैं नहीं। उसको तो प्रेम की देवी फ्रेया चाहिये।"

"मगर फ्रेया तो वहाँ जायेगी नहीं। सो अब तुम यह बताओ कि तुमको अपना जौलनिर हथौड़ा उससे वापस चाहिये या नहीं?"

"हाँ, चाहिये।"

"तो आसगार्ड की भलाई के लिये तुम चुपचाप इस पोशाक को पहन लो।"

थोर ने अपना गुस्सा पीते हुए कहा — "ठीक है।"

"और एक शर्माती हुई दुलहिन की तरह से बर्ताव करो।" कह कर लोकी ने उसके सिर पर दुलहिन वाला परदा ठूँस दिया।

---

[213] Thrym or Thrymer, The King of Frost Giants – Thor's Hammer was taken by Thrym who was the King of Frost Giants. And he asked Freya as his wife to give his hammer back.

फिर गुस्से में भर कर लोकी ने उसको मुलायम सफेद बाज़ के नकली पंखों की बनी दुलहिन वाली पोशाक पहनायी जो उसके कन्धों से लटक रही थी। इन पंखों को जल्दी में एक मुर्गे से ले लिया गया था। यह सब कर के उसने थोर को दरवाजे के बाहर धकेल दिया।

जैसे ही बिजली और गरज का देवता थोर अपने दरवाजे से बाहर निकला ऑगन के बीच में खड़े चमकते सुनहरे रथ के ऊपर काले बादल मॅडराने लगे और बिजली चमकने लगी। और उसके अपने पंख गुस्से से हिलने लगे।

लोकी को तो थोर एक बड़े शरीर वाला ऐसी मुर्गी लग रहा था जिसके अंडे उसके घोंसले से चुरा लिये गये थे।

लोकी थोर के पीछे पीछे भागा और फुसफुसाया — “थोर, कहीं तुम जल्दी से बहुत सारा बोलने मत लग जाना। ऐसा न हो कि हम लोगों का भॉडा ही फूट जाये।”

कह कर लोकी ने थोर को उसके रथ में बैठने के लिये धक्का दिया, उसकी उस शादी वाली पोशाक की वह लम्बी सी ट्रेन उठायी और फिर खुद भी उसके रथ में बैठ गया।

थोर रथ की बागडोर सॅभालते हुए बोला — “यह शादी तो थ्राइमर कभी भूलने वाला नहीं है।”

लोकी पहले अपने पंखों वाले साथी की तरफ और फिर इधर उधर देखते हुए बोला — "और मैं भी नहीं।"

थोर ने उसको अपने दुलहिन वाले घूँघट के अन्दर से अपनी लाल लाल ऑखों से घूरा तो लोकी बोला "सॅभाल के। रथ ज़रा देख कर सॅभाल कर चलाओ।"

थोर ने अपने घोड़ों की लगाम सॅभाली और अपना रथ आसमान की तरफ ले चला। उनके कपड़े तो जोकरों वाले जरूर थे पर जिस मामले को ले कर वे जा रहे थे वह मामला बहुत गम्भीर था। वह जोकरों वाला मामला बिल्कुल भी नहीं था।

देवताओं का राज्य आसगार्ड खतरे में था क्योंकि थोर का हथौड़ा थ्राइमर के पास था। जहॉ तक लोकी को याद पड़ता था फ्रौस्ट जायन्ट्स ने आसगार्ड की हदों को चुनौती दे रखी थी पर थोर ने उनको अपने हथौड़े की ताकत से वहॉ से दूर रखा हुआ था।

थ्राइमर ने सोचा कि वह केवल थोर के हथौड़े की वजह से ही देवताओं से हार जाता है इसलिये अगर वह थोर का हथौड़ा चुरा लेगा तो वह आसगार्ड को आसानी से जीत सकता है। सो उसने थोर का हथौड़ा ही चुरा लिया।

उधर यह भी सच था कि बिना हथौड़े के आसगार्ड की रक्षा करना नामुमकिन था सो यह पता चलने पर कि हथौड़ा किसके पास है हथौड़ा उससे वापस मॉगा गया। हथौड़ा वापस करने की कीमत थी थ्राइमर की फ्रेया से शादी।

पर फ्रेया ने उससे शादी करने से बिल्कुल मना कर दिया था जिससे देवता लोग बहुत मुश्किल में पड़ गये। सो अब उनका आसगार्ड खतरे में था।

उनको तो अपने आसगार्ड को उन फ्रौस्ट जायन्ट्स से बचाना ही था इसलिये उन्होंने आपस में विचार किया कि अगर वे लोग फ्रेया को दुलहिन के रूप में थ्राइमर को नहीं दे सकते तो उसकी जगह कोई दूसरी दुलहिन दे दी जाये।

इस सलाह के अनुसार लोकी ने यह प्लान बनाया कि थोर खुद फ्रेया बन कर थ्राइमर[214] के पास जायेगा। वहाँ जा कर उससे शादी करेगा और फिर उससे अपना हथौड़ा वापस ले कर आ जायेगा।

इस प्लान के अनुसार थोर को यह सख्त हिदायत थी कि वह शादी की रस्म और उसकी दावत के समय बिल्कुल चुप रहे और एक शब्द भी न बोले क्योंकि उसकी भारी आवाज से थ्राइमर को तुरन्त ही पता चल जायेगा कि वह असली फ्रेया नहीं थी।

लोकी जो उसकी दासी बन कर जा रहा था वही उन दोनों के बीच में बात करता रहेगा।

थोर का रथ जोटुनहीम[215] में बड़ी शान से घुसा। बादल इधर उधर चक्कर काटते और गरजते मीलों नीचे चले गये थे। आग रथ

[214] Thrym – another name of Thrymer

[215] Jotunheim was the place where the Frost Giant Thrymer lived.

के रास्ते पर जलती जा रही थी और बिजली भी बराबर चमकती जा रही थी।

पर थ्राइमर को इस बात से न तो कोई डर था और न ही कोई परेशानी। वह तो आराम से अपने दावत वाले कमरे के सामने अपने दुष्ट चेहरे पर चालाकी की मुस्कुराहट लिये खड़ा था।

जब लोकी अपने रथ से उतरा तो थ्राइमर अपनी जल्दबाज़ी में सफेद कपड़ों में लिपटी हुई स्त्री को रथ से उतारने के लिये लोकी से टकरा गया।

राजा थ्राइमर ने अपनी बिना बोलती दुलहिन को रथ से नीचे उतारा और उसको दावत वाले कमरे के अन्दर ले गया – उसकी दुलहिन की पंखों वाली पोशाक के पंख हिल रहे थे, उसका चेहरा छिपाने वाला परदा तूफानी हवा में हिल रहा था। वह उसको बहुत सुन्दर लग रही थी।

लोकी को राजा थ्राइमर ने पीछे से फ्रेया के रथ को ठीक से खड़ा करने और फिर उनके पीछे आने के लिये वहीं छोड़ दिया था।

राजा थ्राइमर ने एक बहुत ही शानदार दावत का इन्तजाम किया हुआ था। दावत वाले कमरे में मेजों के ऊपर पन्द्रह बहुत बड़े बड़े बैलों का मॉस रखा हुआ था। लोकी को वहॉ ताजा सैमौन मछली की खुशबू भी आ रही थी।

जब सफेद मुर्गी के पंखों में लिपटी दुलहिन खाने की मेज पर बैठी तो वहाँ बैठे बड़े साइज़ के लोगों ने बहुत ज़ोर से ताली बजायी।

लोकी थोर के पीछे बैठा तो उसने चारों तरफ निगाह दौड़ा कर थोर के हथौड़े को देखने की कोशिश की पर उसको तो वह वहाँ कहीं दिखायी नहीं दिया।

शादी की दावत शुरू हो गयी। जैसे जैसे समय गुजरता जा रहा था लोकी का धीरज छूटता जा रहा था।

उधर थोर को लग रहा था कि उसके अपने मुँह बन्द रखने का सबसे अच्छा तरीका यही था कि वह अपने मुँह में खाना भरे रखा रहे। वह इतने बड़े बड़े कौर खा रहा था जो एक शर्मीली दुलहिन की बजाय एक बहुत बड़े देवता के खाने लायक थे।

यह देख कर लोकी ने उसको फुसफुसा कर चेतावनी दी कि उसको इतने बड़े बड़े कौर और इतना सारा खाना नहीं खाना चाहिये जबकि उसने खुद ने तब तक एक पूरा बैल खा लिया था। थोर बोला "हाँ हाँ ठीक है।"

दुलहिन बने थोर को इस तरह खाते देख कर वहाँ बैठे हुए मेहमान लोगों का अपना खाना रुक गया और वे सब भूखी दुलहिन की तरफ देखने लगे।

लोकी को यह सब देख कर बहुत शर्म महसूस हो रही थी कि थोर अब तक एक के बाद एक आठ बड़ी सैमौन मछलियॉ खा गया था।

जब थोर ने अपने लिये तीन बड़े बैरल[216] शराब मॅगवायी तो लोकी थ्राइमर से फुसफुसा कर बोला — "फ्रेया इस शादी से इतनी खुश थी कि उसने एक हफ्ते से एक कौर भी नहीं खाया है।"

थ्राइमर बोला — "शायद तुम ठीक कह रही हो क्योंकि इतना सारा खाना तो मैं भी नहीं खा सकता।"

फिर उसने फ्रेया का हाथ थपथपाया और खेल खेल में उसके चेहरे से उसका परदा उठाया। इस बीच थ्राइमर को उसकी नीली ऑखों की एक झलक देखने को मिल गयी।

उन नीली ऑखों की गहराइयों में बिजली की सी चमक थी सो उसको देख कर उसने तुरन्त ही उसके चेहरे का परदा गिरा दिया और कूद कर अपनी दुलहिन से कुछ दूर खिसक कर बैठ गया।

उसने लोकी से पूछा — "फ्रेया की ऑखें इतनी चमकीली क्यों हैं? वे तो बिल्कुल आग की तरह जल रही हैं।"

---

[216] Barrel is a measure pot, a hollow cylinderical container, which contains approximately 120 Liter fluid. It is mostly used to measure and store liqor. See its picture above.

लोकी ने उसको फिर से फ्रेया के पास बिठाते हुए और तसल्ली देते हुए कहा — "फ्रेया एक हफ्ते से सोयी नहीं है। तुम तो जानते ही हो कि ये नयी दुलहिनें किस तरह बेचैन होती हैं।"

लोकी ने थोर के टखने में अपना पैर मार कर उसको चेतावनी दी तो जवाब में बाहर बादल गरज उठे। खाने की उस लम्बी मेज के चारों तरफ जो लोग बैठे हुए थे वे सब दुलहिन की तरफ कुछ शक की निगाहों से देखने लगे।

थ्राइमर ने देखा कि उसके मेहमान कुछ परेशान हो रहे हैं तो वह उठ कर खड़ा हो गया और बोला — "लाओ हथौड़ा ले कर आओ। मैं फ्रेया के साथ शादी करने के लिये अब और नहीं रुक सकता।"

बाहर फिर बड़े ज़ोर से बिजली चमक उठी। लोकी ने देखा कि सफेद कपड़े के नीचे थोर की मॉस पेशियॉ खिंची जा रही थीं। नौकर थोर का हथौड़ा ले कर आ रहे थे। रस्मों के साथ उस हथौड़े को थोर की गोद में रख दिया गया।

जैसे ही थ्राइमर ने वह हथौड़ा थोर की गोद में रखा थोर अपना परदा फेंकते हुए अपनी सीट से उछल पड़ा और अपने हथौड़े को थ्राइमर को उससे मारने के लिये अपने सिर के चारों तरफ घुमाया।

इसको करने में उसकी सफेद पंखों वाली पोशाक उसके बड़े शरीर के चारों तरफ हवा में लहरा गयी और थ्राइमर का पूरा का पूरा घर उसकी नींव तक हिल गया।

उसके कुछ मेहमान चारों तरफ को लुढ़क गये और कुछ दरवाजे की तरफ भागे। गरज की आवाज और बिजली की चमक से उसके मकान के खम्भे टूट गये और उसके दावत वाले कमरे की छत चीखते हुए मेहमानों के ऊपर गिर पड़ी।

पास की एक पहाड़ी पर से लोकी ने देखा कि थोर ने थ्राइमर को एक शैड में फेंक दिया जहाँ वह उसके जौलनिर हथौड़े को चुराने के जुर्म में अपने फैसले का इन्तजार करता रहेगा।

फिर थोर उस जगह आया जहाँ लोकी थ्राइमर के उस दावत वाले कमरे के गिरने से बचने के लिये खड़ा था। लोकी ने थोर की तरफ देखा तो देखा कि उसकी शादी की पोशाक और पंखों से बनी पोशाक दोनों के टुकड़े टुकड़े हो चुके थे।

थोर उसके कानों पर मारने की धमकी देता हुआ बोला — "बस अब एक शब्द भी नहीं बोलना।"

लोकी बोला — "मैं तो सपना भी नहीं देखूँगा बोलना तो दूर। चलो घर चलें।"

19 फ्रेया और थोर का हथौड़ा[217]

थ्राइमर से थोर का हथौड़ा वापस लेने की एक और दंत कथा।

ओडिन के बार बार बुलाने पर फ्रेया आसगार्ड के बड़े कमरे के लकड़ी के दरवाजे से हो कर अन्दर जा पहुँची।

यह दरवाजा ओक के पेड़ की केवल एक लकड़ी से काट कर बनाया गया था जो तीस फीट ऊँची और दस फीट चौड़ी थी। इसके कब्जों[218] में से ज़रा सी भी आवाज बाहर नहीं आती थी।

यह कमरा बहुत पुराने पत्थरों के टुकड़ों से बना हुआ था जिसके अन्दर बहुत सारा खजाना भरा हुआ था – सोना, चॉदी और बहुत सारे कीमती पत्थर आदि आदि।

जब फ्रेया उस कमरे के अन्दर घुसी तो उसने सुना कि ओडिन[219] कह रहा था — "क्या? इस फ्रेया को उस फ्रौस्ट जायन्ट[220] को दे दो तो वह थोर का जौलनिर हथौड़ा[221] दे देगा? यह तुम क्या कह रहे हो लोकी? यह तो तुम कुछ ऐसा कर

---

[217] The Goddess and the Hammer of Thor – Taken from the Web Site : http://www.goddessfreya.info/stories/storyb10.htm
(compare to the story, Story No 7, "Jab Loki Aur Thor Stree Bane" in this book and the previous story "Thor Ki Shaadi")

[218] Translate for the word "Hinges" – see its picture above.

[219] Odin is the father of Thor.

[220] Frost Giant Thrymer

[221] Mjollnir Hammer of Thor – see its picture above.

रहे हो लोकी, जैसे किसी जानवर का एक हथौड़े से सौदा कर रहे हो?"

फ्रेया उस कमरे में अन्दर चली गयी। उसने अन्दर घुस कर दरवाजा बन्द किया और उस कमरे में देखा तो लोकी की वह आवाज सुनी।

लोकी कह रहा था — "हॉ, हम लोग फ्रेया को उस फ्रौस्ट जायन्ट को दे देंगे, उससे हथौड़ा ले लेंगे और फिर फ्रेया को उससे जितनी जल्दी हो सकेगा उतनी जल्दी छुड़ा लायेंगे।

यह बड़े साइज का आदमी तो बहुत ही बेवकूफ है जो हमसे एक दो हफ्ते से छिपा हुआ है। हालॉकि अगर मैं तुम्हारी जगह होता तो मैं तो यह बात फ्रेया को बताता ही नहीं।"

तभी थोर ने फ्रेया को अन्दर आते देख लिया तो उसके चेहरे का रंग उतर गया। फ्रेया ने आगे बढ़ कर गुस्से से लोकी के सिर के पीछे अपना हाथ मारा।

तीनों ने जो फ्रेया के खिलाफ साजिश कर रहे थे फ्रेया की तरफ देखा तो फ्रेया ने देखा कि थोर शर्मा रहा था। पिता और बेटा दोनों ही फ्रेया से ऑख नहीं मिला पा रहे थे।

फ्रेया ने ओडिन से पूछा कि वे तीनों उसके पीछे क्या साजिश कर रहे थे। ओडिन बोला — "फ्रेया, हम तुम्हारे पीछे तुम्हारे

खिलाफ कोई साजिश नहीं कर रहे थे। हम लोग तो वह जौलनिर हथौड़े को वापस लेने का प्लान बना रहे थे, बस।

तुमको तो मालूम ही है कि यह जौलनिर हथौड़ा फ्रौस्ट जायन्ट्स से बचने का सबसे मुख्य और अकेला हथियार है। और अनगार्ड[222] ने हमारा यह हथियार ले लिया है।

पर शायद तुमको यह पता नहीं है कि अनगार्ड फ्रौस्ट जायन्ट्स का सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा ताकतवर लड़ने वाला है। उसने तो उस हथौड़े को हमारे ऊपर इस्तेमाल करने के लिये भी सोच लिया है कि उसे कैसे इस्तेमाल करना है।

वह तो लोकी ने अपनी होशियारी से उससे सौदा कर लिया है वरना... । पर अब हमें तुम्हारी सहायता की जरूरत है फ्रेया।"

फ्रेया बोली — "और उसके लिये तुम लोग मुझे उसे दे रहे हो? मैं एक या दो हफ्ते तक उस अनगार्ड के ठंडे हाथों में रहूँगी जब तक तुम लोग मुझे उससे छुड़ाने का प्लान न बना लो।

तुम लोग मुझे अपने दुश्मन को दे दोगे क्योंकि तुम्हारा यह बच्चा अपने खिलौने ठीक से सँभाल कर नहीं रख सकता?"

यह कह कर उसने अपना हाथ गरज के देवता थोर[223] की छाती पर मारा और ओडिन से बोली — "भविष्य में, ओ ओडिन,

[222] Angard – pronounced as Angaard

[223] Thor, the God of Thunder, son of Odin and Freya (Frigga)

तुम अपने इस बच्चे को बोलो कि वह अपना हथौड़ा सँभाल कर रखा करे ताकि वह खोये नहीं।"

यह कह कर फ्रेया वहाँ से अपने घर फ़ौकवैंग[224] चली गयी। वह बहुत गुस्से में थी। घर जा कर वह अपने कमरे में चली गयी। उसने सोचा कि वह उस हथौड़े के बदले में दी जाने वाली चीज़ नहीं हो सकती थी।

तभी उसने देखा कि लोकी उसके कमरे में बैठा हुआ है। उसने लोकी से पूछा कि उसकी गैरहाजिरी में उसकी उसके अपने कमरे में आने की हिम्मत कैसे हुई?

"मैं तो यहाँ तुमसे यह पूछने आया था... नहीं नहीं, मैं तो केवल तुमसे यह प्रार्थना करने आया था कि...।"

कहते हुए वह घुटनों के बल बैठ गया और आगे बोला — "फ्रेया, तुम मेरी बात तो सुनो। अगर हम लोगों ने थोर का वह हथौड़ा उनसे वापस नहीं लिया तो वे हमारे आसगार्ड पर कब्जा कर लेंगे, हमको मारेंगे और हमारी स्त्रियों को तंग करेंगे। और हम उनको रोक भी नहीं पायेंगे।"

"पर मैं अनगार्ड के पास नहीं जाऊँगी।"

"ओह फ्रेया बिल्कुल नहीं। तुम यह सोच भी कैसे सकती हो कि मैं तुम्हारे लिये ऐसा कहूँगा? हम तुम्हारे साथ ऐसा कैसे होने दे सकते हैं?

[224] Folkvang where Freya lived

हम तो बस केवल इतना करेंगे कि अनगार्ड यह सोच ले कि तुम उसके पास जा रही हो और उसको धोखा दे कर उसके पास से वह हथौड़ा ले आयेंगे।"

फ्रेया ने जब यह सुना तो वह कुछ शान्त हुई। लोकी फिर बोला — "इस तरह से तुम आसगार्ड को बचा लोगी। फ्रेया, केवल तुम ही इसे बचा सकती हो। आसगार्ड को बचाने का और कोई तरीका नहीं है क्योंकि उसकी यही मॉग है।"

फ्रेया बोली — "ठीक है। मैं आसगार्ड को फ्रौस्ट जायन्ट्स से बचाने के लिये उस हथौड़े को वहॉ से लाने में तुम्हारी सहायता करने के लिये तैयार हूँ।"

फ्रेया को धन्यवाद देता हुआ वह धोखाधड़ी का देवता लोकी वहॉ से चल दिया। पर फिर वह दोबारा पलटा और बोला — "हम लोगों को आसगार्ड और जोटुनहीम[225] की हद तक पहुॅचने के लिये तीन दिन का सफर तय करना पड़ेगा।

अच्छा हो अगर तुम ठीक से कपड़े पहन कर चलो क्योंकि इससे जब हम अनगार्ड से बात करेंगे तो हम उसका ध्यान बॅटा सकेंगे।"

आखिर वे दोनों अपने अपने घोड़ों पर सवार हो कर आसगार्ड और जोटुनहीम की हद के पास तक पहॅुच गये। उस हद के दोनों तरफ दूर दूर तक कोई बस्ती नहीं थी।

---

[225] Asgard – pronounced as Aasgaard where gods live, and Jotunheim – where giants live.

फ्रेया ने सोच रखा था कि अगर अनगार्ड को वह ठीक से न सॅभाल पायी तो वह वहॉ से जल्दी ही वापस आ जायेगी। उसने लोकी से पूछा — "इस अनगार्ड से हम कब मिलेंगे, लोकी?"

लोकी बोला — "बहुत जल्दी। लेकिन उससे पहले मैं तुमको तैयार कर लूॅ। जैसा कि मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि मैं तुम्हारे हाथ एक रेशमी धागे से बॉध देता हूॅ। बस तैयार हो जाओ अनगार्ड आने ही वाला है।"

इतना कह कर लोकी ने एक तरफ को इशारा किया तो फ्रेया ने देखा कि अनगार्ड तो अभी कई मील दूर था पर वह बहुत जल्दी ही पास आ रहा था। उसको लगा कि वह कम से कम पचास फीट लम्बा तो होगा ही।

वह दूर से ऐसा लग रहा था जैसे कि बहुत ही ताकतवर बेरहम हो और बहुत ही ठंडा हो क्योंकि उसके शरीर की ठंडक अभी से फ्रेया को महसूस हो रही थी।

फ्रेया ने लोकी से पूछा — "क्या तुमको यकीन है कि मैं इस रेशमी धागे को जल्दी ही खोल पाऊॅगी?"

"यकीनन। बस अब तुम तैयार हो जाओ।" फ्रेया ने अपने हाथ बॅधवाने के लिये पीछे कर लिये।

हाथ बॉध कर लोकी ने उसको उसके कन्धे पकड़ कर उसको घुमा दिया और अपनी बेरहम और मजाक बनाने वाली हॅसी हॅस पड़ा। यह हॅसी फ्रेया के कानों में गूॅज गयी।

फिर उसने फ्रेया के ऊपर के कपड़े फाड़े तो फ्रेया ने पूछा "यह तुम क्या कर रहे हो लोकी?" फ्रेया ने अपने जादू को बुलाने की कोशिश की पर वह नहीं आया।

लोकी बोला — "अब जब तक तुम्हारे हाथ मेरे इस रेशमी धागे से बँधे हैं तुम्हारा कोई जादू तुम्हारे पास नहीं आयेगा।

और इससे भी बुरी बात यह है कि अब तुम यह रेशमी धागा अपने हाथों से हटा भी नहीं सकतीं चाहे यह तुमको कितना भी ढीला क्यों न लगे। तुम्हारा यह धागा तो अब तभी खुलेगा जब कोई दूसरा इसको खोलेगा।

और अगर तुम अपने आपको इस धागे से आजाद कराना चाहती हो तो पहले तुमको मुझे खुश करना पड़ेगा।"

इससे पहले कि लोकी फ्रेया के साथ कुछ बुरा बर्ताव करता फ्रेया ने अपने घुटने से उसको इतनी ज़ोर से मारा कि वह नीचे गिर पड़ा। फिर वह बहुत ज़ोर से चिल्लायी क्योंकि अनगार्ड पास आता जा रहा था।

अचानक फेया ने देखा कि पत्थर का वह हथौड़ा जो वह जायन्ट फ्रौस्ट अपनी पेटी से बाँधे हुए था जौलनिर हथौड़े का बड़ा रूप था और वह तो उसी का अपना ही हथौड़ा था।

वह लोकी से बोली — "ओ बेवकूफ, देख तो। उसने थोर के हथौड़े को ले कर उसे अपने साइज़ का कर लिया है। तुम जितना सोचते थे अनगार्ड उतना बेवकूफ नहीं है। उसके पास जौलनिर को

चलाने के लिये काफी जादू है। अब तुम मुझे खोल दो लोकी ताकि मैं हम दोनों की रक्षा कर सकूँ।"

उस धोखे के देवता ने आते हुए जायन्ट को देखा तो फ्रेया से कहा — "तुम अपना ध्यान उस अनगार्ड पर लगाये रखो ताकि वह आसगार्ड को कोई नुकसान न पहुँचाये। जब मैं आसगार्ड पहुँचूँगा तब मैं उस बेवकूफ ओडिन से कुछ और कह दूँगा।"

इतना कह कर वह अपने घोड़े पर चढ़ गया और फ्रेया को वहीं चिल्लाता छोड़ कर वहाँ से तेज़ी से भाग गया और फ्रेया उस जायन्ट का इन्तजार करती वहीं खड़ी रह गयी।

वह बहुत डर रही थी क्योंकि उसके पास उसका जादू भी नहीं था और अनगार्ड के पास इस समय सबसे ज़्यादा ताकतवर हथियार था।

किसी तरह से फ्रेया ने अपने शरीर को घुमा फिरा कर अपने दोनों बँधे हुए हाथ आगे कर लिये हालाँकि वे अभी भी बँधे हुए थे। तुरन्त ही कूद कर वह अपने वफादार घोड़े पर चढ़ गयी।

उसने म्यान में से अपनी तलवार निकाल ली और वह रेशम का धागा काटने की कोशिश की पर वह उसकी तलवार से भी नहीं कटा। अब उसको लगा कि लोकी सच कह रहा था कि वह खुद उस धागे को नहीं खोल सकती थी।

फिर उसने अपने घोड़े को दौड़ाने के लिये उसको एड़ लगायी कि तभी उसको लगा कि वह हथौड़ा उसके पीछे आ कर गिर पड़ा है पर ऐसा नहीं था।

जायन्ट फ्रौस्ट बोला — "ओ देवी, तुम वापस लौट आओ। तुम अब मेरी हो।"

फ्रेया ने अपने और उस जायन्ट फ्रौस्ट के बीच की दूरी का अन्दाजा लगाया और उसके हाथ में झूलते हुए हथौड़े की तरफ देखा तो वह जायन्ट तो फ्रेया को देखता का देखता ही रह गया।

बस मौके का फायदा उठा कर फ्रेया ने अपनी तलवार उसकी नाक की तरफ फेंक कर मारी। तलवार उसकी नाक पर जा कर लगी। उससे खून तो निकलने लगा पर उसको ज़्यादा चोट नहीं आयी।

जायन्ट ने वह तलवार अपनी नाक से निकाल कर वापस फ्रेया पर फेंक दी। बस फ्रेया तो इसी मौके की तलाश में थी। उसने वह तलवार अपने बॅधे हुए हाथों के उस रेशम के धागे पर ले ली और वह तलवार उस जादुई धागे को काट गयी। अब फ्रेया आज़ाद थी।

फ्रेया ने जायन्ट फ्रौस्ट को लोकी के उस जादुई धागे को काटने और उसको आजाद करने के लिये धन्यवाद दिया।

फ्रेया बोली — "हालॉकि तुम्हारा मुझे आजाद करने का कोई इरादा तो नहीं था लेकिन फिर भी तुमको मुझे आजाद करने के लिये

बहुत बहुत धन्यवाद... । और जब तुम मुझे यह जौलनिर हथौड़ा दे दोगे तभी मैं तुमको यहॉ से सही सलामत वापस जाने दूँगी।"

जायन्ट ने नीचे बर्फ में से हथौड़ा निकाला और फेया को मारने के लिये उसको हवा में घुमा कर फ्रेया की तरफ फेंक कर कहा — "मैं तुमको थोर का यह हथौड़ा दे दूँगा।"

तभी फ्रेया ने हाथ बढ़ा कर अपने जादू से एक जाल सा बुन दिया जिससे उस जायन्ट का हाथ जहॉ था वहीं का वहीं रुक गया।

वह बोली — "अनगार्ड, अगर मैं चाहूँ तो तुमको इसी तरह से जितनी देर तक चाहूँ उतनी देर तक खड़ा रख सकती हूँ। क्या बोलते हो?

क्या तुमको लग रहा है कि हथौड़ा तुम्हारे हाथ से फिसल रहा है? क्या तुमको मालूम है कि यह हथौड़ा जायन्ट्स के सिरों को तोड़ने के लिये ही बनाया गया था?"

अनगार्ड के ऊपर फ्रेया के जादू की कमजोरी छाती जा रही थी।

जब फ्रेया को विश्वास हो गया कि अब वह जायन्ट इतना कमजोर हो चुका है कि वह उससे हथौड़े का सौदा कर सकती थी तब वह बोली — "मैं तुमको तीन शर्तों पर छोड़ सकती हूँ।

पहली तो यह कि आजाद होने के बाद तुम मुझे बिल्कुल भी तंग नहीं करोगे और न ही कभी बदला लेने की कोशिश करोगे।

दूसरे तुम जौलनिर हथौड़े को उसके पुराने साइज में ला कर मुझे दोगे। और तीसरे तुम आसगार्ड और ओटुनहीम की हद पर बने लोकी के महल तक चलोगे और उसकी दीवार पर नौ पत्थर फेंक कर मारोगे ताकि उसका ताला टूट जाये।

अगर तुम वाईमीर के खून[226] की कसम खा कर इन तीनों कामों को करने का वायदा करो तो मैं तुमको अभी आजाद कर दूँगी और तुमको घर वापस जाने दूँगी। बोलो क्या तुम कसम खाते हो?"

बेचारा जायन्ट कॉपते होठों से बोला — "ओ सुन्दर फ्रेया, मैं कसम खाता हूँ कि तुमने जो भी तीन बातें कही हैं मैं वे सब पूरी करूँगा।"

यह सुन कर फ्रेया ने अपना जादू हटा लिया और अनगार्ड आजाद हो गया।

तभी उसने देखा कि अनगार्ड तो एक साधारण आदमी के साइज में आ गया है – केवल आठ फीट लम्बा। यह देख कर उसको बड़ा आश्चर्य हुआ। अनगार्ड ने उसको जौलनिर हथौड़ा दे दिया। वह हथौड़ा भी अब अपने पुराने साइज में आ गया था।

फ्रेया ने देखा कि अनगार्ड की नाक से अभी भी खून बह रहा था सो उसने उसकी नाक को अपनी एक उँगली से छुआ। उसी समय उसकी उँगली से एक हरी रोशनी निकली और उसकी नाक का घाव भर गया।

---

[226] Ymir

अनगार्ड बहुत ज़ोर से हॅसा और फ्रेया का हाथ पकड़ कर उसे बहुत ही कोमलता से चूम लिया। जब वह फ्रेया का हाथ चूम कर सीधा खड़ा हुआ तो उसने फ्रेया को ध्यान से देखा और उसको बहुत धन्यवाद दिया।

वह फिर अपने पचास फीट लम्बे रूप में आ गया और लोकी के महल की तरफ चल दिया। फ्रेया भी आसगार्ड चली आयी।

वहॉ आ कर वह हथौड़ा कीचड़ में फेंकते हुए थोर से बोली — "यह लो अपना हथियार।"

फिर वह ओडिन की तरफ देख कर बोली — "आगे से, ओ मेरे स्वामी, तुम मुझे गाय की तरह न समझो और न उसकी तरह मुझसे बर्ताव करो कि जब चाहे मुझे बाजार में बेच दो।"

यह सुन कर ओडिन ने अपनी ऑखें नीची कर लीं और फ्रेया वहॉ से चली गयी।

उसने अपने पीछे लोकी को कहते हुए सुना — "ओह, किसी ने पत्थर मार मार कर मेरा आधा महल गिरा दिया।"

यह सुन कर फ्रेया बहुत ज़ोर से हॅस दी और लोकी का पारा बहुत ऊपर चढ़ गया।

20 थोर की हार[227]

एक बार थोर का शराब पीने का मुकाबला रखा गया तो थोर ने सींग में भरी शराब में से तीन बड़े बड़े घूँट पिये थे पर वह वह सींग[228] खाली न कर सका और हार गया।

और यह भी उसका तीन कामों में से एक काम था जो उसने किया और उसमें भी वह हार गया।

दूसरे दो कामों में से एक था एक बिल्ले को उठाना – वह केवल उसका एक पंजा ही उठा सका। उसके बाकी तीन पंजे जमीन पर ही रहे। और दूसरा था एक बुढ़िया को हराना।

यह उसको बाद में पता चला कि वह सींग तो एक समुद्र से जुड़ा था जिसको उसने तीन घूँट में तीन अंगुल खाली कर दिया था। इसके अलावा वह बिल्ला तो दुनियाँ का सबसे बड़ा साँप था और वह बुढ़िया तो खुद ही बुढ़ापा थी वह उसको कैसे हरा सकता था।

[227] Read its full story in Tale No 3 of this book : “Loki, Thor and Skrymir”

[228] Translated for the word Horn – in olden days people used to drink from horns. See its picture above

इससे पहले थोर और उसके साथी उस बड़े साइज़ के आदमी[229] से जिसका नाम स्क्राइमीर[230] था किले के बाहर जंगल में मिल चुके थे।

जब वे लोग सफर पर निकले हुए थे तो स्क्राइमीर बीच में सो गया। सोते समय वह इतने जोर से खर्राटे ले रहा था कि थोर उनसे बहुत परेशान हो रहा था तो उसने उसको अपने हथौड़े से उसको तीन बार मारा पर किसी जादू की वजह से उसका वार हर बार चूक गया।

[229] Translated for the word Giant
[230] Skrymir Giant

21 नौर्न देवियाँ

नौरडिक लोक कथाओं में तीन नौर्न देवियाँ वे देवियाँ[231] हैं जो उर्ड नाम के कुँए के पास रहती हैं।

उनमें से एक देवी का नाम है उर्ड जो भूत काल के बारे में जानती है। दूसरी का नाम है वरडानी – यह वर्तमान के बारे में जानती है। तीसरी का नाम है स्कल्ड – यह भविष्य के बारे में जानती है।[232]

ये हमेशा ज़िन्दगी का धागा बुनती रहती हैं और देवताओं, जानवरों और आदमियों की किस्मत लिखती रहती हैं। जब भी कोई बच्चा पैदा होता है ये देवियाँ अपने उन धागों में उस बच्चे की किस्मत लिख देती हैं।

ये अपना दिन एक मुर्गे को यगड्रैसिल पेड़[233] के ऊपर रख कर शुरू करती हैं। जब यह मुर्गा बाँग देता है तो वह देवता हो या आदमी सबको जगाता है।

रोज ये देवियाँ उर्ड कुँए से पानी खींचती हैं और उसी पानी से यगड्रैसिल पेड़ को सींचती हैं। यह इस कुँए का ही पानी है जो इस पेड़ को हरा भरा रखता है।

[231] Norn Goddesses – Taken from the Web Site : http://en.wikipedia.org/wiki/Norns

[232] Three Norn goddesses who live near the Urd well – one is Urd, another is Verdani and the third is Skuld.

[233] Yggdrasil tree – grows in Asgard, in gods' country. Read about this tree later in this book

उन्हीं में से एक नौर्न "बदकिस्मती की देवी[234]" ने ह्रीडमार के बेटे अंडवारी[235] को शाप दे रखा था। इस शाप से वह एक मछली बन गया था और एक झरने के पानी में रहता था और उसी झरने के पानी में रहने वाली मछली खा कर ज़िन्दा रहता था।

बाद में जब लोकी ने उसको समुद्र की देवी रैन[236] के दिये हुए मछली पकड़ने वाले जाल में फॉस लिया तब वह अपने असली रूप में आ गया और अपना इकट्ठा किया हुआ सोना लोकी को दे कर एक पत्थर में घुस गया।

[234] Goddess of Misfortune

[235] Andvari was the son of Hriedmar

[236] Ran, the Godess of Sea

22 हैल[237]

नौरडिक लोगों में हैल एक ऐसी जगह है जहाँ लोग मरने के बाद जाते हैं। बलडूर[238] भी मरने के बाद वहीं रहता है।

ओडिन[239] एक बार जीते जी वहाँ गया था। जब उसके बेटे बलडूर को बुरे बुरे सपने आने लगे तो वह उसकी हद तक वहाँ इसलिये गया था कि वह यह पता कर सके कि उसके बेटे को वे बुरे बुरे सपने क्यों आ रहे थे।

एक बार एक राजा हैडिन्गुस[240] भी वहाँ जीते जी गया था। उसकी कहानी इस प्रकार है।

एक दिन राजा हैडिन्गुस शाम को खाना खा रहा था कि उससे मिलने के लिये एक स्त्री आयी जिसके पास एक पौधे के डंठल थे। उसने राजा से पूछा कि क्या वह जानता था कि वैसे ताजा पौधे जाड़े में कहाँ उगते थे।

राजा भी यह जानना चाहता था सो उस स्त्री ने अपना शाल उसके ऊपर डाला और उसको जमीन की तरफ खींचा और वे दोनों वहाँ से गायब हो गये।

---

[237] Hel – the name of the place where dead people live. This is not the same Hell as other religions have the Hell. Adapted from Wikipedia : http://en.wikipedia.org/wiki/Hel_(location)

[238] Baldur – the son of Odin and Freya

[239] Odin – father of Baldur

[240] Hadingus – the name of a King

वह स्त्री उसको हैल ले गयी थी। लोगों का कहना यह है कि वह उसको हैल इसलिये ले गयी थी क्योंकि देवता यह चाहते थे कि वह अपने ज़िन्दा रहते रहते ही यह देख ले कि वह मरने के बाद कहॉ जायेगा।

पहले दोनों एक बादलों वाले कोहरे वाले रास्ते पर चले फिर वे एक बहुत ही टूटे फूटे रास्ते पर चले जो शायद बहुत लोगों के चलने से ऐसा हो गया था।

कुछ देर के बाद उन्होंने कुछ लोग बहुत ही बढ़िया कपड़े पहने देखे और कुछ कुलीन लोग जामुनी रंग के कपड़े पहने देखे। उन सबको देखते देखते वे धूप वाली जगह आ गये। हैडिन्गुस ने देखा कि वह स्त्री जो डंडियॉ पकड़े थी वे डंडियॉ तो वहॉ पर बहुतायत से उग रही थीं।

दोनों और आगे चले तो वे एक नदी के पास आये जिसका पानी नीला और काले रंग का था। वहॉ वह पानी बहुत तेज़ बह रहा था। उसमें बहुत सारे छोटे छोटे पत्थर भी पड़े हुए थे और बहुत सारे हथियार भी उसमें पड़े हुए थे।

उस नदी पर एक पुल था। उन्होंने उसको पार किया तो पार करते ही उनको दो फौजें मिलीं। हैडिन्गुस ने उस स्त्री से पूछा कि क्या वह उनको जानती थी।

उस स्त्री ने उसे बताया कि वे वे लोग थे जो तलवार के मारने से मरे थे और यहाँ पर वे यह सब कर के अपने पुराने जन्म के कामों को दोहराते रहते हैं।

वहाँ से वे दोनों आगे बढ़े तो उनको एक दीवार दिखायी दी जिसको पार करने का रास्ता उनको नहीं मिला। वह स्त्री उस दीवार के ऊपर से कूदना चाहती थी पर अपने छरहरे बदन से भी वह उस दीवार को ऊपर से कूद कर पार नहीं कर सकी।

फिर उस स्त्री ने एक मुर्गे का सिर तोड़ा जो वह अपने साथ ले कर चल रही थी और उसको दीवार के उस पार फेंक दिया। उधर पहुँच कर मुर्गे ने तुरन्त ही बाँग दी जिसका मतलब था कि वह दीवार के उस पार गिरते ही तुरन्त ही ज़िन्दा हो गया था।

हैडिन्गुस भी अपनी पत्नी के पास वापस लौट आया था और आ कर उसने समुद्री डाकुओं के डर को खत्म कर दिया।

नौर्स देशों की दंत कथाऐं–तीसरा भाग

देवी देवताओं की चीज़ें — **23–29**

Yggdrasil Tree of Life

23 ओडिन की चीज़ें[241]

ओडिन नौर्स देश के लोगों का सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा अक्लमन्द देवता है। इसको यह अक्लमन्दी भारी कीमत दे कर मिली है।

अक्लमन्दी के पानी का एक कुँआ था मिमिर जो एक बड़े साइज़ के आदमी[242] मिमिर[243] के कब्जे में था। इसी कुँए की तली में सारी अक्लमन्दी रखी थी।

एक रात ओडिन ने अपना टोप पहना, अपना डंडा उठाया और मिमिर के पास जा कर पीने का पानी माँगा।

मिमिर ने अपने मेहमान को पहचान लिया क्योंकि वह तो उस कुँए का पानी पी कर खुद ही बहुत होशियार हो गया था। उसने भी चालाकी से उससे पानी लेने की कीमत माँगी।

ओडिन बोला — "माँगो जो तुम माँगते हो। मैं दूँगा।"

मिमिर बोला — "तब तुम अपनी इतनी दूर तक देखने वाली आँख इस कुँए में डाल दो। मुझे बस यही कीमत चाहिये इसकी।"

यह सुन कर ओडिन बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाया बल्कि बोला — "तुम मुझे एक बर्तन पूरा भर कर इसका पानी पीने दो और मैं तुमको अपनी आँख दे दूँगा।"

---

[241] This story shows that how Odin got his wisdom.

[242] Translated for the word "Giants"

[243] Mimir was a Giant. He was the caretaker of the well of the wisdom also named as Mimir.

मिमिर ने ओडिन का सींग उस कुँए के पानी से ऊपर तक भर दिया और ओडिन को देते हुए बोला — "लो, इस पानी को पियो और अक्लमन्द बन जाओ।"

ओडिन ने वह सींग पकड़ा और तुरन्त ही उसका सारा पानी पी गया। उस दिन से वह सबसे ज़्यादा अक्लमन्द देवता बन गया, सिवाय मिमिर के।

इसके अलावा ओडिन अमर है। दूसरे देवताओं को तो यह अमरत्व इडूना के बागीचे के सेब खा कर मिला है[244] पर ओडिन को इसके लिये भी बहुत मेहनत करनी पड़ी।

उसने अपने आपको अपने भाले से छेदा और नौ दिन तक यगड्रैसिल के पेड़[245] से लटका रहा। तब कहीं जा कर वह अमर हुआ। यहीं उसने नौ गीत सीखे और अठारह बहुत ताकतवर अक्षर सीखे।

ओडिन का सिंहासन

ओडिन का सिंहासन ह्लिड्सकाफ[246] सबसे ऊँचा है। इस सिंहासन के ऊपर बैठ कर वह अपने नौओं लोक देख सकता है।

---

[244] Read its Story No 6 "Loki and Iduna" in Part I of this book

[245] Yggdrasil- the Tree of Life. See its picture above.

[246] Hlidskjalf – Odin's throne

ओडिन ने यह सिंहासन लोकी के बलडूर को मारने के बाद लोकी को ढूँढने के लिये इस्तेमाल किया था।

ओडिन का भाला गंगनिर

ओडिन के पास एक भाला है जिसका नाम गंगनिर[247] है। यह यगड्रैसिल पेड़[248] की पवित्र राख से बना है। इस भाले के बनने के बाद ओडिन ने उसकी नोक पर एक पवित्र कविता लिख दी है।

इस भाले को इवाल्डी के बौने बेटे ड्वरजर ने मास्टर ड्वरजर ड्वालिन[249] की देखरेख में बनाया था।

इस भाले के बारे में यह भी कहा जाता है कि इसको कोई भी फेंके यह अपना निशाना कभी नहीं चूकता चाहे इसका फेंकने वाला ताकतवर हो या न हो या उसको भाला चलाना आता हो या न आता हो।

ओडिन की कमान

कहते हैं कि ओडिन के पास एक कमान भी है जिस पर वह दस तीर एक साथ चढ़ा सकता है और वे दस तीर अलग अलग निशानों पर जा कर लगते हैं।

---

[247] Gungnir – Odin’s lance or spear
[248] Yggdrasil is the Tree of Life
[249] It was built by dwarf son of Ivaldi, Dverger, under the supervision of Master Dverger Dvalin

ओडिन का स्लीपनिर घोड़ा

वह राज[250] जिसको आसगार्ड की दीवार बनाने का काम दिया जा रहा था और जिसने दीवार बनाने की बहुत बड़ी कीमत माँगी – सूरज, चाँद और फ्रेया।

तो उसके लिये देवताओं ने तो उसको मना ही कर दिया था कि हमें इस कीमत पर आसगार्ड की दीवार नहीं चाहिये पर लोकी ने दो ऐसी शर्तें लगा दी थीं जिससे उसको यकीन था कि वह राज यह दीवार समय पर नहीं बना पायेगा और फिर उसको कुछ नहीं मिलेगा।

पहली शर्त तो उसकी यह थी कि वह किसी दूसरे की सहायता नहीं लेगा और दूसरी शर्त यह थी कि वह दीवार तीन मौसमों में बन जानी चाहिये नहीं तो उसको कुछ नहीं मिलेगा।

वह राज इन दोनों शर्तों पर राजी हो गया पर उसने अपने घोड़े से सहायता लेने की आज्ञा माँगी। लोकी को उसके घोड़े के बारे में कुछ मालूम नहीं था उसने सोचा कि उसका घोड़ा दीवार बनाने में क्या सहायता करेगा सो वह इस बात पर राजी हो गया।

उस राज के घोड़े का नाम स्वाडिलफ़ारी[251] था। वह घोड़ा बहुत तेज़ था। वह उस राज से भी दोगुनी तेज़ी से काम करता था।

[250] Mason who builds buildings

[251] Svadilfari was the name of the horse of the mason who came to buid the wall of Asgard.

उस घोड़े की सहायता से वह राज तीन मौसमों से तीन दिन पहले ही वह दीवार बना लेने वाला था। देवताओं ने जब यह देखा तो उन्होंने लोकी से कहा कि अगर यह दीवार समय पर बन गयी तो वे लोकी को मार देंगे।

लोकी ने अपनी जान बचाने के लिये एक घोड़ी का रूप रखा और राज के घोड़े को भगा कर ले गया। राज का घोड़ा उस घोड़ी के पीछे रात भर भागता रहा और घोड़े के बिना राज की दीवार समय पर नहीं बनी और लोकी बच गया।

पर घोड़ी का रूप रखे लोकी के उस घोड़े का जो बच्चा हुआ वह एक आठ टॉग वाला घोड़ा था जो ओडिन[252] ने ले लिया। उसका नाम था स्लीपनिर[253]।

ओडिन की ड्रौपनिर ॲगूठी

लोकी की चुनौती पर दो बौनों, ब्रौक और ईट्री[254], ने इस ॲगूठी को बनाया था। यह ॲगूठी हर नवीं रात को अपने जैसी आठ ॲगूठियॉ बनाती है।

[252] Odin – a good Norse god
[253] Sleipnir – an 8-legged horse owned by Odin, the good god
[254] Brokk and Eitri – two dwarves – sons of Ivaldi, a blacksmith. He had a son named Dvalin also

ओडिन के दो भेड़िये

ओडिन के पास दो भेड़िये हैं – फ्रेकी और गेरी[255]। इनके दोनों के नामों का मतलब है लालची। ये दोनों भेड़िये हमेशा उसके साथ रहते हैं और अक्सर उसके पैरों के पास ही बैठे रहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि ओडिन उनको अपना सारा खाना दे देता है और खुद केवल शराब पी कर ही रह जाता है।

ओडिन के दो रैवन

ओडिन के पास दो रैवन भी हैं – हुगिन और मुनिन[256] जिनका मतलब होता है विचार और याद[257]। रैवन कौए जैसा एक पक्षी होता है। हर सुबह यह उनको दुनियाँ देखने के लिये बाहर भेज देता है और हर शाम ये लौट कर उसके कन्धों पर बैठ कर उसको दुनियाँ का हाल बताते हैं।

[255] Freiki and Geri – Odin's wolves.

[256] Huginn and Muninn – Odin's two ravens – see its picture above.

[257] Thought and memory

24 थोर की चीज़ें

थोर ओडिन और फ्रेया का बेटा है। थोर के पास तीन मुख्य हथियार हैं जो वह बड़े साइज के आदमियों[258] से लड़ने में इस्तेमाल करता है – उसका जौलनिर हथौड़ा, एक जादुई पेटी जो उसकी ताकत को दोगुना कर देती है और एक जोड़ी दस्ताने जिनसे वह अपना हथौड़ा उठाता है।

थोर का जौलनिर हथौड़ा

यह जौलनिर नाम का हथौड़ा लोकी ने दो बौने जुड़वाँ भाइयों ब्रौक और ईट्री से बनवाया था। इस हथौड़े की कई खासियत हैं कि –

1 यह हथौड़ा तीन सौ बिलियन हाथियों के बराबर भारी है।

2 इस हथौड़े को वह कितनी भी ज़ोर से फेंक सकता है।

3 इसके अलावा इसके सामने चाहे कोई कितनी भी ताकतवर चीज़ क्यों न हो वह हथौड़ा कभी भी अपने फेंकने वाले को निराश नहीं करेगा। उसको जिस पर चलाया गया है वह उसको मार कर ही वापस आयेगा।

4 इसके अलावा वह जिसको भी वह हथौड़ा मारेगा वह हथौड़ा अपना निशाना नहीं चूकेगा।

---

258 Translated for the word "Giant"

5 यह इतना दूर भी कभी नहीं जायेगा जहाँ से वह उसके हाथ में वापस न आ सके। अपना काम पूरा कर के वह उसके दाहिने हाथ में अपने आप ही वापस आ जायेगा।

6 इस हथौड़े से बिजली भी निकलती है।

7 इस हथौड़े को अगर वह चाहे तो अपने नीचे पहनने वाले कपड़े में भी रख सकता है।

8 इस हथौड़े की बस एक ही कमी थी कि उसका हैन्डिल बहुत छोटा है।[259]

थोर का रथ

थोर के पास एक रथ है जिसको दो बकरे खींचते हैं। थोर उन बकरों को कभी भी मार कर खा लेता है और फिर अगले दिन उनको ज़िन्दा भी कर लेता है। बस यह जरूरी है कि उनकी हड्डी सही सलामत रहनी चाहिये।

एक बार एक किसान के लड़के ने लोकी की सलाह पर उस हड्डी का रस चूस लिया था तो अगले दिन जब वह बकरा ज़िन्दा किया गया तो वह लँगड़ा था।[260]

[259] Read about “why this hammer is short” in “Loki and Dwarves” in the Part I of this book.
[260] Read this Story in Story No 3 “Loki, Thor and Skrymir” in Part I of this Book

25 फ्रे की चीज़ें

फ्रे ओडिन की पत्नी फ्रेया का भाई है। फ्रे के पास भी तीन जादुई चीज़ें हैं – एक जहाज़ है जिसका नाम है स्किडब्लैडनीर, दूसरा सूअर है जिसका नाम है गुलिनबर्सटी[261] और तीसरी एक तलवार थी जो अपने आप लड़ती थी।

यह तलवार उसने स्क्राइमीर[262] को दे दी थी जब उसने उसकी जान पहचान उसकी पत्नी जर्ड[263] से करायी थी।

फ्रे का गुलिनबर्सटी सूअर

यह चमकीले बालों वाला सूअर लोकी की चुनौती पर दो बोने भाई ब्रौक और ईट्री ने बनाया था।

[261] A ship named Skidbladnir, a boar Gulinbursti
[262] Skrymir who played a major role in his courtship with Gerd
[263] Gerd – wife of Frey

26 बलडूर की चीज़ें

बलडूर भी ओडिन और फ्रेया का बेटा है। बलडूर के बारे में उसकी मौत के अलावा और कोई ज़्यादा बात नहीं मिलती। इसकी कहानी इस पुस्तक के पहले भाग में दी गयी है।[264]

बलडूर का रिंगहौर्न जहाज़

बलडूर के पास रिंगहौर्न[265] नाम का एक जहाज़ है। कहते है कि बलडूर का यह रिंगहौर्न जहाज़ सब जहाज़ों में सबसे बड़ा है।

इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह जरूरत के मुताबिक छोटा बड़ा हो सकता है और इतना छोटा भी हो सकता है कि उस को जेब में भी रख लिया जाये।[266]

जब लोकी ने बलडूर को मरवा दिया था तो उसके शरीर को इसी जहाज़ में रख कर समुद्र में बहा दिया गया था।

[264] Read this story, Story No 9 “Loki Ne Baldur Ko Kaise Maaraa” in this Book.

[265] Ringhorn Ship

[266] It seems it is like Kuber or Raavan’s Pushpak Viman which is supposed to have similar qualities.

27 फ्रेया की चीज़ें

फ्रेया ओडिन की पत्नी है। उसके पास भी कुछ खास चीज़ें हैं। फ्रेया जादू भी जानती है। उसका जादू अनगार्ड पर दिखायी पड़ता है जब लोकी उसको थोर का हथौड़ा लाने के लिये ले कर जाता है।

फ्रेया का ब्रिसिंगमैन हार

फ्रेया के पास सोने का एक हार है जो ब्रिसिंगमैन हार[267] के नाम से मशहूर है। यह थोर के विरह में बहाए गये ऑसू जब सोना बन गये उस सोने का बना हुआ है।

फ्रेया के दो रथ

फ्रेया के पास दो रथ हैं। उसके एक रथ को एक सूअर खींचता है और दूसरे रथ को दो बिल्ले खींचते हैं। ये दो बिल्ले ओडिन ने ही उसको ला कर दिये थे।[268]

---

[267] Brissingman Necklace

[268] Read this story, Story No 15 “Freya’ Kaa Rath” in the Part II of this book.

फ्रेया का सूअर हिल्डीस्वीनी

फ्रेया का सूअर जिसके सुनहरी बाल हैं ब्रौक और ईट्री नाम के जुड़वॉ भाइयों ने लोकी की चुनौती पर बनाया था।

फ्रेया का पंखों का शाल

फ्रेया के पास एक पंखों का शाल है जिसको पहन कर वह कभी कभी उड़ती है।

उसने दो बार अपनी यह शाल लोकी को दिया था। एक बार "इडूना और जादू के सेब" वाली कहानी में जिसमें लोकी इडूना को छुड़ाने के लिये फाख्ता बन कर जाता है और दूसरी बार भी लोकी को "थोर के हथौड़े की चोरी" वाली कहानी में जब लोकी फ्रौस्ट जायन्ट से बात करने जाता है।

पर उसकी सबसे कीमती चीज़ है उसका ब्रिसिंगमैन हार।

28 यगड्रैसिल – ज़िन्दगी का पेड़[269]

यगड्रैसिल एक पेड़ है जो देवताओं के देश आसगार्ड के बीच में उगा हुआ है। यह ज़िन्दगी का पेड़ है और अमर है। इसकी शाखाऐं नौओं लोकों में फैली पड़ी हैं और स्वर्ग से भी ऊँची चली गयी हैं।

इस पेड़ की तीन बहुत बड़ी बड़ी जड़ें हैं। एक जड़ तो इसकी आसगार्ड में ही है। इसकी इस जड़ के पास ही उर्ड नाम का एक कुँआ[270] है। इसी कुँए के पानी से यह हरा भरा रहता है।

इसकी दूसरी जड़ नीचे जोटुनहीम[271] तक जाती है और इसकी इसी जड़ के पास मिमिर नाम का कुँआ[272] है। जिसकी रखवाली मिमिर नाम का एक बड़े साइज़ का आदमी करता है। ओडिन इसी कुँए से तीन घूँट अक्लमन्दी का पानी पी कर आया था और सबसे ज़्यादा अक्लमन्द देवता बन गया था।

---

[269] Yggdrasil, the Tree of Life. Taken from the Web Site : http://www.viking-mythology.com/yggdrasil.php

[270] Urd named well near its root in Asgard

[271] Jotunheim is below the Earth and there live Giants.

[272] Mimir named well which is is guarded by Mimir named Giant.

इसकी तीसरी जड़ नीचे निफ्लहीम तक जाती है। इस जड़ के पास ह्वरजैलमीर नाम का कुँआ[273] है। निफ्लहीम में मरे हुए लोग रहते हैं और लोकी की बेटी हीला[274] इस जगह की मालकिन है।

यगड्रैसिल की इस तीसरी जड़ के पास निडहौग नाम का एक ड्रैगन[275] रहता है। वह मरे हुए लोगों का खून पीता है।

यगड्रैसिल की चोटी पर एक गरुड़[276] रहता है। इस गरुड़ की इस पेड़ की जड़ में रहने वाले निडहौग नाम के ड्रैगन से बिल्कुल नहीं बनती और दोनों एक दूसरे के जानी दुश्मन हैं।

उधर एक नर गिलहरी रैटस्टोक[277] उन दोनों के बीच की इस लड़ाई को बनाये रखने के लिये बराबर उस पेड़ पर उसके ऊपर से ले कर नीचे तक चक्कर काटता रहता है।

जब भी कभी निडहौग गरुड़ को कोई गाली देता है या उसका अपमान करता है तो रैटस्टोक तुरन्त ऊपर भागता है और जा कर गरुड़ को बताता है कि निडहौग ने उसके लिये क्या कहा। और गरुड़ फिर उसको कुछ बुरा भला कहता है।

---

[273] Niflheim is the place for dead whose incharge is Loki's daughter Hela. Here is Hvergelmir named well where Nidhug named eagle lives.

[274] Read the story of Loki's children, Story No 4 "Loki's Children" in the Part I of this Book

[275] Nidhogg – is a m onster in the form of the dragon (or serpent) which gnawed at the roots of Yggdrasil tree and fed on corpses.

[276] Translated for the word "Eagle". His bame is Nidhag

[277] Ratastok – a male squirrel

गरुड़ भी कम नहीं है। वह भी तुरन्त ही निडहौग को बुरा भला कहता है तो रैटस्टोक नीचे आ कर उसे निडहौग को बताता है। इस तरह वह दोनों में लड़ाई की आग बराबर जगाये रखता है।

29 नौर्स लोगों में नम्बर

नौर्स लोगों में नम्बर **3** और नम्बर **9** की बहुत ही मुख्य जगह है। ये दोनों नम्बर और इनके किसी भी नम्बर से गुणा करने पर जो नम्बर आते हैं वे सभी नम्बर उन लोगों में अक्सर पाये जाते हैं।

नौर्स समाज की लोक कथाओं में बहुत सारी चीज़ें **3** हैं। यहॉ हम केवल कुछ तीन चीज़ों के नाम ही उदाहरण[278] के लिये दे रहे हैं –

1 बड़े साइज़ के आदमी ह्रंगनीर[279] का दिल तिकोना था और पत्थर का बना था।

2 ओडिन तीन भाई थे – ओडिन, विली और वे[280]।

3 ओडिन के पास तीन खास चीज़ें हैं – गंगनीर भाला, ड्रौपनिर नाम की सोने की ॲगूठी और एक आठ टॉग का घोड़ा स्लीपनिर[281]।

4 ओडिन ने "कविता का अमृत"[282] लेने के लिये उस बड़े साइज़ के आदमी मिमिर की स्त्री गनलोड[283] के साथ तीन रातें गुजारीं और

[278] These examples have been taken from Wikipedia, "Numbers in Norse Mythology". If you want to see more you may go to Wikipedia and read many of them there.
[279] Hringnir giant had his heart in triangle shape
[280] Vili (or Lodur) and Ve (or Hoenir) are Odin's two brothers
[281] Gungnir spear, Draupnir golden ring and 8-legged horse Sleepnir
[282] Mead of Poetry
[283] Gunlod was a giant woman with whom Odin spent 3 nights to get the Mead of Poetry.

इसके बदले में उसने ओडिन को तीन बर्तनों में से एक एक कर के तीन घूँट अमृत पीने दिया।

5 इवाल्डी के बौने बेटों ने देवताओं के लिये तीन चीज़ें बनायीं – एक तो फ्रे का स्किडब्लैडनीर जहाज़, दूसरे ओडिन का भाला और तीसरे सिफ़ के सुनहरी बाल[284]।

6 आसगार्ड की दीवार बनाने वाले राज[285] ने देवताओं से तीन चीज़ें माँगी थीं – सूरज, चाँद और फ्रेया से शादी।

7 लोकी ने राज को आसगार्ड की दीवार बनाने के लिये तीन मौसम का समय दिया था।

8 आसगार्ड की दीवार बनाने वाला राज भी नियत दिन से तीन दिन पहले ही आसगार्ड की दीवार बना कर तैयार कर लेने वाला था।

9 लोकी ने दो बौने भाइयों ब्रौक और ईट्री को चुनौती दी कि वे इवाल्डी के बेटों से अच्छी चीज़ें नहीं बना सकते तो उन्होंने उनसे भी अच्छी तीन चीज़ें बनायीं – एक तो फ्रे के लिये सूअर, दूसरी ओडिन के लिये सोने की अँगूठी और तीसरा थोर के लिये एक जौलनिर नाम का हथौड़ा।

10 थोर के पास तीन मुख्य हथियार हैं जो वह बड़े साइज़ के आदमियों से लड़ने के लिये इस्तेमाल करता है – उसका जौलनिर

[284] Ewaldi's dwarvs sons built three things for gods - Dkidbkadnir ship, spear of Odin and golden hair of Sif

[285] Translated for the word "Mason"

हथौड़ा, एक जादुई पेटी जो उसकी ताकत को दोगुना कर देती है और एक जोड़ी दस्ताने जिनसे वह अपना हथौड़ा उठाता है।

11 जब थोर, लोकी और किसान के दो बच्चे उट्गार्डर के किले[286] में रहने को लिये जगह माँगते हैं तो वह कहता है कि मेहमान को यहाँ ठहरने की जगह तभी मिल सकती जब वह कोई बहुत अच्छा काम कर के दिखायेगा।

इस समय उस किसान का बेटा थाल्फ़ी एक आदमी हूगी के साथ दौड़ लगाता है[287]। थाल्फ़ी ने हूगी के साथ तीन बार दौड़ लगायी और तीनों बार हार गया।

12 एक बार थोर ने उट्गार्डर लोकी से शराब पीने का मुकाबला

रखा तो थोर ने शराब के सींग में से तीन बड़े बड़े घूँट पिये थे पर फिर वह हार गया क्योंकि वह उस सींग[288] में पड़ी शराब को पूरी न पी सका और सींग को खाली न कर सका।

और यह उसका उन तीन कामों में से एक काम था जो उसने किया और उसमें वह हार गया।

उसके दूसरे दो कामों में थे एक तो एक बिल्ले को उठाना – वह केवल उसका एक पंजा ही उठा सका उसके बाकी तीन पंजे जमीन

[286] The Castle of Utgarder

[287] Read this story, Story No 3, "Loki, Thor and Skrymir" in Part I of this Book

[288] Translated for the word Horn – in olden days people used to drink from horns. See the picture.

पर ही रहे। और दूसरा था एक बुढ़िया को लड़ाई में हराना। वह उसको भी नहीं हरा सका।

यह उसको बाद में पता चला कि वह सींग तो एक समुद्र से जुड़ा था जिसको उसने तीन घूँट में तीन अंगुल खाली कर दिया था। इसके अलावा वह बिल्ला तो दुनियाँ का सबसे बड़ा साँप जोरमन्गैन्डर था और वह बुढ़िया तो खुद ही बुढ़ापा थी।[289]

इससे पहले थोर और उसके साथी उस बड़े साइज के आदमी[290] से जिसका नाम स्काइमीर[291] था किले के बाहर जंगल में मिल चुके थे।

जब वे लोग सफर पर निकले हुए थे तो स्काइमीर बीच में सो गया। सोते समय वह इतने ज़ोर से खर्राटे ले रहा था कि थोर उसके खर्राटों से बहुत परेशान हो रहा था तो उसने उसको अपने हथौड़े से तीन बार मारा पर किसी जादू की वजह से हर बार उसका वार चूक गया।

स्काइमीर भी तीनों बार ही जाग गया।

13 एक बार थोर का हथौड़ा खो गया। उसके बिना वह अपने आपको बहुत असुरक्षित महसूस कर रहा था सो उसको वापस लेना जरूरी था। लोकी ने पता लगाया कि वह थ्राइमर[292] के पास था।

---

[289] Read this story, Story No 3, "Loki, Thor and Skrymir" in Part I of this Book
[290] Translated for the word Giant
[291] Skrymir Giant
[292] Thrymir

पर वह उसको लौटाने के लिये फ्रेया को अपनी पत्नी के रूप में मॉग रहा था। फ्रेया के मना करने पर लोकी थोर को फ्रेया के रूप में सजा कर वहॉ ले जाता है। थोर वहॉ पर तीन बैरल शराब पीता है।

14 फ्रे के पास भी तीन जादुई चीजें हैं – एक जहाज़ जिसका नाम था स्किडब्लैडनीर, दूसरा उसका सूअर गुलिनबर्सटी[293] और एक तलवार जो अपने आप लड़ती थी। यह तलवार उसने स्किमीर[294] को दे दी थी जब उसने उसकी जान पहचान जर्ड[295] से करायी थी।

15 फ्रेया के पास तीन सुन्दर चीज़ें हैं – एक तो उसका बहुत कीमती हार ब्रिसिंगमैन[296], दूसरा पंखों का एक शाल जिसको ओढ़ कर वह कोई भी चिड़िया बन सकती थी और तीसरा एक रथ जिसको दो बड़े बिल्ले खींचते थे।[297]

16 फ्रेया की तीन दासियॉ हैं – फुल्ला, ग्ना और ह्लीन[298]।

17 जब लोकी फ्रेया को ले कर फ्रोस्ट जायन्ट के पास थोर का हथौड़ा लेने जाता है तो वे तीन दिनों में आसगार्ड और जोटुनहीम की हद तक पहॅुचते हैं।

[293] A ship named Skidbladnir, a boar Gulinbursti
[294] Skimir who played a major role in his courtship with Gerd
[295] Gerd – wife of Frey
[296] Brisingamen necklace
[297] Read this story No 15 “Freya Ka Rath” in this book
[298] Fulla, Gna and Hlin – 3 handmaidens of Freya

18 फ्रोस्ट जायन्ट के पास पहुँचने पर फ्रेया उसको जादू से बहुत कमजोर कर देती है ओर उससे कहती है — "मैं तुमको तीन शर्तों पर छोड़ सकती हूँ।

पहली तो यह कि आजाद होने के बाद तुम मुझे बिल्कुल भी तंग नहीं करोगे और न ही कभी बदला लेने की कोशिश करोगे। दूसरे यह कि तुम जौलनिर हथौड़े को उसके पुराने साइज में ला कर मुझे दोगे। और तीसरे तुम आसगार्ड और ओटुनहीम की हद पर बने लोकी के महल तक चलोगे और उसकी दीवार पर नौ पत्थर फेंक कर मारोगे ताकि उसका ताला टूट जाये।

19 रैगनारौक से पहले तीन बहुत कड़े जाड़े आयेंगे जिनके बीच में कोई गर्मी नहीं होगी।

20 रैगनारोक से पहले तीन ऐसी घटनाएँ होंगी जो रैगनारौक को जन्म देंगी – लोकी के तीन राक्षस बच्चे, बलडूर की हत्या और हत्या की वजह से लोकी को सजा और तीन बहुत कड़े जाड़े।

21 रैगनारौक के शुरू में मुर्गा तीन बार बॉग देगा – गुलिनकाम्बी बॉग देवताओं के लिये, फ़लाज़ार बॉग बड़े साइज़ के लोगों[299] के लिये और एक बिना नाम की बॉग मरे हुए लोगों के लिये।

22 रैगनारौक के बाद ओडिन के तीन बेटे ज़िन्दा रहेंगे – विडार, बलडूर और होडूर[300]।

---

[299] Translated for the word "Giants". Gulinkambi crow for gods, Falazar crow for Giants.

[300] Vidar, Baldur and Hodur – three sons of Odin

23 फ़ैनरिर भेड़िया[301] तीन बेड़ियों से बॉधा जायेगा – लोइडिंग, ड्रोमी और ग्लीपनिर[302]।

24 लोकी अपने ही बेटे की ऑतों से तीन जगहों पर बॉधा जायेगा और वे ऑतें तीन सीधी खड़ी चट्टानों में बने छेदों में से हो कर जायेंगी। एक तो उसके कन्धों के नीचे से जायेगी, दूसरी उसके जॉघों पर से जायेगी और तीसरी उसके घुटनों के पीछे से जायेगी।

25 इन्द्रधनुषी पुल[303] में तीन रंग हैं और इस पुल के नाम भी तीन हैं – बाइफ्रौस्ट, अस्ब्रू और बिलरौस्ट[304]।

26 इस इन्द्रधनुषी पुल के चौकीदार हीमडैलर[305] के पास तीन खास ताकतें हैं – इसको चिड़िया से भी कम नींद की जरूरत होती है, यह रात को भी सौ लीग से भी ज़्यादा दूर तक देख सकता है और धरती पर उगती हुई घास को भी सुन सकता है।

27 गुलवीग[306] तीन बार जलायी जाती है और तीनों बार ही दोबारा पैदा हो जाती है।

28 उप्पसला के मन्दिर[307] में तीन मूर्तियॉ हैं – थोर की, ओडिन की और फ्रे की।

---

[301] Fenrir wolf is the son of Loki

[302] Loeding, Dromi and Gleipnir

[303] Bifrost Bridge or Rainbow Bridge – this bridge joins Asgard to Earth

[304] Bifrost, Asbru and Bilrost

[305] Heimdaller – the guard at the Bifrost Bridge

[306] Gullveig – a being speared by Aesir gods

[307] Temple at Uppasala - religious center in the ancient Norse religion once located at what is now Gamla Uppsala (in Swedish "Old Uppsala"),

29 हीडमर के तीन बेटे हैं – रेजिन, अंडवारी और ओटर[308]

30 यगड्रैसिल पेड़, जो ज़िन्दगी का पेड़ आसगार्ड में है उसकी तीन जड़ें हैं। एक आसगार्ड में, दूसरी जोटुनहीम में और तीसरी निफ्लहीम में।

31 इनके यहाँ तीन नौर्न देवियाँ हैं जो तीन समयों – भूत, वर्तमान और भविष्य का हाल बताती हैं और सबकी तकदीर लिखती हैं। एक बार ओडिन देवी इडूना का पता पूछने के लिये इनके पास गया था। तब इन्होंने बताया था कि वह कहाँ है और क्योंकि लोकी ने ही उसको धोखा दे कर पकड़वाया था इसलिये वही उसको ला भी सकता था।

इसी समय जब लोकी इडूना को थियासी के किले से वापस ला रहा था तो थियासी ने उन दोनों का तीन दिन और तीन रात तक पीछा किया।

इनकी बहुत सारी कहानियाँ इस पुस्तक के पहले भाग में दी गयी हैं।

नम्बर तीन तो बहुत सारे समाजों में अपनी एक अलग जगह बनाये हुए है पर नौरडिक लोगों में नौ नम्बर का भी बड़ा महत्व है।

1 नौरडिक लोगों में नौ लोक या दुनियाँ हैं।

2 हैल इन नौ दुनियाओं में से नवीं दुनियाँ है।

---

[308] Hreidmer has three sons - Regin, Andavari and Oter

3 रैन जो समुद्र की देवी है उसकी नौ बेटियॉ है जो लहरों के रूप में हैं।

4 सिनमारा लैवैटीन नाम का हथियार जिस आलमारी में रखता है उसमें नौ मजबूत ताले लगे हैं।[309]

5 जब लोकी फ्रेया को ले कर जोटुनहीम के जायन्ट फ्रौस्ट के पास थोर का हथौड़ा लेने जाता है तो वह फ्रेया को धोखा दे कर वहीं छोड़ कर वहॉ से चला आता है। बाद में फ्रेया जायन्ट फ्रौस्ट से लोकी के महल पर नौ पत्थर फिंकवा कर उसका महल तुड़वाती है। यह कहानी भी इसी पुस्तक के दूसरे भाग में दी गयी है – "फ्रेया और थोर का हथौड़ा"।

6 थोर ने मिमिर कुॅए के पास उसका पानी पीने के लिये नौ दिन और नौ रातें गुजारी थीं।

7 थोर यगड्रैसिल के पेड़ से नौ दिन और नौ रात लटका रहा तब कहीं जा कर वह अमर हुआ था।

8 यहीं उसने नौ गीत सीखे और अठारह बहुत ताकतवर अक्षर सीखे।

9 इसी तरह थोर ने एक बार फ्रेया के साथ भी नौ दिन और नौ रातें ही गुजारी थीं।[310]

---

[309] Adapted from the Web Site : http://en.wikipedia.org/wiki/Loki

[310] Read the story "Freya's Tears" in this book, Part II.

Films Etc on Norse Gods

There is a special information about Loki – that what he has been depicted in modern movies, he is not that, he is Thor's step-uncle – because Loki is Odin's step-brother; and Thor is Odin's son.

1966 – Mighty Thor – (TV Series)
1994 – The Mask – A movie with Jim Carrey, in which he finds a mask of Loki – a grinning, magically-powered trickster uninhibited by anything, including physical reality.
It was one of the top 10 moneymaking film of the year. Based on Dark Horse comics.
1996 – Bad Moon aka Thor –

2009 – Thor – (Short)
2011 – Thor (Movie)
2011 – Almighty Thor – (TV Movie)
2011 – Thor : Tales of Asgard – (Video)
2011 – Thor : God of Thunder – (Video Game)

2012 – Avengers
2013 – Thor: the dark World (Sequel of 2011 movie "Thor")
2013 - Thor in the Playroom – (Video)
2017 – Thor: Ragnarok – (Sequel of 2011 and 2013 movies – "Thor", and "Thor: the dark world")

Loki appears in
--Marvel Comics
--in the 1975 fantasy novel *Eight Days of Luke* by Diana Wynne Jones.
--a central character in Neil Gaiman's novel *American Gods*.
--in comic *The Sandman*.
--in Joanne Harris books *Runemarks* (2007), *Runelight* (2011) and the *Gospel of Loki*
--Loki appeared in *Son of the Mask*, as the god of mischief, Loki, whom Odin has ordered to find the Mask.
--Loki also appears in the online arena combat game, *Smite* by HiRez Studios, along with other Norse, Hindu, Mayan, Greek, Egyptian and Chinese deities. Smite players can choose to be Loki who is labeled fighting style is assassin.

Some Websites to read about Norse Mythology --

1. http://www.goddessfreya.info/stories/storyb4.htm
2. http://www.viking-mythology.com/
3. http://www.norsemyth.org/2013/05/norse-mythology-in-popular-culture.html
4. http://www.pantheon.org/areas/mythology/europe/norse/articles.html
5. http://www.godchecker.com/pantheon/norse-mythology.php
6. http://www.mythologydictionary.com/norse-mythology.html

देश विदेश की लोक कथाओं की सीरीज़ में प्रकाशित पुस्तकें —

इस कड़ी में 100 से भी अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तक सूची की पूरी जानकारी के लिये लिखें — hindifolktales@gmail.com

नीचे लिखी हुई पुस्तकें हिन्दी ब्रेल में संसार भर में उन सबको निःशुल्क उपलब्ध है जो हिन्दी ब्रेल पढ़ सकते हैं।

1 नाइजीरिया की लोक कथाऐं–1
2 नाइजीरिया की लोक कथाऐं–2
3 इथियोपिया की लोक कथाऐं–1
4 रैवन की लोक कथाऐं–1

नीचे लिखी हुई पुस्तकें हार्ड कापी में बाजार में उपलब्ध हैं।

1 रैवन की लोक कथाऐं–1 — भोपाल, इन्द्रा पब्लिशिंग हाउस, 2016
2 इथियोपिया की लोक कथाऐं–1 — देहली, प्रभात प्रकाशन, 2017, 120 पृष्ठ
3 इथियोपिया की लोक कथाऐं–2 — देहली, प्रभात प्रकाशन, 2017, 120 पृष्ठ
4 शीबा की रानी मकेडा — देहली, प्रभात प्रकाशन, 2019, 160 पृष्ठ
5 राजा सोलोमन — देहली, प्रभात प्रकाशन, 2019, 144 पृष्ठ
6 रैवन की लोक कथाऐं — देहली, प्रभात प्रकाशन, 2020, 176 पृष्ठ
7 बंगाल की लोक कथाऐं — देहली, नेशनल बुक ट्रस्ट, 2020, 213 पृष्ठ

Facebook Group
https://www.facebook.com/groups/hindifolktales/?ref=bookmarks

Updated in 2022

लेखिका के बारे में

सुषमा गुप्ता का जन्म उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर में सन् **1943** में हुआ था। आगरा विश्वविद्यालय से समाज शास्त्र और अर्थ शास्त्र में ऐम ए किया और फिर मेरठ विश्वविद्यालय से बी ऐड किया। उसके बाद **1976** में भारत से नाइजीरिया पहुँच कर यूनिवर्सिटी औफ़ इबादान से लाइब्रेरी साइन्स में ऐम ऐल ऐस कर के एक थियोलोजीकल कौलिज में **10** वर्षों तक लाइब्रेरियन का कार्य किया। उसके बाद इथियोपिया की एडिस अबाबा यूनिवर्सिटी के इन्स्टीट्यूट औफ़ इथियोपियन स्टडीज़ की लाइब्रेरी में **3** साल कार्य किया। तत्पश्चात दक्षिणी अफ्रीका के एक देश लिसोठो की नेशनल यूनिवर्सिटी में इन्स्टीट्यूट औफ़ सदर्न अफ्रीकन स्टडीज़ में **1** साल कार्य करने का अवसर मिला।

तत्पश्चात **1995** में यू ऐस ए से फिर से मास्टर औफ़ लाइब्रेरी ऐंड इनफौर्मेशन साइन्स कर के **4** साल एक ओटोमोटिव इन्डस्ट्री एक्शन ग्रुप के पुस्तकालय में कार्य किया।

1998 में सेवा निवृत्ति के पश्चात अपनी एक वेब साइट बनायी – www.sushmajee.com। तब से ये उसी वेब साइट पर काम कर रहीं हैं। उस वेब साइट में हिन्दू धर्म के साथ साथ बच्चों के लिये भी काफी सामग्री है।

भिन्न भिन्न देशों में रहने से इनको अपने कार्यकाल में वहाँ की बहुत सारी लोक कथाओं को जानने का अवसर मिला – कुछ पढ़ने से, कुछ लोगों से सुनने से और कुछ ऐसे साधनों से जो केवल इन्हीं को उपलब्ध थे। उन सबको देख कर इनको ऐसा लगा कि ये लोक कथाऐं हिन्दी जानने वाले बच्चों और हिन्दी में रिसर्च करने वालों को तो कभी उपलब्ध ही नहीं हो पायेंगी – हिन्दी की तो बात ही अलग है अंग्रेजी में भी नहीं मिल पायेंगीं।

इसलिये इन्होंने न्यूनतम हिन्दी पढ़ने वालों को ध्यान में रखते हुए उन लोक कथाओं को हिन्दी में लिखना प्रारम्भ किया। इन लोक कथाओं में अफ्रीका, एशिया और दक्षिणी अमेरिका के देशों की लोक कथाओं पर अधिक ध्यान दिया गया है पर उत्तरी अमेरिका और यूरोप के देशों की भी कुछ लोक कथाऐं सम्मिलित कर ली गयी हैं।

अभी तक **2500** से अधिक लोक कथाऐं हिन्दी में लिखी जा चुकी है। इनको "देश विदेश की लोक कथाऐं" और "लोक कथाओं की क्लासिक पुस्तकें" क्रम में प्रकाशित करने का प्रयास किया जा रहा है। आशा है कि इस प्रकाशन के माध्यम से हम इन लोक कथाओं को जन जन तक पहुँचा सकेंगे।

विंडसर, कैनेडा
2022